महेंद्र सिंह धोनी की पर आइपीएस ... पेज 12 पर

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 04 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 16 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-60 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल छुट्टी पर, अजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी। उनके अवकाश पर रहने की स्थिति में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### पलामू व गढ़वा जिले में पांच ने निगला जहरीला पदार्थ, गंभीर

**मेदिनीनगर।** पलामू व गढ़वा जिले में अलग-अलग स्थानों पर पांच व्यक्तियों ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। इनमें से तीन की गंभीर स्थिति को देखते हुये इन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम खामडीह निवासी महेश चंद्रवंशी के पुत्र धीरज चंद्रवंशी ने गुरुवार की रात घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। धीरज को मेदिनीनगर से रांची रेफर कर दिया गया है। इसी तरह पड़वा थाना क्षेत्र निवासी विषाक्त पदार्थ का सेवन करने वाली कुसुम सिंह को भी एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। एक अन्य घटना में गढ़वा जिले के निवासी सहवाज चौधरी की पुत्री खुशबु कुमारी ने भी घरेलू विवाद से तंग आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर अवस्था में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल से मेदिनीनगर लाया गया। जहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इसी क्रम में चिकित्सकों ने बताया कि जहरीला पदार्थ का सेवन करने वाले दो अन्य लोगों को भी मेदिनीनगर सदर अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किया गया है। मेदिनीनगर शहर थाना के एसआई अनिल कुमार सिंह सदर अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गये हैं।

### पीएलएफआई के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में शुक्रवार को छापेमारी की। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान बिहार के रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित और शेष पृष्ठ 11 पर

पलामू में 10 फरवरी से प्रस्तावित है धीरेंद्र शास्त्री का दरबार

## बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर 18 को पुनः सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू में बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के 10 फरवरी से प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर 18 दिसंबर को हाई कोर्ट में पुनः सुनवाई होगी। प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजिका अरुणा शंकर ने बताया कि बागेश्वर बाबा के 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक मेदिनीनगर के खनवा नदी तट पर प्रस्तावित कार्यक्रम को अचानक उपायुक्त पलामू द्वारा नदी में पॉल्यूशन होने की संभावना को बताते हुए स्थगित कर दिया गया था। इस पर समिति ने अब स्थान परिवर्तित करते हुये 10 से 15 फरवरी 2024 के बीच नदी तट से दूर निजी भूमि पर गढ़वा-डालटनगंज मार्ग पर चैनपुर प्रखंड के औरनार गांव में कराने की सहमति बागेश्वर धाम से प्राप्त कर ली है। जिला प्रशासन द्वारा अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण समिति उच्च न्यायालय के शरण में गई है। 15 तारीख को प्रकरण सुनने के बाद न्यायालय द्वारा 18 तारीख को दोबारा सुनवाई का निर्णय लिया गया है।

ग्रुप डी के लिये स्नातक व परास्नातक भी लाइन में

## पलामू में बेरोजगारी अपरंपार, 60 पदों पर आवेदन 15 हजार

**अखिलेश चौबे**



**मेदिनीनगर।** तमाम बहुमूल्य भू-संपदाओं से परिपूर्ण पलामू में बेरोजगारी चरम पर है। स्थिति यह है कि जिले के सुदूर अंचलों में जहां रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर युवाओं का पलायन जोरों पर है। वहीं पढ़े-लिखे बेरोजगारों का हाल यह कि कचहरी में ग्रुप डी के 60 पदों के लिये हो रहे साक्षात्कार में आवेदन करने वालों में 15 हजार युवाओं को बुलाया गया है। 10 दिसंबर से शुरू होने वाले साक्षात्कार में निर्धारित अर्हता इंटर, हाईस्कूल व कक्षा आठवीं के सापेक्ष स्नातक व परास्नातक उत्तीर्ण उम्मीदवार भी कतार में खड़े हैं। इन दिनों मेदिनीनगर कचहरी परिसर में चपरासी, सफाई कर्मी आदि ग्रुप डी पदों के लिये साक्षात्कार चल रहा है। प्रतिदिन सुबह जिले के सुदूर अंचलों से भारी संख्या में अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिये आ रहे हैं। जपला से आई नेहा, पांकी की श्वेता, हुसैनाबाद से साथ आये अभिभावक दिवाकर चौधरी आदि ने बताया कि इस समय सरकारी तो दूर निजी क्षेत्र में बहुत भाग्य वाले को ही अवसर मिल रहा है। लोकसभा चुनाव नजदीक है। केंद्र में सत्ताधारी दल विकसित भारत संकल्प यात्रा व प्रदेश में सत्तासीन दल आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के माध्यम से अपनी-अपनी उपलब्धियों का जमकर ढिंढोरा पीट रहीं हैं, किंतु यह विडंबना है कि मूल समस्या बेरोजगारी पर किसी भी दल का फोकस नहीं है।

### स्क्रूटनी के बाद साक्षात्कार का बुलावा

कचहरी परिसर में अभ्यर्थियों के प्रपत्रों की जांच कर रहे सिरिसदार शहादत हुसैन खां ने बताया कि आवेदन तो और अधिक आये थे। गहन जांच के बाद उनमें से 15 हजार को ही साक्षात्कार के लिये बुलाया गया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले, अबुआ आवास योजना के तहत देंगे तीन कमरों का आवास- कहा

# ऐसा कोई घर नहीं, जहां न पहुंची हो योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खूंटी के इस पावन भूमि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातु से हुआ था। वर्ष 2022 में भी इसका आयोजन किया गया और अब 2023 में तीसरे चरण के तहत राज्य के सभी पंचायत और गांव में इसका आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत है। इसके बिना जीवन यापन मुश्किल है लेकिन झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से पूर्व आखिर ऐसा क्या कार्य हुआ था कि ये विगत दो चरणों में हमें समस्याओं के लाखों आवेदन प्राप्त हुए। बुजुर्गों, दिव्यांगों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं सभी की अपनी-अपनी समस्याएं थी। इससे प्रतीत हुआ कि पूर्व में प्रखंड में कार्यरत पदाधिकारी और कर्मी एवं जिला मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों ने कभी गांव-पंचायत का रुख नहीं किया और न ही पूर्व में इन समस्याओं को दूर करने के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई लेकिन आज अर्हता प्राप्त सभी जरूरतमंदों को राज्य सरकार पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य है। सभी जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार आने वाले समय में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ऐसा कोई घर नहीं जहां सरकार की योजना का लाभ नहीं मिला हो। अब स्थिति बदल गई है। पदाधिकारी और कर्मी अब पूरे ब्लॉक ऑफिस के संसाधनों के साथ आपके द्वार पर बैठे हुए हैं। अब हाथों-हाथ आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, साइकिल वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए आपको ब्लॉक या जिला कार्यालय जाने की जरूरत न पड़े। इसलिए इन्हें आपके द्वार में बैठा दिया है। यदि इस कार्य में कोई भी बिचौलिया सामने आता है, तो इसकी जानकारी दें। उस पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब परिवार की सभी बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। 12वीं के बाद भी उच्च शिक्षा में सरकार झारखंड की बेटियों को आर्थिक सहयोग करेगी। बेटियां सिर्फ डिग्री नही लेंगी, बल्कि इससे आगे इंजीनियरिंग, डॉक्टर, लॉ आदि समेत अन्य उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यहां के छात्र-छात्राओं को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आर्थिक मदद करेगी। साथ ही यदि आप विदेश में उच्च शिक्षा लेने की इच्छा रखते हों तो आपको मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत आपको शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत अन्य जिला की बेटियां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की बदौलत शेष पृष्ठ 11 पर



रांची के केतारी बागान में आरओबी सहित कैबिनेट में 23 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

## बोकारो में बनेगा 500 बेड का मेडिकल कॉलेज अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सहमति प्रदान की गई। बैठक में जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए उसमें बोकारो में 6 अरब 88 करोड़ 49 लाख 42 हजार 200 रुपये की लागत से 500 बेडेड मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव शामिल है। रांची में केतारी बागान से नामकुम रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत दी गयी। कैबिनेट में जमशेदपुर औद्योगिक नगरी की गठन की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी। इसके अलावा राज्य में झारखंड राज्य उद्योग प्रोत्साहन नीति 2021 में आंशिक संशोधन के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी दी गयी। अब इसके तहत एससी-एसटी को 05 प्रतिशत अनुदान अतिरिक्त होगा। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम में संशोधन को स्वीकृति दी गयी है। अन्य प्रस्तावों में सावित्री बाई फुले योजना में दो बेटियों तक लाभ मिलने की कैपिंग समाप्त, अब माता की सभी पुत्रियों को मिलेगा योजना का लाभ। विधानसभा में हुई अनियमित नियुक्ति मामले में विक्रमादित्य कमिटी की रिपोर्ट की जटिलता दूर करने के लिए बनी जस्टिस रख मुखोपाध्याय की रिपोर्ट विधानसभा सचिवालय को समर्पित करने के प्रस्ताव पर सहमति दी गयी। 2021 में मैत्री क्रिकेट मैच में हुए खर्च 41.98 लाख की राशि को कैबिनेट मंजूरी।बोकारो और गिरिडीह में गैरमजरूआ जमीन को क्षतिपूर्ति वनरोपण के लिए इएसएल वेदान्ता को देने की सहमति, प्रज्ञान नेशनल विश्वविद्यालय निरस्त किया गया, 2016 में इस निजी विश्वविद्यालय को अनुज्ञप्ति मिली थी। शाइन नेशनल विश्वविद्यालय के गठन के प्रस्ताव को मिली सहमति। जमशेदपुर में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बनेगा, जो 15725 एकड़ में होगा। इसके लिए 10 सदस्यीय कमिटी के गठन होगा, जिसमें सरकार, टाटा और स्थानीय लोग शामिल होंगे। गुमला नगर परिषद, वंशीधनर नगर परिषद और दुमका नगर परिषद में सॉलिड वेस्टेज मैनेजमेंट के लिए राशि की स्वीकृति। अलग अलग क्षेत्रों में एनएच शेष पृष्ठ 11 पर

## राजस्थान के 14वें सीएम बने भजनलाल

दीया कुमारी-प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ



**जयपुर।** अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर शुक्रवार को भजनलाल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर ही राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्रियों दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ग्रहण की। राज्यपाल कलराज मिश्र ने तीनों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई केन्द्रीय मंत्री, कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी रही।शपथ समारोह में भाग लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंचे। उनके बगल में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत बैठे। समारोह स्थल पर दो मंच तैयार किए गए थे। एक मंच पर देशभर से आए साधु-संतों को बिठाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। दोपहर 1.04 बजे भजनलाल शर्मा ने सीएम पद की शपथ ली। 16 केंद्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के 17 मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री इस समारोह के साक्षी बने।भजनलाल शर्मा जयपुर की सीट से जीतकर मुख्यमंत्री बनने शेष पृष्ठ 11 पर

### हाई कोर्ट में भी हुई धोनी की जीत फिक्सिंग के आरोप लगाने वाले आईपीएल अधिकारी को जेल



**बेंगलुरु।** मद्रास हाई कोर्ट ने महेंद्र सिंह धोनी के पक्ष में एक बड़ा फैसला सुनाया है। आईपीएस ऑफिसर संपत कुमार को हाई कोर्ट ने 15 दिन जेल की सजा सुनाई है। आईपीएस ने धोनी को फिक्सिंग में शामिल बताया था। मद्रास हाई कोर्ट ने अवमानना के केस में अपना फैसला सुना दिया।जस्टिस एसएस सुंदर और सुंदर मोहन की बेंच ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने सजा 30 दिनों के लिए सजा निलंबित करने का विकल्प दिया, इस पर संपत कुमार को अपील दायर करने का मौका मिला था। महेंद्र सिंह धोनी ने मानहानि का दावा करते हुए कोर्ट में केस किया था। धोनी ने अपनी याचिका में भारत के एक बड़े मीडिया संस्थान, संपत कुमार शेष पृष्ठ 11 पर

# देश आगे बढ़ रहा है और झारखंड में खेती किसानी पिछड़ रही है



**सुनील बादल**



**झारखंड** को सदियों से जंगल पहाड़ों के बाद खनिज और सस्ते ईमानदार मजदूरों के लिए जाना जाता है। आजादी के पहले जमशेदपुर में टाटा के कारखाने के बाद स्वतंत्र भारत में बोकारो,एचईसी जैसे बड़े कारखानों के बाद खनिज आधारित खनन उद्योग पनपा जिससे झारखंड एक समृद्ध राज्य माना जाता है पर यहां के आदिवासियों और मूल निवासियों का दर्द यही रहा कि बच्चे भूखे न रहें इसलिए यूपी,बिहारम,पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों ईंट भट्ठों से लेकर कृषि कार्य के लिए तो दिल्ली से लेकर दक्षिण के राज्यों तक अन्य उद्योग धंधों में काम करने के लिए मौसमी से पलायन होता रहा है । असम,भूटान और अंडमान में लाखों की संख्या में स्थायी पलायन कर गए झारखंडियों ने अपनी भाषा संस्कृति तो बचा कर रखी है पर उन्हें अभी भी आरक्षण की सुविधा बाहरी मानकर नहीं मिली। इसकी जड़ में जाएं तो इसका बड़ा कारण खेती-किसानी का पिछड़ना है। झारखंड में मात्र 24 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और मात्र एक कृषि विश्वविद्यालय है। राज्य में कुल बुवाई का क्षेत्र लगभग 1.57 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 8 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो पाती है। झारखंड में स्थापित विद्युत क्षमता 2,590 मेगावाट है जो अभी भी अपर्याप्त है जिस कारण पीक आवर में लोड शेडिंग आम है। एक बड़ी समस्या और भी है वह है गलत लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभ पहुंचाना जिससे लोग खेती करना नहीं चाहते और बिचौलिए के रूप में उन्हें अधिक कमाई होती है।

झारखंड से प्रति वर्ष हजारों लोग काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने वालों की संख्या कितनी है इसका पता कोविड के समय जब आठ से नौ लाख लोगों की वापसी हुई तब पता चला। जब यह मानव संसाधन झारखंड वापस लौटा और कामों में हाथ बंटाया तो रिकार्ड उत्पादन हुआ। यह परिवर्तन कृषि व संबद्ध क्षेत्र में तो और भी सहज है, क्योंकि कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के लिए किसी बड़ी तकनीकी योग्यता की आवश्यकता नहीं होती। पर राज्य के बहुत बड़े हिस्से में पुरानी तकनीक से ही खेती ही रही है। कृषि व संबद्ध क्षेत्र के मानकों पर झारखंड निचली पंक्ति में खड़ा दिखाई देता है। संभावनाएं हैं जिसे ईमानदार प्रयास का इंतजार है । राज्य में न तो कृषि योग्य भूमि की कमी है और न ही मानव संसाधन की। सरकारी योजनाओं की भरमार तो है ही। झारखंड में 38 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है।खरीफ में अधिकतम 28 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है और रबी में महज 11 लाख हेक्टेयर तक तमाम प्रयास दम तोड़ देते हैं। यह आंकड़े इस बात की भी पुष्टि कर रहे हैं कि खरीफ में ही करीब 6.86 लाख हेक्टेयर भूमि परती रह जाती है। खाली पड़ी कृषि योग्य भूमि को उपयोग में लाने के कुछ प्रयास पिछले एक दशक में हुए भी हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। सिंचाई की सुविधाओं में विस्तार के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास काफी कुछ बदल सकते हैं। अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को भी गंभीरता से लेना होगा। बिचौलियों को दूर कर किसानों तक सिर्फ बीज की आपूर्ति ही सुनिश्चित नहीं करनी होगी बल्कि उन्हें आधुनिक कृषि से जोड़ने के लिए कृषि उपकरण उपलब्ध कराने होंगे। किसानों के उत्पादों के लिए बाजार की चेन को भी दुरुस्त करना जरूरी है जहां उचित कीमत नहीं मिलने से किसान हताश हो जाते हैं। एग्री स्मार्ट विलेज का खाका इन कमियों को दूर कर मॉडल गांव बनाने की दिशा में एक पहल है, यह मॉडल सफल हुआ तो झारखंड आयातक राज्य से निर्यातक राज्य में जल्द ही बदलेगा।

## पीएम मोदी 18 को वाराणसी में स्वर्वेद मंदिर का करेंगे उद्घाटन



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में वाराणसी के उमराहा क्षेत्र में स्वर्वेद महामंदिर का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। विहंगम योग संस्थान (वीवाईएस) की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर 25,000 कुंडों में यज्ञ के बीच समारोह आयोजित किया जाएगा। यह मंदिर विहंगम योग की अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली और उन्नत ध्यान तकनीक के वीवाईएस स्कूल के संस्थापक सद्गुरु सदाफल देव द्वारा लिखित आध्यात्मिक ग्रंथ 'स्वर्वेद' का एक भौतिक प्रतिनिधित्व है। संस्थान के मौजूदा प्रमुख सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव के उत्तराधिकारी संत विज्ञानदेव ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले इस मंदिर के निर्माणाधीन स्थल का दौरा किया था, जो प्राचीन दर्शन, आध्यात्मिकता और आधुनिक वास्तुकला का एक मिश्रण है। 17 दिसंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय 25,000 कुंडीय यज्ञ की तैयारियों की निगरानी में व्यस्त विज्ञानदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां स्वर्गीय हीराबेन गुजरात के नवसारी जिले में वीवाईएस के दंडकवन वंदा से जुड़ी थीं। उन्होंने कहा कि वाराणसी का यह केंद्र शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### सभी शिक्षण संस्थानों में गठित हो लीगल सेल : किशोर

**मेदिनीनगर।** जिले के शिक्षण संस्थानों में बच्चियों के साथ बढ़ती सेक्सुअल हरासमेंट की घटनाओं को देखते हुये झारखंड अभिभावक संघ ने समस्त सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में लीगल व अवारनेस सेल के गठन की मांग की है। संघ के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने कहा कि बच्चियों के सेक्सुअल हरासमेंट की कई घटनायें हो चुकी हैं। हाल में चियांकी के मामले ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। इसका प्रमुख कारण शिक्षण संस्थानों में लीगल व अवारनेस सेल का ना होना ही है। साथ ही इस संदर्भ में किशोरवय उम्र से ही छात्र-छात्राओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करने की भी समुचित व्यवस्था करनी चाहिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है।

### शिविर कल, असाध्य रोगों का होगा इलाज


वार्ता करते समाजसेवी

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन के सौजन्य से 17 दिसंबर को न्यू सब्जी बाजार के समीप नयन होटल सह रेस्टोरेंट के कम्यूनिटी हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। राजीव रंजन ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से पटना के डा. जेपी कुमार अकेला, सीएमडी अजय तिवारी के द्वारा साइटिका, लकवा, पुराने दर्द सहित विभिन्न प्रकार के असाध्य रोगों का इलाज किया जाएगा। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय सिंह, कृष्णा साव, भाजपा नेता टंटू मिश्रा, विनोद पासवान, दिनेश पासवान, अमित कुमार, बलराम ठाकुर, शशि कुमार, सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।

एनओसी नहीं मिलने से रूका है कार्य

# बिजली विभाग के 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन निर्माण में वन विभाग का रोड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-छतरपुर 132 केवी ट्रांसमिशन लाईन के निर्माण में वन विभाग रोड़ा अटकाये बैठी है। वन विभाग द्वारा एनओसी नहीं दिये जाने से अभी तक महत्वपूर्ण ट्रांसमिशन लाईन का कार्य अधर में लटका है। बिजली विभाग ट्रांसमिशन लाईन के अभियंता विनय कुमार ने बताया कि डालटनगंज से छतरपुर के मध्य 132केवी ट्रांसमिशन लाईन के 28 स्थानों पर वन भूमि पड़ रही है। इसके लिये अभी तक अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त हुआ है। इससे उक्त स्थलों पर टावर लाईन का निर्माण रूका है। डालटनगंज से छतरपुर की सड़क मार्ग से दूरी 48 किलोमीटर है। एक टावर की दूसरे से दूरी 300 मीटर तक होती है। अभियंता विनय कुमार ने बताया कि ऐसा ही पेंच पांकी में ग्रिड निर्माण को लेकर भी फंसा है।

**बिजली विभाग के पास नहीं है अपनी जमीन :** बिजली विभाग के अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि विभाग के पास कहीं भी अपनी जमीन नहीं है। गैर मजरूआ भूमि पर निर्माण के लिये भी उसे उपायुक्त से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसे में विभाग की कई परियोजनायें लंबे समय तक लंबित रहती हैं।

### पीटीआर में भी फंसा है पेंच

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा ही मामला पीटीआर से गुजरने वाले 132केवी महुआडांड- लातेहार ट्रांसमिशन लाइन का भी है। इसमें न तो पीटीआर प्रबंधन ने अनापत्ति पत्र दिया है और ना ही वन विभाग ने। इस संदर्भ में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक कुमार आशुतोष ने बताया कि बिजली विभाग को यह समझना होगा कि वन विभाग के अपने कायदे-कानून हैं। 1980 के वन संरक्षण अधिनियम के तहत वन भूमि पर , भूमि के ऊपर या वन्य भूमि से गुजरने वाले किसी भी तरह के क्रियाकलाप के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है। विभाग को उचित माध्यम से जानकारी उपलब्ध करानी चाहिये।

# हुसैनाबाद प्रखंड में आये आवेदन के निष्पादन में लायें तेजी : डीसी


समीक्षा बैठक करते डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशिरंजन ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में लगाये जा रहे शिविरों में आये आवेदन एवं उनके निष्पादन के स्थिति की वर्चुअल समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अबतक लगाये गये शिविरों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। उन्होंने हुसैनाबाद प्रखंड में आए आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसी तरह योजना वार समीक्षा करते हुए उपायुक्त श्री रंजन ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के आवेदनों की स्वीकृति में हो रहे बिलंब पर चिंता जाहिर जताते हुए आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किये जाने पर बल दिया। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित आवेदनों का निष्पादन तेज गति से करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया।

### अबुआ आवास के लिए डेडीकेटेड टीम गठन का निर्देश

उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए डीडीसी को प्रत्येक ब्लॉक में एक अलग से डेडीकेटेड टीम का गठन करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रखंड के स्थानीय कर्मी को इस डेडीकेटेड टीम में लगायें व तेज गति से आवेदनों का वेरिफिकेशन करवायें। इसके साथ ही सभी अंचलों में शत-प्रतिशत कंबल वितरण कराने की बात कही। वहीं स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम को अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर बल दिया।

# कुरहत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम


लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के कटैया पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को दूसरी बार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन अंचलाधिकारी यामुन रविदास, आकांक्षी प्रखंड कोआर्डिनेटर प्रणव कुमार, मुखिया फूलकुमारी देवी, कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का अलग-अलग स्टाल लगाये गये थे। जहां सैंकड़ों लोगों ने कतारबद्ध होकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कई मामलों का आन स्पाट निष्पादन किया गया। अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने ग्रामीणों से जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की। सीओ ने आन द स्पॉट दो दिव्यांग लाभुकों को पेंशन के लिए स्वीकृति प्रदान करते हुए सर्टिफिकेट दिया। कार्यक्रम में कंबल सहित महिलाओं को पौधा वितरण के साथ महिला व बाल कल्याण विभाग द्वारा शिशु का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया अनिल सिंह, पंसस शिलू सिंह, वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रमोद कुमार, समाजसेवी राजेश राम, सहायक अभियंता शिवशंकर चौधरी, अजित कुमार, रंजन, मनोज, अमित, बीआरपी अनुज मिश्रा, जितेंद्र, आजसू नेता अजित सिंह, जितेंद्र विश्वकर्मा, कपेश्वर सिंह, मनोज विश्वकर्मा, कामता शर्मा, रंजीत पासवान, महाराणा सिंह, सुरेन्द्र राम मौजूद थे।

### हाईवा से टकराया टेम्पों, चार गंभीर

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार की सुबह एनएच-98 पर छतरपुर की ओर से आ रहा टेम्पो विपरीत दिशा से आ रहे हाईवा से टकरा गया। इससे टेम्पों पर सवार छतरपुर थाना के दीनादाग गांव निवासी मनोज यादव 35 वर्ष, कमलेश यादव 25 वर्ष, दीपू यादव 50 वर्ष तथा देवताही गांव के 50 वर्षीय रामगति यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का सीएचसी में ईलाज कराया गया। घायलों में मनोज, दीपू व रामगति का जहां सिर फट गया है। वहीं कमलेश यादव का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाना के एएसआई संजय यादव, कंप्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर आकर घायलों को फौरन सीएचसी पहुंचाया। मौके पर पहुंचे भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने भी घायलों की मदद की। दुर्घटना के बाद चालक टेम्पो लेकर फरार हो गया। घायल मनोज यादव ने बताया कि वे सभी अपने घर से बकरी बेचने संडा बाजार जा रहे थे। टेम्पो चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है।

सरस्वती विद्या मंदिर में मनी कवि सुब्रमण्यम की जयंती

# भाषाई सद्भाव को मजबूत करता है उत्सव : डा. आलोक रंजन



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर जपला में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के अवसर पर भारतीय भाषा महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जपला डिग्री कालेज हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. आलोक रंजन, डा. शिवकुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार चंदेल, राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दुबे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन तथा पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य श्री दुबे ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें सुब्रमण्यम भारती के गुणों, प्रतिभाओं एवं उनके द्वारा किए गए कार्य को याद कर उन्हें आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि कवि सुब्रमण्यम बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने तमिल के अलावा कई भारतीय भाषाओं में रचना की है। आज तमिलनाडु में उनका घर भारतीय इल्म के नाम से जाना जाता है। भारतीय भाषा उत्सव भाषाई सद्भाव को मजबूत करता है। हमें अपनी मातृभाषा का ही प्रयोग सर्वाधिक करना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा से जुड़े रहते हैं तब तक हम अपनी संस्कृति को संजोए रख सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय प्रसाद,शशि कुमार, राजेश्वर सिंह,रंजीत मिश्र, अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय, संजय सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, उषा कुमारी, हर्षदा चौबे का सराहनीय योगदान रहा।

### अल्फाबेट्ज स्कूल में पंजीकरण 2 जनवरी से

**हरिहरगंज।** टंडवा रोड़ मजार शरीफ के समीप स्थित अल्फाबेट्ज यूके कॉन्सेप्ट इंटरनेशनल कैरिकुलम पर आधारित विद्यालय में आगामी 2 जनवरी 2024 से नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। प्राचार्य स्मृति सिंह ने बताया कि इस स्कूल में प्रथम 50 छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराने पर पुस्तक तथा ड्रेस मुफ्त दिया जाएगा। संस्थान का 22 राज्यों में 156 से अधिक केंद्र हैं। जहां 2 से 7 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्री-स्कूल रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। साथ ही प्ले ग्रुप नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के अलावे डिजिटल क्लासरूम, किफायती शुल्क, विशेषज्ञ शिक्षक, सीसीटीवी निगरानी, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच, आहार, सलाह सहित कई सुविधा उपलब्ध है।

### स्वास्थ्य शिविर कल

**हुसैनाबाद।** रविवार सुबह दस बजे से प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा दी जायेगी। शिविर का आयोजन रांची के जाने माने सर्जन हैदनगर प्रखंड के सिंघना गांव निवासी डा. शाहबाज आलम ने किया है। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को नजदीक से देखा है। पैसे के अभाव में वे अपना स्वास्थ्य जांच भी नहीं करा पाते हैं। शिविर में उनके अलावा महिला चिकित्सक भी मौजूद रहेंगी।

### आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़


छात्रा को चेक देतीं मुखिया

**सतबरवा।** पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बडी संख्या में लोगों ने आवेदन जमा कराये। कार्यक्रम का शुभारंभ सतबरवा उप मुखिया संघ की प्रखंड अध्यक्ष अर्चना कुमारी, पंसस मधु कुमारी,धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में गुरुजी क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास,आपूर्ति विभाग,कृषि, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आयुष्मान भारत कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व समेत कई स्टॉल लगाए गए थे। इस मौके पर कंबल, धोती,साडी वितरण के अलावा 10 बच्चों के बीच साइकिल के लिए चेक दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, मो. अदनाम, इरशाद अंसारी उपस्थित थे।

### सखी मंडलों के बीच 16 लाख के चेक का वितरण


लाभार्थियों को चेक देते अधिकारी

**पाटन।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत शिविर का आयोजन जंघासी पंचायत में किया गया। जिसका उद्घाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय व मुखिया पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रमुख शोभा देवी ने बताया कि हर पंचायत मे शिविर लगाकर सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत स्तर पर दिया जा रहा है। जिसमे ग्रामीण जनता को लाभ मिल रहा है। शिविर में अबुआ आवास के लिए 650 आवेदन प्राप्त किए गए। 4500 रुपए का विद्यार्थियों के बीच चेक वितरण किया गया। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड वितरण किया गया। शिविर में 200 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। जरूरतमंद लाभुकों को सर्वजन पेंशन स्वीकृत पत्र दिया गया। शिविर में सखी मंडलों के बीच 16 लाख का चेक वितरण किया गया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह द्वारा किया गया। मौके पर एमओ सखीचंद दास,जीपीएस कामेश्वर महतो,आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, समाजसेवी मुकेश सिंह, शक्ति शंकर गुप्ता मौजूद थे।

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० 37/2023–24**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Jila Parisad Bus Stand Chowk Repairing of Yatri Shed and Repairing of P.C.C Road at Entrance of Taxi Stand under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag | 9,97,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 02 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग<br>दिनांक 22.12.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 2. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग<br>दिनांक 23.12.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. निविदा खोलने का स्थान तिथि एवं समय | : | नगर निगम, हजारीबाग<br>दिनांक 23.12.2023 को 2.00 बजे अपराह्न से अंतिम निविदा खुलने तक |
| 4. विज्ञापनदाता का पदनाम | : | नगर आयुक्त–सह–प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग। |

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 313596 Urban Development and Housing(23-24)#D

**उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।**
**(एन0आर0ई0पी0 शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

NIT NO – 07 वर्ष 2023–24

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
2.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– कार्यालय अवधि में दिनांक 26.12.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.12.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.12.2023 को 1:30 बजे अपराह्न में।
5.निविदा प्राप्ति एवं परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता,एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा।

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि 2% | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कुडू | ककरगढ़ | ग्राम फुलसूरी में बिभुन उरॉव के घर से लेकर झखरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 23,70,500.00 | 47500.00 | 5000.00 | 03 (तीन) माह |

1 ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2 संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0इ0पी0,लोहरदगा।

PR 313594 (Lohardaga) 23-24 (D)

**झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला।**
**ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–पुनर्निविदा संख्या:- 08/R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–13.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ GUMLA/STPKG -06/2023-24 | (i) मकुन्दा से झुपनाटांड़ भाया बोड़याटोली तक की सुदृढीकरण कार्य (लं0– 4.500 कि0मी0)।<br>(ii) रेड़वा–समल मोड़ मनू दोहा से असरों भाया तेतरटोली तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0– 3.100 कि0मी0)।<br>(iii)एन0 एच0–23 सिसई दरहा श्यामटोली अम्बुआ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0– 3.500 कि0मी0)।<br>(iv) बरगॉव–मुर्गू रोड हरिचरण बगीचा से आम्बाटोली, चैलीटोली मुर्गू आर0ई0ओ0 तक की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0– 3.650 कि0मी0)<br>(v) बी0पी0डी0पी0 से भुरसो भाया सैन्दा तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य (लं0– 7.200 कि0मी0)। | 11,56,48, 100.00 | ग्यारह करोड़ छप्पन लाख अड़तालीस हजार एक सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ GUMLA/STPKG -07/2023-24 | (i) बसिया से जकजोरे तक का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 2.300 कि0मी0)।<br>(ii) पातुर मोड़ से मोरंग तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 4.800 कि0मी0)।<br>(iii) कामताटोली सिमाना से अकरा मिशन गोबरीटोली तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 3.700 कि0मी0)।<br>(iv) तिर्रा कामताटोली से पोढ़ोटोली तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 3.600 कि0मी0)।<br>(v) T01 पलमाडीपा से तुरियाम्बा पार्ट–बी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 2.500 कि0मी0)।<br>(vi) T01 पलमाडीपा से तुरियाम्बा पार्ट–सी तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 3.500 कि0मी0)।<br>(vii) T01 सिंगरौली तक पथ का सुदृढीकरण कार्य (लं0– 2.550 कि0मी0)। | 12,80,50, 400.00 | बारह करोड़ अस्सी लाख पचास हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 18.12.2023
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–28.12.2023 अपराह्न 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.12.2023 अपराह्न 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 313492 Rural Work Department(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-01/2023-24/RE-01P.R.No.297888

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड चैनपुर के पंचायत कटुवल के ग्राम कटुवल में प्रदुमन सिंह के घर से लेकर सामुदायिक भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2397197.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.12.2023 से दिनांक 28.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –30.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR313509 (Rural Development)23-24*D

## गागर में सागर

### सांसद करेंगे दो गांवों में संकल्प यात्रा का आगाज आज

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम 16 दिसंबर को पाटन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उताकी एवं ग्राम पाल्हे कला स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उक्त कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण भी उपस्थित रहेंगे। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीण अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी गांवों में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाईयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष किया जायेगा।

### जनता के पैसे से ठेकेदार व अभियंताओं की चांदीःरूचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी व जिला कमेटी सदस्य नसीम राइन ने शुक्रवार सुबह सरकारी बस डिपो व थोक सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया। दोनों जगहों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं पर पदाधिकारियों ने गहरा रोष जताया। इस दौरान थोक सब्जी व्यापारियों ने बताया कि सरकारी बस डिपो में प्राइवेट बसों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते थोक व्यवसायियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकारी बस डिपो में बहुत पहले निर्मित यात्री पड़ाव भी अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। इससे कभी भी भीषण हादसे की आशंका बनी हुई है। स्टैंड के मरम्मती कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाते हुये उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जनता के टैक्स के पैसे की चोरी कर ठेकेदार व अभियंता मालामाल हो रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि नगर निगम में भी इसी प्रकार का काम टेंडर मैनेज करके किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में पेपर्स फैशन शो

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में शुक्रवार को अनूठा पेपर्स फैशन शो का आयोजन किया गया। शो में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों की भी मेहनत व रचनात्मकता देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले तो स्कूल को पेपर से निर्मित आकर्षक ड्रेसों से सजाया गया। इसके बाद बच्चों ने फैशन रैंप पर जब चलना शुरू किया तो अन्य बच्चों की तालियों की गड़गड़ाहट ने समा बांध दिया। बच्चों के साथ स्कूल की दो शिक्षिकाओं करनाली व नैंसी ने भी पेपर ड्रेस में रैंप वॉक किया। बच्चों की बेजोड़ प्रस्तुति ने निर्णायकों को भी असमंजस में डाल दिया। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने विजेताओं के नाम की घोषणा की। जिसमें प्रथम स्थान पर आव्या सिंह व जोशुआ सलकर रहे। द्वितीय स्थान आरिश कुजूर व अथर्व विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान समृद्धि कश्यप, अथर्व अग्रवाल व दिविशा पांडे ने प्राप्त किया। इसके अलावे नित्या गोयल,नैंसी प्रिया,आनवी जैन,अबीर कुमार सिंह व प्रकृति प्रिया को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या व स्कूल के डायरेक्टर राजीव गोयल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने दिव्यांग अरुण को दी मदद



फरियाद सुनते उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान का अनुरोध किया। जनता दरबार में आयी समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पहुंचे पाटन थाना क्षेत्र के दिव्यांग अरुण कुमार को उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की। उन्होंने दिव्यांग को ट्राईसाइकल देने का आश्वासन भी दिया। इसी तरह विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टोना निवासी शौकत अली अंसारी ने उपायुक्त से बिजली बिल माफी योजना का लाभ देने का निवेदन किया। राजकीय मध्य विद्यालय आकाबासा के सहायक शिक्षक गुलाम सखर अंसारी व न्यू उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक अभिमन्यु ने उपायुक्त से मानदेय भुगतान करवाने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया।

### अनियंत्रित टेंपो पलटने से एक की मौत, दो गंभीर

**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी घाटी के समीप शुक्रवार की सुबह एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें टेंपो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दीनदाग निवासी सरजू यादव के पुत्र कमलेश कुमार उम्र 25 वर्ष की मौत हो गई। जबकि यहीं के रामगती यादव उम्र 50 वर्ष व छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम देवताही निवासी दीपू यादव उम्र 55 वर्ष की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया है।

### ठंड ने रंग जमाना किया शुरू, जिला प्रशासन अलर्ट

# उपायुक्त के निर्देश पर जले अलाव तो लोगों को मिली राहत



अलाव तापते लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में ढंड ने रंग जमाना शुरू कर दिया है। पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। तापमान में गिरावट जारी है। जिले का न्यूनतम तापमान 8 डि. से. पहुंच गया है। ठंड का आलम यह है कि रात ही नहीं दिन में भी गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ने लगी है। धूप भी शरीर को गर्माहट नहीं दे पा रही है। शाम ढलते गांव की सड़कें सूनसान होने लगी हैं तो शहर की चहल पहल भी कम होती जा रही है। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। बदले मौसम में बच्चे व बुजुर्गों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद की माने तो आने वाले दिनों में अभी ठंड और बढ़ने की संभावना है। इधर बढ़ती ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के कई अंचल क्षेत्र एवं नगर निगम,नगर निकाय क्षेत्र के चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर गुरुवार की शाम से अलाव की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने नागरिकों को ठंड से बचाव को लेकर सतर्क रहने व गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी है। ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत अलाव की व्यवस्था करने को लेकर निर्देशित किया था।

### 11 बूथों पर मतदान करेंगे 550 अधिवक्ता मतदाता

# पलामू बार चुनाव आज, सारी तैयारियां पूरी

**16 विभिन्न पदों पर 50 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत, प्रतिष्ठापरक अध्यक्ष पद पर आमने-सामने की टक्कर**



तैयारियों का जायजा लेते मुख्य चुनाव आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिये मतदान आज किया जायेगा। इसके लिये सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान केंद्र पर स्थापित 11 बूथों पर 550 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बार एसोसिएशन के 16 विभिन्न पदों पर 50 उम्मीदवार अपना किस्मत आजमा रहे हैं। प्रतिष्ठापरक अध्यक्ष पद पर मात्र दो उम्मीदवारों के होने से आमने-सामने की टक्कर के कारण इस बार का चुनाव काफी रोचक हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि मतदान को सुचारू तरीके से संपन्न कराने के लिये 11 बूथों का निर्माण किया गया है। इनमें नौ बूथ ऊपर अधिवक्ता संघ व दो बूथ नीचे परिसर में बनाया गया है। क्रमांक संख्या एक से लेकर सौ तक के मतदाता नीचे एवं क्रमांक संख्या 101 से लेकर 550 तक के मतदाता ऊपर के बूथों पर मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि स्टेट बार काउंसिल से आये आब्जर्वर की मौजूदगी में मतदान सुबह 10.30 बजे शुरू हो जायेगा। निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिये मतदान केंद्र व परिसर में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। व्यवस्थापक संजय दुबे के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम तक मतदान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**सदस्यों को सौंपा गया दायित्व :** मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे एवं चुनाव आयुक्त सतीश मेहता व शौकत अली द्वारा गहन मंत्रणा के बाद मतदान व मतगणना का कार्य सुचारू ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चुनाव समिति के सदस्यों को दायित्व सौंपा गया। उम्मीदवार भी मतदान के पूर्व संध्या पर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दिये हैं।

### दिवाकर को मिली सदर थाना प्रभारी की कमान

# थाना प्रभारी लाइन हाजिर टीओपी में तैनाती का बदला नियम

**नवीन मेल संवाददाता**



दिवाकर कुमार

**मेदिनीनगर।** जिले अंतर्गत टीओपी में पुलिस अधिकारियों की तैनाती का नियम बदला गया है। इसी कड़ी में पलामू में सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार व मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के तीनों टीओपी प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया है। पाटन थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर दिवाकर कुमार को सदर थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। गौतम कुमार और दिवाकर कुमार दोनों ही 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं। वहीं मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के टीओपी एक के प्रभारी रेवा शंकर राणा, टीओपी टू के प्रभारी सुधीर कुमार व टीओपी 3 के प्रभारी मन्तुष्ट महतो को भी लाइन क्लोज कर लिया गया है। तीनों टीओपी प्रभारी एएसआई रैंक के अधिकारी हैं।

### टीओपी में अब थाना प्रभारी स्तर से होगी तैनाती

मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में टाउन आउट पोस्ट (टीओपी) के प्रभारियों की तैनाती के बदले नियम के तहत अब एसपी कार्यालय से प्रभारी की तैनाती नहीं की जाएगी। टाउन थाना प्रभारी तीनों आउटपोस्ट प्रभारी की तैनाती करेंगे। पलामू एसपी कार्यालय से लंबे वक्त से आउटपोस्ट प्रभारी की तैनाती की जाती रही है। आउटपोस्ट प्रभारी का कार्यकाल 15 दिनों का होगा। हर 15 दिन में आउटपोस्ट प्रभारी बदल दिए जाएंगे। महीने की पहली तारीख से आउटपोस्ट प्रभारी का कार्यकाल शुरू होगा। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि आउटपोस्ट प्रभारी की तैनाती के नियम में बदलाव किया गया है।

## हुसैनाबाद में सरदार पटेल की मनी 72वीं पुण्यतिथि

**हुसैनाबाद।** शहर के पटेल चौक स्थित देश के प्रथम गृहमंत्री व भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया। हुसैनाबाद (उतरी) भाग के जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कहा कि सरदार पटेल भारत के आजादी के महानायक थे। उनके नेतृत्व क्षमता से अखंड भारत का निर्माण किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि सरदार पटेल दूरदर्शी नेतृत्व व अटूट प्रतिबद्धता वाले नेता थे। जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखकर अनुकरणीय कार्य से एक मजबूत देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देते रहे। समृद्ध भारत के लिये उनके सपने को साकार करने के लिए कार्यों व जीवन से सभी वर्ग के लोगों को प्रेरणा लेने की जरुरत है। इसमें पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी, राजद नेता जाकिर अली उर्फ राज अली, गौतम पटेल, सूर्यनाथ पासवान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सुबोध कश्यप, जनक पासवान, इम्तेयाज आलम, इजहार अंसारी, रंजीत पासवान, असगर खान, प्रवीण पटेल, चंदन पटेल आदि ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### डीएसडब्ल्यूओ ने शहर के चार प्ले स्कूलों का किया निरीक्षण

# बिना निबंधन प्ले स्कूलों का संचालन अवैधः नीता चौहान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने जिले में संचालित प्ले स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निप्स हेलो किड्स प्ले स्कूल कांदु मोहल्ला, ब्राउन ब्रिज किंडर वर्ल्ड स्कूल दो नंबर टाउन डालटनगंज एवं निप्स हेलो किड्स आबादगंज प्ले स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सरकार के नियमानुसार सभी प्ले स्कूल अहर्ता पूरा नहीं करते हैं। राज्य में सरकार द्वारा प्ले स्कूल रेगुलेशन एंड कंट्रोल नियमावली 2017 लागू है। इसके तहत गैर निबंधित प्ले स्कूलों का संचालन गैरकानूनी है। पलामू जिले में प्ले स्कूलों की संख्या 20 से 22 है। किसी भी स्कूल का पंजीकरण अभी तक नहीं हुआ है। निरीक्षण के बाद शुक्रवार को 4 प्ले स्कूलों को रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध कराते हुए 15 दिनों के अंदर रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिले में संचालित सभी प्ले स्कूलों को यथाशीघ्र रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया गया है। इसके लिए आवेदन जिला समाज कल्याण कार्यालय में देना होगा। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के साथ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी, संरक्षण पदाधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई केडी पासवान व जिला समन्वयक मो. जीशान शामिल थे।

# शालिनी को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ



छात्रा शालिनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में शुक्रवार को राजकीय कृत उच्च विद्यालय लामीपतरा की छात्रा शालिनी कुमारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। शालिनी ने बताया कि उसके पिता राजन प्रसाद एवं माता रंजू देवी सामान्य परिवार से हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत उसे 5000 रुपए का चेक मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उन्हें इस योजना के तहत राशि मिली है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। इस योजना का लाभ मिलने से उसे पढ़ाई जारी रखने में काफी सहुलियत हो रही है। विदित हो कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर देना, बाल विवाह प्रथा का अंत करना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत झारखंड की बेटियों को अच्छी शिक्षा के लिए 40 हजार रुपए तक की सहायता राशि देने का प्रावधान सरकार ने किया है। यह राशि विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं को अनुदान के रूप में दी जाती है।

# स्टेशन पर चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार



स्टेशन पर पकड़ा गया चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे प्लेटफार्म पर शुक्रवार की सुबह जीआरपी थाना की पुलिस ने एक चोर को चोरी के सामान के साथ रंगे हाथ पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपी विपिन मंडल बिहार राज्य के बरियारपुर का रहने वाला है। उससे पूछताछ करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कुछ यात्री डालटेनगंज से बाहर यात्रा करने जा रहे थे। इस बीच एक चोर उनके बैग चुरा कर फरार हो गए। पीड़ितों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये चोर को मय सामान धर दबोचा।

### स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में एनएसएस के बैनर में स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग से आई रीमा सहाय एआरएएस काउंसलर एवं शशि रावत एएनएम ने मासिक धर्म एवं ल्यूकोरिया के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को बताया कि मासिक के समय कैसे साफ सफाई का ध्यान रखना है। जरा सी सावधानी से छात्रायें कई तरह के संक्रमण से खुद को बचा सकती हैं। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मिनी टुडू ने किया। मौके पर सीमा कुमारी एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी तथा डॉ मशरिक सुमित आदि उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता | जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

# ग्रामीण खिलाड़ियों को आगे आने का मिलेगा मौका :डीडीसी

**बालक वर्ग में पांच व बालिका वर्ग में तीन मैच खेला गया**



किक मारकर प्रतियोगिता शुरु कराते डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के शाहपुर में स्थित सहोदय उच्च विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का शुभारंभ शुक्रवार को जिले के उप विकास आयुक्त रवि आनद ने फुटबॉल को किक मारकर किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुये डीडीसी ने उनका हौसला बढ़ाया। कहा कि टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजय हासिल कर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की नसीहत दी। शुक्रवार को बालक वर्ग में पहला मैच मेदिनीनगर एवं हैदरनगर के बीच खेला गया। जिसमें मेदिनीनगर की टीम 1-0 से विजयी रही। दूसरे मुकाबले पांकी ने पड़वा 1-0 से मात दी। तीसरे मुकाबले में मेदिनीनगर ने हरिहरगंज को एक गोल से हराया। चौथा मुकाबला नावाबाजार एवं पाटन के बीच खेला गया जिसमें पाटन की टीम 2-1 से जीत दर्ज की। पांचवे मैच में चैनपुर ने छतरपुर को 1-0 से हराया। बालिका वर्ग में प्रथम मैच तरहसी एवं हरिहरगंज के बीच खेला गया। जिसमें तरहसी की टीम 2-1 से विजयी रही। दूसरे मैच में रामगढ़ ने मेदिनीनगर को 2-1 से हराया। तीसरे मैच में लेस्लीगंज ने तरहसी को 1-0 से परास्त किया। आगामी 17 दिसंबर को बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला रामगढ बनाम लेस्लीगंज के बीच खेला जाएगा। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सेवानिवृत्त शिक्षक कमलानंद दुबे, महेश तिवारी, उमर राशिद जिया,सिद्धार्थ कुमार, प्रदीप मेहता, इदरीस अंसारी, सत्येंद्र कुमार, सिकंदर कुमार,सुनील यादव, बालमुकुंद पाण्डेय उपस्थित थे। विदित हो कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजयी टीमें भाग ले रही हैं। जिला स्तर पर विजयी टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी।

# स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नवनियुक्त एनपीयू अधिकारियों का किया स्वागत



नव नियुक्त अधिकारी का स्वागत करते छात्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त रजिस्ट्रार मत्युंजय कुमार एवं

**विश्वविद्यालय की स्थिति अति दयनीय है : जिला अध्यक्ष**

वित्त पदाधिकारी आरके झा से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मौके पर उपस्थित श्रवण सिंह ने कहा की विद्यार्थियों को नवनियुक्त पदाधिकारियों से काफी उम्मीदें हैं। पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान पदाधिकारी छात्रहित में काम करेंगे। उनके आने से विश्वविद्यालय को गति मिलेगी। विकास यादव ने कहा कि पदाधिकारियों की तैनाती से छात्रों में एक उम्मीद जगी है। जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थिति अति दयनीय है। यहां ऐसा कोई दिन नहीं, जब विद्यार्थियों को कोई समस्या ना होती हो। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा कि सर्वप्रथम सत्रों को नियमित करना रजिस्ट्रार के सामने एक चुनौती है। जिसे पूरा करना अति आवश्यक है।

## गागर में सागर

### ठंड बढ़ी, पर अलाव की व्यवस्था नहीं

**डंडई।** आसमान साफ होते ही प्रखंड क्षेत्रों में इन दिनों व्यापक रूप में ठंड बढ़ गई है, लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। अलाव को लेकर प्रशासनिक कवायद नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि इससे पूर्व प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक, डंडाई लवाही मोड़ तीन मोहन चौक, पुरानी बाजार तीन मुहान चौक के अलावा देवी धाम पर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अलाव की व्यवस्था करने का काम किया गया था।

### आयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन



**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर मंडल विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक बीएचपी नगर अध्यक्ष मुन्ना कुमार गुप्ता की अध्यक्षता एवं नगर मंत्री मुकेश चंद्रवंशी के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में श्री राम भगवान मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कई निर्णय लिए गए। उद्घाटन समारोह में भाग लेने हेतु छिपादोहर मंडल कमेटी का गठन किया गया। पंचायत प्रमुख भी बनाया गया। मुद्रिका सिंह को संरक्षक, युगल किशोर प्रसाद सोनी को अध्यक्ष बनाया गया। मुन्ना गुप्ता महामंत्री, अजय प्रसाद उपाध्यक्ष, सतीश प्रसाद गुप्ता, महेश सिंह, प्रमोद प्रसाद, मुकेश चंद्रवंशी को मंत्री, बाली यादव, गंगेश्वर ठाकुर, छवि सिंह, जितेंद्र यादव को संयोजक, अजय प्रसाद सोनी, सुमित रजक को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों मे छवि सिंह, जितेंद्र यादव, लात पंचायत के प्रमुख नेमार सिंह, हरातू पंचायत के पंचायत प्रमुख वीरेंद्र सिंह, छिपादोहर पंचायत के पंचायत प्रमुख गंगेश्वर ठाकुर ,चुगॅरू पंचायत पंचायत प्रमुख प्रमोद प्रसाद, कुचिला के पंचायत प्रमुख बाली यादव, केड पंचायत प्रमुख धर्मदेव यादव, लालजी यादव को रखा गया है।

### जेल में बंद माओवादी प्रताप की मौत के बाद शव पैतृक गांव बाराखाड़ पहुंचा

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा स्थित बाराखार निवासी रामेश्वर गंझु उर्फ प्रताप जी उर्फ संजय जी की होटवार रांची जेल में लंबे समय से बीमारी के बाद मौत हो गई। मौत के बाद उनके परिजनों को शव को सौंपा गया गया। ज्ञात हो कि प्रताप जी उर्फ रामेश्वर गंझु 26 जुलाई 2012 को माओवादी उग्रवादी केस में गिरफ्तारी के बाद जेल गए थे। उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रताप के चार पुत्र हैं। पुत्र संदीप कुमार बालूमाथ में बाइक के सोरूम में काम करता है। वहीं पत्नी पियसवा देवी, बड़ा पुत्र अर्जुन गंझु, कुलदीप व रंजीत गंझु चार पुत्र हैं। पत्नी पियासवा देवी सहित परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

### सीआरपी शशिकांत ने जरूरतमंद बच्चों के बीच किया कपड़े का वितरण



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को संकुल साधन सेवी शशिकांत मंडल ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपने मानदेय के बचाए गए पैसे से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के 50 से अधिक जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच कपड़े का वितरण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, बीस सूत्री के उपाध्यक्ष रणजीत राजू, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, प्रधानाध्यापिका सुनीता खलको, शब्बीर खान, दीपक राज निरंजन सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर शशिकांत मंडल ने बताया कि विगत 15 वर्षों से मानव सेवा के उद्देश्य से अपने मानदेय के पैसे को प्रतिदिन के हिसाब से बचत करते हुए प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं और अन्य लोगों के बीच प्रत्येक वर्ष जरूरत की कोई भी सामग्री उपलब्ध करने का प्रयास करता हूं और यह अभियान जब तक अपनी सेवा काल तक जारी रहेगी। शेखर ने कहा कि एक और जहां समाज में कई लोग ऐसे हैं जिनके पास किसी के मदद के लिए खड़ा होने का समय नहीं। सांसद प्रतिनिधि व अन्य अतिथियों ने भी सीआरपी शशिकांत मंडल के उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। मौके पर अमला मिंज, नेहा कुमारी, निरंजन सिंह, अजय दाससमेत आदि मौजूद थे।

## हासनदाग पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# अबुआ आवास को उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

हासनदाग पंचायत भवन के मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में आपूर्ति विभाग, वन विभाग, कल्याण विभाग, पेयजल विभाग, बिजली विभाग, उद्योग विभाग, पुलिस विभाग, पंचायती राज विभाग अनुपस्थित रहे। प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि इससे पहले भी कई कई कार्यक्रमों में यह स्थिति देखने को मिली है। हमने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर अनुपस्थित रहने वाले विभागों के पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी शिविर में केवल कोरम पूरा किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग से चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जाती है। यही स्थिति बिजली विभाग का भी है, जबकि इस शिविर का उद्देश्य हर तबका के लोगों तक लाभ पहुंचाना सरकार का मकसद है।

इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, अंचलाधिकारी यशवंत नायक, मुखिया फुलमंती देवी, बीडीसी नंदू चौधरी, उपमुखिया अविनाश चौबे तथा बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अंचलाधिकारी के हाथों सात लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप निर्माण स्वीकृति पत्र दिया गया। शिविर में केसीसी के पच्चीस आवेदन, विरसा सिंचाई कूप के दस आवेदन, पशुधन से चालीस आवेदन, राजस्व विभाग में दो सौ आवेदन जिसमें एक सौ पचास आवेदन का निपटारा कर दिया गया। अबुआ आवास के सर्वाधिक लगभग चौदह सौ फार्म लोगों ने जमा किये। कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी एवं विवेकानंद चौबे ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दुखन चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद साह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, अनुमंडल उपाध्यक्ष जैनेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह, झामुमो पंचायत अध्यक्ष लालमणि साव, सीआई कपिल देव मांझी, बीपीओ फिरोज अंसारी, महिला पर्यवेक्षिका स्वास्तिका कुमारी, नाजीर सुनील कुमार, आवास कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार, रिजवान अख्तर, पंचायत सचिव राजेंद्र राम, रोजगार सेवक रघुवर राम, सूरज कुमार, रामदेनी राम, मंसूर अंसारी, अंचल से कुणाल कुमार यादव, अमीन रविकांत पांडे, ऑपरेटर आलम अंसारी, रिजवान अंसारी, पीएचडी विभाग के नौशाद आलम, कृषि विभाग से तौहीद अंसारी, पशु विभाग से शशि भूषण कुमार मेहता, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी, संतोष कुमार चौधरी, मेसर्स गुलबास अंसारी, कौसर अंसारी, आशुतोष कुमार चौबे, रंजीत कुमार चौबे, समाजसेवी मुकेश कुमार ठाकुर, प्रणय चौबे, विनोद चौधरी, अरकेश चंद्रवंशी, नईमुद्दीन अंसारी, मुबारक अंसारी, राजेंद्र चौधरी बड़ा, राजेंद्र चौधरी छोटा, मानदेव रजक, वार्ड सदस्य राजू पासवान, सुनील कुमार रजक, जीएसएलपीएस के धर्मेंद्र कुमार, समीना खातून आदि उपस्थित थे।

# 40 करोड़ की लागत से होगा दो सुदूरवर्ती मार्गों का निर्माण

## विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार : मंत्री मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले 40 करोड रुपये की लागत से दो सुदूरवर्ती अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। लगभग 59 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण की पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत 18 करोड़ 9 लाख 11 हजार 300 रुपये की लागत से भंडरिया से टेहरी वाया बड़गड़ 26 किलोमीटर सड़क तथा 21 करोड़ 21 करोड़ 92 लाख 49 हजार 700 रुपये की लागत से लगभग 33 किमी चिनिया, रणपुरा, खुथुवा मोड़ सड़क का 5.5 मीटर कैरिजवे के साथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार किया जाएगा। यह सड़क एनएच 343 का वैकल्पिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ती है।

मंत्री ठाकुर ने कहा कि यह दोनों सड़कें जिले के अति सुदुरवर्ती क्षेत्रों से गुजरती हैं। उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। इन सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। साथ ही छत्तीसगढ़ पहुंचना काफी आसान हो जाएगा। इससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी। मंत्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, गढ़वा की विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोगों की मानसिकता ही नकारात्मक होती है। जब उन्हें कुछ बेहतर करने का मौका मिलता है तब वे काम करने के बजाय भोली-भाली जनता को झूठ एवं फरेब के बल पर बेवकूफ बनाते हैं। हाथ से मौका निकल जाने के बाद जब दूसरे लोग बेहतर कार्य करते हैं तो वे सिर्फ हर कार्य में टांग अड़ाने का ही कार्य करते हैं, परंतु किसी की नकारात्मक विचारों एवं कार्यों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। गढ़वा ने अब विकास की रफ्तार पकड़ लिया है और अपने रफ्तार में गढ़वा का विकास निर्बाध रूप से होता रहेगा। मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां बेहतर आवागमन की सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के लोगों ने काफी जांच, परख कर उन्हें अपना सेवक चुना है। वे सेवक के रूप में गढ़वा वासियों की उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा में जहां भी खड़े हो जाएं वहां विकास की नई झलक दिखती है।

# कूप निर्माण योजना के मानक में आंशिक संसोधन की मांग

## जिपस ने सीएम के नाम बीडीओ को दिया मांगपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ शर्मा रंजनी ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी के उचित माध्यम से जिले के बिरसा सिंचाई को संवर्धन योजना के मानक प्राक्कलन में आंशिक संशोधन करते हुए फाउरिंग से कूप निर्माण करने की मांग रखी। जिप सदस्य रंजनी शर्मा के दिए गए मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि झारखंड सरकार ने बिरसा सिचाई कूप संवर्धन योजना के तहत सिंचाई कूप निर्माण हेतु राज्यादेश पारित किया गया है। उक्त सिंचाई कूप में निर्माण हेतु बोल्डर एवं ईंट का प्रावधान किया गया है। भौगोलिक रूप से देखा जाय तो गढ़वा जिला के भवनाथपुर में उक्त प्रावधानित प्राकलन के अनुरूप कूप का निर्माण कराना असंभव है। स्थानीय स्तर पर बोल्डर लीज नहीं होने के कारण पत्थर प्राप्त होने मे कठिनाई होगा साथ ही काफी महंगा होगा। प्राकृतिक रूप से नदी तटीये एवं बलुई मिट्टी का होना, जिससे कूप निर्माण के समय धंसने का डर होगा जिससे कार्य के दौरान मजदूरों के साथ अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। परंपरागत रूप से भवनाथपुर में फाउरिंग कूप निर्माण का प्रचलन है। सदियों से सभी योजनाओं मे फाउरिंग कूप का निर्माण होता आया है, जिसमें यहां के मिस्त्री एवं मजदूर इस कार्य में दक्ष हैं। पूर्व में इस प्रकार के कूप में 35 से 50 फीट तक खुदाई कर फाउरिंग कूप का निर्माण हुआ है, जिससे गर्मी में भी उक्त कूप में पानी रहता है और बड़े पैमाने पर कृषकों की भूमी का सिंचाई हो पाता है।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों के रैयतों एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा यह अनुरोध किया गया है कि पत्थर की असुलभता एवं बलुआई मिट्टी क्षेत्र भुभाग व परंपरागत रूप से फाउरिंग कूप निर्माण कार्य में मेट, मिस्त्री एवं मजदूरों के कार्य दक्षता को देखते हुए मानक प्राकलन में आंशिक सुधार करते हुए फाउरिंग कूप निर्माण हेतु उचित कार्यवाई करने की मांग की गई है। किसानों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग के आलोक में शर्मा ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के नाम लिखने की मांग रखी।

# 1640 आवेदनों में 195 का निष्पादन

## खरौंधी प्रखंड की सिसरी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



खरौंधी प्रखंड के सिसरी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविन्द्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य सिसरी पंचायत के मुखिया श्वेता देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया स्वेता देवी ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक फॉर्म अबुआ आवास के लिए आ रहा है। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने कहा कि झारखंड सरकार का सबसे सफलतम कार्यक्रम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के लिये लगातार प्रयास कर रही है।

बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले सहित अन्य प्रकार की योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉलों पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1640 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें 195 आवेदनों का त्वरित रूप से निष्पादन किया गया, जबकि 1445 आवेदन लंबित रहे। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 1010, आयुष्मान कार्ड के लिए 8, मनरेगा के नया जॉब कार्ड के लिये 22, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 57, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 10, बिजली की समस्या के लिए 1, पशुपालन विभाग से 20, कंबल वितरण के 11, सर्वजन पेंशन के 13, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 22, किसान क्रेडिट कार्ड के 8, आधार पंजीकरण के 5, स्वच्छता व पेयजल के 350, कल्याण विभाग के 1, आजीविका मिशन के 11, स्वास्थ्य जांच 102 के, राजस्व एवं भूमि सुधार से सबंधित एक आवेदन प्राप्त हुआ।

मौके पर झामुमो नेता बिनोद यादव, हिफाजत अंसारी, सिया राम, डॉ रामचरित्र मेहता, अशोक ठाकुर, सीआई मोजिब खां, अजमेरी अंसारी, प्रखंड नाजीर संजय सक्सेना, मयंक कुमार, बीपीओ कमलेश कुमार, बीआरपी राजेन्द्र प्रसाद, पंचायत सेवक कपिल देव सिंह, रोजगार सेवक सुनील कुमार, लेखपाल आसनन्दन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, महेंद्र साह, बिजली विभाग से इंदल राम, उदय अलबेला, सुनील बैठा आदि उपस्थित थे।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध निकाली रैली

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अन्तर्गत हुलहुला खुर्द पंचायत के नरखोरिया, पिंडरिया, शिवपुर, सोनवर्षा गांव के सभी जेएसएलपीएस के महिला समूह के सदस्यों ने नई चेतना, पहल बदलाव की, सहेंगे नहीं कहेंगे, चुप्पी तोड़ेंगे, लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान, शपथ आदि कहते हुए पिंडरिया चौपाल से लेकर सोनवर्षा गांव तक जागरूकता रैली निकाली।

एसआरपी वाजदा खातून ने कहा कि लिंग आधारित वह व्यवहार जिसकी वजह से महिलाओं एवं लड़कियों को शारिरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से चोट पहुंचे या पहुंचने की संभावना हो उसे हम हिंसा कहते हैं। आज महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नहीं है। पितृसत्ता का वह नियम जो महिलाओं को अपने उस परिस्थितियों में फसी हुई है जिस परिस्थितियों से महिलाएं निकल नहीं पा रही है। पितृसत्ता में मान्यता है कि महिलाएं काम एवं भोग के लिए हैं। जिस कारण पुरुषों में यह धरना बनी हुई है। आज सरकार महिलाओं एवं पुरुषों को बराबरी का दर्जा दिया है। इसलिए महिलाओं एवं पुरुषों दोनों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर हुलहुला पंचायत की मुखिया सुशीला देवी, एसआरपी वाजदा खातून, एफटीसी अनुज सिंह, बीएपी रंजीत कुमार साव, आईपीआरपी जाबिर हुसैन, सीसी योगेंद्र सिंह, अध्यक्ष जुलेखा बीबी, सचिव चिंता देवी, सक्रिय महिला अंजू, खुश्बू, उषा, पिंकी, माधुरी, शिला, जैरुणं निशा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 'सरदार वल्लभ भाई की देशभक्ति पूरे राष्ट्र को प्रेरित करती रहेगी'

## खरौंधी प्रखंड के चौरिया में 'लौह पुरुष' की मनाई गई पुण्यतिथि

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि प्रखंड के चौरिया गांव स्थित पटेल चौक पर शुक्रवार को मनाई गई। 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के खेड़ा जिले में एक किसान परिवार में पैदा हुए पटेल को उनकी कूटनीतिक क्षमताओं के लिए सदा स्मरण किया जाता है। कुर्मी महासभा के जिला संयोजक सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार चौधरी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। पूर्व उपप्रमुख सह कुर्मी समाज के नेता गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल की देशभक्ति पूरे राष्ट्र को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

उन्होंने कहा की शक्ति के अभाव में विश्वास व्यर्थ है। विश्वास और शक्ति, दोनों किसी महान काम को करने के लिए आवश्यक हैं- वल्लभभाई पटेल। देश की 562 रियासतों का विलय करवाकर अखंड भारत का स्वप्न साकार करने वाले, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता की जो ज्योत लौहपुरुष ने प्रज्ज्वलित की है, वह सर्वदा भावी पीढ़ियों को राष्ट्र के नवनिर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करती रहेंगी। देश की प्रगति और उन्नति के लिए हम सब साथ कदम बढ़ाएं। यही मां भारती के सपूत के चरणों में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अखंड भारत के निमार्ता, राष्ट्रशिल्पी, उत्कृष्ट कूटनीतिज्ञ, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि। विधायक प्रतिनिधि बिनोद कुमार चौधरी सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए अपने संदेश में कहा एकता के बिना जनशक्ति शक्ति नहीं है, जबतक उसे ठीक तरह से सामंजस्य में ना लाया जाए और एकजुट ना किया जाए, और तब यह आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है। आपके सिद्धांत हमारी प्रेरणा का स्रोत हैं। ह्यदेश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले स्वतंत्र भारत के शिल्पी 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। उनके आदर्श और सिद्धांत हमें देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर अजय चौधरी,रामेश्वर कुमार पटेल,डोमन चौधरी,किशुन चौधरी, श्यामबिहारी चौधरी, हरिनंदन चौधरी, यमुना चौधरी, प्रहलाद चौधरी, मनोज चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

**पहल** जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से, उद्घाटन मैच आईपीएस रंका व संत पॉल रेहला के बीच

# 49 टीमों के 735 खिलाड़ी करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित होनी वाली 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसपी दीपक कुमार पांडे और डीडीसी राजेश कुमार राय करेगे।

संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडे ने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में जानी जाती है। इसमें इस वर्ष 49 टीमें भाग ले रही हैं। कुल 735 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी, जिसका समापन 14 जनवरी को होगा। इसमें जिले के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे हं। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 22वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जाती है, ताकि विद्यालय के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकें। प्रतियोगिता निष्पक्ष व शांतिपूर्ण से संपन्न हो, इसके लिए पर्यवेक्षक और अंपायर का पैनल बनाया गया है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। यह राज्य में खेल के क्षेत्र में होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है।

इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक कुमार दुबे, चंद्रभूषण सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्याय, आदित्य तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, मनीष पाठक, प्रवीण मिश्रा आलोक गुप्ता, रोहन तिवारी, पंकज सोनी, आदित्य, विशाल कुमार, अनिल कुमार मेहता, आयुष सिंह, साकेत कुमार, सिकंदर उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कोयला चोरी मामले में बीस लोगों पर मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**टंडवा।** थाना क्षेत्र की मगध कोल परियोजना इन दिनों कोयला चोरी के मामले को लेकर खुब सुर्खियों में है। सूत्रों की मानें तो कोल परियोजना क्षेत्रों से अवैध कोयले का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूंगटा कंपनी का कोयला चाईबासा स्थित चिलयामा में ना जाकर खुले बाजारों में 170 टन की बिक्री कर दी गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग सात लाख रुपये बताई जाती है। इस संबंध में ट्रांसपोर्टर सुरेश यादव के बयान पर टंडवा थाना में कांड संख्या 283/23 में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में छह ट्रक मालिकों समेत 20 नामजद आरोपी बनाये गये हैं। जानकारी देते हुवे ट्रांसपोर्टर ने बताया कि रूंगटा कंपनी का 12 हजार 400 टन कोयला चाईबासा के चिलयामा जा रहा था। इसी बीच छह ट्रक कोयला निर्धारित प्लांट न जाकर बीच रास्ते में बिक्री कर दी गई। नामजद आरोपियों में कैलाश साव, अरूण राम, अरूण साव, बिनोद साव, छोटू सिन्हा, मो. इरशाद, विक्रम साव तथा संदीप कुमार समेत अन्य का नाम शामिल है। मामला पिछले चार माह पूर्व की बताई जा रही है। पुलिस निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने त्वरित संज्ञान लेते हुवे जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों के बीच स्वेटर व जूते का वितरण

**कुंदा।** कुंदा प्रखंड के सुदूरवर्ती नवादा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रंगनियातरी व उलवार विद्यालय में गुरुवार को मुखिया भरत यादव की उपस्थिति में शिविर लगाकर प्रथम व द्वितीय कक्षा के लगभग 60 बच्चों के बीच स्वेटर व जूते का वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र कुमार यादव, अशोक यादव समेत स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**चतरा।** सदर प्रखंड के लेम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को शिविर लगाकर असहाय व गरीबो के बीच कंबल का वितरण किया। शिविर में मुखिया राकेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह ने पंचायत के लेम, भोज्या, सतौर, सिनपुर, मरमदिरी, कनौदी, लुपुंगा, गोडरा, तुरी, लातवेद, पचमहला गांव के 150 गरीबों को कंबल मुहैया कराया। मौके पर वार्ड सदस्य रितेश सिंह, सुबोध सिंह अशोक सिंह, अलख सिंह, मनोज सिंह सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### सिमरिया प्रखंड के पांच महत्वपूर्ण सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ

**सिमरिया।** प्रखंड की पांच अति महत्वपूर्ण सड़क के जीर्णोद्धार और चौड़ीकरण का कार्य संवेदक जयप्रकाश सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। सड़क का शिलान्यास आनलाइन पहले होने के कारण सबानो से केंदु भवानी मठ तक के सड़क का पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साव और रोल से दुवारी, राजेश द्वार से पचफेडवा, तेतरमोड से डाडी और चौथा से पथलकुदवा तक के सड़क का कार्य पूर्वी जिप सदस्य रोहनी देवी द्वारा किया गया। मौके पर पंडित सिद्धेश्वर नाथ शर्मा, नामधारी महतो, रविकांत, रामलाल साव, राहुल कुमार, तालो साव आदि मौजूद थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत कबरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन मुखिया निलेश ज्ञासेन, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय एवं बीपीओ सुबोध कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन सुमन भारतीय ने किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, जिप सदस्य देवंती देवी, पंचायत समिति सदस्या शशिबाला देवी, विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा विभाग) गणेश प्रसाद साहु उर्फ ललित साहु, मंडल महामंत्री संजीव पांडेय, पूर्व मंडल महामंत्री उदय पांडेय, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित थे।

### जल संचयन की योजनाएं हुई पारित

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को मुखिया निर्मला देवी व पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के संयुक्त नेतृत्व में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसमें जल संचयन की योजना पास की गई। इस योजना के तहत सभी घरों में शुद्ध पेयजलापूर्ति करना, जल संचय को ले सभी घरों में सोखता पीट बनाना, बुनियादी ढांचा का निर्माण करना, सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी में शौचालय का निर्माण करना सहित अन्य योजनाएं शामिल है। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य ममता कुमारी, पूर्व उपमुखिया सुरेश प्रसाद राणा, बबलू कुमार साव महावीर दागी उपेंद्र दांगी, यदुनंदन पांडेय, खुशियाल दांगी, राजेश कुमार संजय दांगी राजेश कुमार दांगी आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में पर्यावरण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को पर्यावरण पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान पीएलभी शारदा भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर छात्राओं को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, छुआछूत, डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम आदि कानून की जानकारी दी गई। मौके पर वार्डेन विंदु पोद्दार, मंजू कुमारी, विनय कुमार दांगी, विक्रांत कुमार वर्मा, राहुल कुमार सहित छात्राएं उपस्थित थे।

# शिविर में उमड़ी भीड़, 1352 आवेदनों में 491 का निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड के केड पंचायत सचिवालय में किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, लालमन उरांव मुखिया, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार आदि ने किया। कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में 1352 आवेदन विभिन्न स्टॉल में प्राप्त हुए, जिनमें 491 आवेदनों का ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया, जबकि शिविर में सबसे अधिक 538 आवेदन अबुआ आवास योजना के प्राप्त हुए। वहीं शिविर में सावित्री फुले बाई योजना का बालिकाओं के बीच प्रमाणपत्र वितरण, धोती साड़ी, कंबल आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, तेतर यादव, पंचायत समिति सदस्य, अंचल निरीक्षक सुरेश राम, राम नाथ वर्मा, विजय कुमार पप्पू, नरेश यादव, अरुण कुमार, बनवारी सिंह सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### 18 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण

**बारियातु।** प्रखंड की साल्वे पंचायत के मध्य विद्यालय के समीप शुक्रवार को मुखिया राजिव भगत की अध्यक्षता में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, मुखिया भगत, बीपीओ रवि यादव, पंचायत सेवक ओमाशंकर सिंह,एटीएम मो शमीम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में महिला स्वयं सहायता समुह के 270 सदस्यों के बीच जेएसएलपीएस के द्वारा आइडी, 380 लाभुकों के बीच धोती



साड़ी लुंगी व 52 वृद्ध, गरीब असहाय के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं शिविर में अबुआ आवास योजना के लिए 1015 एंव सिंचाई कुप निर्माण, म्युटेशन, आयुषमान कार्ड, राशनकार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए 292 आवेदन प्राप्त हुए। 18 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया। मौके पर जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, लाखो भुईयां, पुर्व मुखिया विशुन्देव उरांव, समाजसेवी नन्दु उरांव, मो शमिम, मुकेश गंझू, मंगर गंझु,गोविन्द राणा, पुर्व प्रमुख शितल कच्छप, कुलदीप गंझु, बिनोद उरांव, प्रखंड आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, शशि पूनम कुजूर, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, डॉ नौशाद आलम, संदीप कुमार, बलराम कुमार, सुनील कुमार रवि, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर, आरिफ अंसारी, मोहम्मद सरफराज, सुखबिलाश कुमार, महेश यादव, संतोष प्रसाद, धीरज राणा मौजूद थे।

### पांच लाभुकों को मिला कूप योजना का लाभ

**चंदवा।** प्रखंड की कामता पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से 5 लाभुकों के बीच बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 4 लाभुकों के बीच सर्वजन पेंशन योजना, 5 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 5 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 2 छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, 20 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी, 10 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### भूसुर में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**लातेहार।** सदर प्रखंड की भूसुर पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कश्यप, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। 5 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, 2 लाभुकों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, 5 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल यूनिफॉर्म, 4 छात्राओं के बीच साइकिल के लिए स्वीकृति पत्र, फूलो झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत 1 लाभुक, मुद्रा लोन 1, जॉब कार्ड 5 लाभुकों को पौधा, 5 लाभुकों के बीच सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत स्वीकृति पत्र, 5 धोती साड़ी लूंगी 411, लाभुक के बीच सर्वजन पेंशन योजना के साथ 8 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### रामदेव गंझू के पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी, कहा

# झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई थी रामदेव ने

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड के नगर मंदिर मुख्य द्वार के समीप झारखंड आंदोलनकारी सह गंझू समाज के अग्रणी नेता स्व रामदेव गंझू की 8 वी पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में आजसू प्रवक्ता देवशरण भगत, लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम, सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक जय प्रकाश सिंह भोक्ता, भोक्ता समाज के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन गंझू, भाजपा नेत्री नीलम देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, राजधानी यादव, जिप अध्यक्ष पुनम देवी, जिप सदस्य चंदवा पश्चिमी सरोज देवी समेत अन्य शामिल थे।

समारोह की शुरुआत संयुक्त रूप से स्व रामदेव गंझू के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भोक्ता समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह भोक्ता कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्व रामदेव गंझू समाज को एकजुट करने के साथ साथ झारखंड आंदोलन में भी अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज भोक्ता समाज को जो आदिवासी



का दर्जा प्राप्त हुआ है इसके लिए भी रामदेव गंझू को हमेशा याद किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासियों की हितैषी पार्टी कोई है तो वह भारतीय जनता पार्टी है माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भोक्ता समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करने का काम किया है साथ ही एक आदिवासी महिला को झारखंड राज्य का राज्यपाल बनाया इसके बाद उसी आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति बनाकर पूरे विश्व में आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि स्व रामदेव गंझू के नेतृत्व समाज को आदिवासी का दर्जा दिलाने हेतु समिति का गठन किया गया तथा चेतना रथ के माध्यम से झारखंड के कोने कोने में घुम घुम कर अपने समाज को जगाने का काम किया था उनके संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक प्रकाश राम,रामदेव सिंह भोक्ता, रामनाथ गंझू,जिप अध्यक्ष पुनम देवी,रवि गंझु,समेत अन्य ने संबोधित किया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध कर रखा था। कार्यक्रम में स्थल पर चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार,सीओ जयशंकर पाठक, पुअनि नारायण यादव, दिव्यप्रकाश कुमार,रंजन सिंह समेत अन्य कई थानों की पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही।

### कुटिया, शेड व हाई मास्ट लाइट निर्माण का भूमि पूजन

**मयूरहंड।** फुलांग पंचायत अंतर्गत तिलेटांड गौरक्षणी में सांसद मद से बनने वाले कुटिया, शेड एवं हाईमास्ट लाइट का भूमि पूजन शुक्रवार को किया गया। सांसद डॉ. सुनिल सिंह द्वारा गौरक्षणी के वृहद व सुदृढ संचालन को लेकर अपने मद से सुंदरीकरण को लेकर महाराज कुटिया व गो शाला का निर्माण करवाया जाएगा। मौके पर निर्भय ठाकुर, पिन्टु सिंह, राजेश सिंह, भाजपा जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, सीताराम सिंह के अलावा साधू संत उपस्थित थे।

## आईजी लकड़ा ने व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने शुक्रवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी उपस्थित थे। उन्होंने कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाला रास्ता, इंट्री गेट का निरीक्षण किया। आईजी ने कोर्ट हाजत मालखान भवन के प्रथम तल्ला व सबसे ऊपरी तल्ले से न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिए। वह न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। कई स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा को लेकर निर्देश भी दिए हैं। मौके पर एसडीपीओ लातेहार संतोष कुमार मिश्रा, सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक मदन शर्मा पु.अ.नि.गौरव सिंह आदि मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या– 08/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 14.12.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/28/ 2023-24 | ग्राम–महाबोधवा से कसडाबर होते हुए हटवरिया मुख्य पथ तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं.–3.00 कि.मी.)। | 291.36109 | दो करोड़ इक्यानबे लाख छत्तीस हजार एक सौ नौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/ CHATRA/29/ 2023-24 | ग्राम–सतघरवा में डुमरिया मुख्य पथ से रमाधीन सिंह के घर तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं.–1.490 कि.मी.)। | 158.28990 | एक करोड़ अन्ठावन लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ नब्बे मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/ CHATRA/30/ 2023-24 | एन.एच.–99 से बेला स्कूल होते हुए फिटिंग टांड़ तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं.–2.100 कि.मी.)। | 227.95478 | दो करोड़ सत्ताईस लाख पन्चानबे हजार चार सौ अठहत्तर मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/ CHATRA/31/ 2023-24 | ग्राम काशिकेवाल प्रतापपुर मुख्य पथ से औरू पक्की सड़क तक पथ निर्माण कार्य (लं.–1.850 कि.मी.)। | 201.20834 | दो करोड़ एक लाख बीस हजार आठ सौ चौंतीस मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/ CHATRA/32/ 2023-24 | ग्राम–सुरहुद से गुवे तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं.–4.880 कि.मी.)। | 554.07163 | पाँच करोड़ चौअन लाख सात हजार एक सौ तिरेसठ मात्र | 18 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 05.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.01.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 313589 (Rural Work Department)23-24*D


### बारियातु में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन



**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में प्रखंडस्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच में चट्टान क्लब साल्वे ने शिव पहाड़ी मंदिर क्लब शिबला को एक गोल से हरा दिया। प्रतियोगिता मंगलवार को प्रारंभ हुई थी। विजेता एवं उप विजेता टीम को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, सीओ ननद कुमार राम, शिबला मुखिया सुरेश उरांव, शांति देवी, राजीव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, प्रखण्ड नाजीर महेंद्र बीधीकर, सहायक अजय मुंडा, पंचायत सेवक अर्विन्द पाण्डेय, उमाशंकर सिंह, फेबीयानिस खलखो ने संयुक्त रुप से सम्मानित किया।

## मिथलेश ने जड़ा शतक कन्हाचट्टी 97 रन से जीता




**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चल रहे जिला स्तरीय लीग मैच में गुरुवार को 14वां मैच कन्हाचट्टी बनाम इलेवन वारियर्स के बीच खेला गय। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कन्हाचट्टी टीम ने 25 ओवर में तीन विकेट खो कर 208 रन बनाये। कन्हाचट्टी की ओर से मिथलेश कुमार ने शानदार 104 व आनंद ने 52 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए इलेवन वारियर्स की टीम ने 20.2 ओवर में सभी विकेट खो कर 111 रन ही बना पाई। मिथलेश कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
EXECUTIVE ENGINEER NH DIVISION, MEDININAGAR
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, JHARKHAND

**Request for Proposal for Performance based Maintenance Contracts**

**NIT No.- NH/MEDININAGAR/PBMC/03/2023-24 Date:- 13.12.2023**

Application in the prescribed format from eligible contractors for Request for proposal for Performance Based Maintenance Contracts (PBMC) mode are invited for following project in two bid systems, (Technical & financial).

| Sl No. | Name of works | State | Length | Approximate Cost (In Lakh) | Cost of RFP documents in Rs. | Bid Security (In Lakh) | Contract Duration* (Months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (i) PBMC work of NH-98 (New NH-139) from km 57.049 to km 79.147 (Total Length =22.098 km) in the State of Jharkhand. (ii) PBMC work of NH-343 from km 109.70 to km 158.50 (Total length=48.80 km) in the State of Jharkhand | Jharkhand | 70.898 km | 6275.94 | 10000/- | 62.76 | 60 Months |

**Important Dates.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Notice Inviting RFP | : | 13.12.2023 |
| 2. | Last Date of Receiving Quarries | : | 03.01.2024 |
| 3. | Pre-Bid Meeting at venue (as mentioned in RFP) | : | 08.01.2024 |
| 4. | Authority Response to Queries Latest by | : | 12.01.2024 |
| 5. | Period of Sale of Bid Document | : | From 19.12.2023 15:30 HRS to 18.01.2024 upto 17:00 HRS Through : Official Portal of [https://eprocure.gov.in] |
| 6. | Bid Due Date | : | Date 18.01.2024 upto 17:00 HRS Through : Official Portal of [https://eprocure.gov.in] |
| 7. | Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original. | : | 19.01.2024 upto 12:00 HRS |
| 8. | Time and Date of Opening Technical Bid (RFP) | : | Date 19.01.2024 15:00 HRS Through : Official Portal of [https://eprocure.gov.in] |
| 9. | Time and Date of Opening Financial Bid | : | To be notify. Through : Official Portal of [https://eprocure.gov.in] |
| 10. | Place of Opening of Bids | : | Office of the Chief Engineer, NH Wing, Jharkhand, Ranchi Through : Official Portal of [https://eprocure.gov.in] |
| 11. | Bid Validity | : | 120 Days from the Bid Due Date |
| 12. | Officer Inviting Bids | : | Executive Engineer, NH Division, Medininagar, RCD, Jharkhand, Ranchi. |

(a). Form Fee (Cost of RFP document) which is Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) shall be paid only through **NTRP (Non-Tax Receipt Portal)** Portal **https://bharatkosh.gov.in to Pay & Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122** Purpose: Sale of Tender Documents].

**Executive Engineer**
**National Highway Division, Medininagar**

PR 313579 Road(23-24)#D


## नाराजगी: किसान सिंगल विंडो सेंटर पत्थलगड़ा प्रशिक्षण का विरोध

# किसानों ने लगाया चना बीज घोटाले का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड क्षेत्र के किसान प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सिंगल विंडो सेंटर में शुक्रवार को आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं तकनीकी रूप से फसलों में लगने वाले रोगों आदि की जानकारी दी गई।

इस दौरान किसानों ने प्रशिक्षण का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सिर्फ यहां मिलीभगत करके सारे बीजों को किसी दूसरी जगह खपाया जाता है। बीटीएम राजीव




रमन द्वारा हमेशा प्रखंड में बीजों का घोटाला किया जाता है। कुछ दिन पूर्व विभाग में चना उपलब्ध कराया गया था, जिसमें कुछ किसानों को चेहरा देख कर 2 केजी, 5 केजी व 10 किलो ग्राम दिया गया। वहीं पत्रकारों के द्वारा जानकारी मांगी गई तो इसकी जानकारी देने से राजीव रमन ने इंकार कर दिया। किसानों ने उच्च स्तरीय पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### गिद्धौर : सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 985 आवेदन

**गिद्धौर।** प्रखंड अंतर्गत बरियातू पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिप सदस्य अनीता देवी, बीडीओ हरिनाथ महतो, प्रमुख अनीता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया डेगन गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से किया। कुल 985 आवेदन आए। सर्वाधिक 676 आवेदन अबुवा आवास के आए। कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, बीपीओ रामकुमार सिंह, पंचायत सचिव उज्वल सिंह, रोजगार सेवक निर्मल दांगी आदि मौजूद रहे।

## गागर में सागर

### ठंड से वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत मुरपा कांशीटांड़ के समीप एक बुजुर्ग का शव मिलने की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजवाया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अरु पतराटोली निवासी सीताराम उरांव का 62 वर्षीय पुत्र जोहन उरांव अपनी बहन के घर भड़गांव बेड़ाटोली गया हुआ था। वह रास्ता भटक कर मुरपा कांशीटांड़ की ओर चला गया और काफी रात होने तथा ठंढ के कारण वृद्ध की मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को देख थाना प्रभारी अभिनव कुमार को लावारिस अवस्था में शव होने की सूचना दी। थाना प्रभारी को सूचना प्राप्त होते ही उनके निर्देश पर गश्ती दल घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है। वहीं एएसआई अलबिना लकड़ा ने बताया कि प्रथम दृष्टया ठंढ के कारण मौत होना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### 40 लाख की परिसम्पत्ति का वितरण

**सेन्हा।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र की शाहबुटी पंचायत स्थित उच्च विद्यालय के समीप मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसका शुभारम्भ जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, मुखिया पार्वती उरांव एवं अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना, मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच लगभग 40 लाख रुपये तक की परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। 15 छात्र-छात्राओं को साइकिल लेने के लिये और 10 छात्राओं को सैटरी बाई फुले योजना का राशी के लिये चेक प्रदान किया गया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत, सेन्हा प्रखंड के बुटी पंचायत और कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, प्रमुख सुचित्रा भगत, उप प्रमुख गीता देवी आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किस्को प्रखंड की परहेपाट और खरकी पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड के कर्मी,जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे। वहीं हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम अंतर्गत 16 दिसंबर को पूर्वाह्न में किस्को प्रखण्ड के पाखर तथा अपराह्न में नवाडीह पंचायत में आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी एल ई डी वैन के माध्यम एवं पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को दी जाएगी।

### प्रखंडवार नियुक्ति शिविर 18 से लगेगा

**लोहरदगा।** चेतन सवारे मिलेनियम स्किल असेसर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सिक्विरिटी गार्ड के पद पर 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 10वीं पास फ्रेशर व अनुभवी अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु प्रखंडवार शिविर का आयोजन किया गया है। नियुक्ति स्थल हैदराबाद, चेन्नई, गुड़गावं एवं नोएडा होगी। पे स्केल-15 हजार से 21 हजार होगी। नियुक्ति शिविर का आयोजन 18 दिसंबरको लोहरदगा प्रखण्ड परिसर, 19 दिसंबर को भंडरा प्रखंड परिसर, 20 दिसंबर को किस्को प्रखंड परिसर, 21 दिसंबर को सेन्हा प्रखंड परिसर, 22 दिसंबर को कुडू प्रखंड परिसर, 23 दिसंबर को कैरो प्रखण्ड परिसर तथा 26 दिसंबर को पेशरार प्रखण्ड परिसर में आयोजित किया गया है। योग्यता/अर्हता रखने वाले शिक्षित बेरोजगार युवक/युक्तियों को अपनी इच्छा अनुसार निर्धारित तिथि को प्रखण्ड परिसर में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं। इसकी जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा दी गई है।

### वेलफेयर सोसाइटी की बैठक आयोजित

**कैरो।** प्रखंड के कैरो मुहर्रम मेला टांड में शुक्रवार को मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के सदर महताब आलम के सदारत में सोसाइटी की बैठक हुई। मौके पर संगठन की मजबूती, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने, क्षेत्र के विकास में सहभागी बनने, बिना किसी भेदभाव के साथ सभी समाज के हित में कार्य करने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही साथ प्रखंड स्तरीय अंजुमन गठन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। मौके पर सदर महताब आलम ने कहा कि आज के समय में प्रखंड अंजुमन कमेटी की अतिआवश्यकता है ताकि समाज के हित में कार्य किया जा सके। क्षेत्र के विकास में सहभागी बन सके। निस्वार्थ भाव से सभी के हित में कार्य कर सके। गांव टोला स्तर पर जो भी छोटा मोटा आपसी मामला नहीं सुलझ पाता है उसे प्रखंड अंजुमन से निबटाया जा सके। मौके पर सोसाइटी के सदर महताब आलम, सचिव खुर्शीद अंसारी, नईम अंसारी, जमील अंसारी, तबारक अंसारी, मुस्लिम अंसारी, मजुल अंसारी, अख्तर अंसारी, सोनू खान आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का समापन

# महिला में कुडू और पुरुष वर्ग में लोहरदगा की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप महिला एवं पुरुष 2023 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां उपस्थित हुए। उपायुक्त ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता के लिए कठिन अभ्यास की आवश्यकता होती है, सफल आयोजन के लिए विभाग को बहुत बहुत बधाई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहता है। जो खेलता है वह सभी विजेता हैं। आप सभी प्रमंडल में खेलने जा रहे हैं जहां कई जिले के खिलाडी होंगे। आपका कंपटीशन टफ होगा। आप लोहरदगा का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करेंगे यही हमारी शुभकामना है। जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा ने कहा कि लोहरदगा जिला के खिलाड़ियों ने बढ़िया खेल का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण महिला एवं पुरुष के फुटबॉल टीम में सभी प्रखंडों का प्रतिनिधित्व रहा यह खेल भावना को प्रदर्शित करता है। विजेता एवं उपविजेता दोनों दल के टीम प्रमंडल स्तर के खेल में भाग लेंगे। खेल में महिला वर्ग के फाइनल में कुडू ने भंडरा की टीम को 1-0 से हराकर विजेता बनी। वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में






लोहरदगा ने किस्को प्रखंड को 4-1 हराया। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उप विजेता टीम को मोमेंटो, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं जर्सी देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निमित्त मुख्य अतिथि द्वारा उपवन बड़ा, खेल सहायक लखन राम, शिक्षक अरुण राम एवं गणेश लाल को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल आयोजन को सफल बनाने में जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, लखन राम, तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अरुण राम, गणेश लाल, रामस्वरूप प्रसाद, संजय भगत, अंजना खलखो, रश्मि खेश, अनिल उरांव, सारू उरांव, दुर्गा कुमार, वीरेंद्र यादव, प्रतिमा खलखो, रेखा तिर्की, चिकित्सा दल के आलोक कुमार, मनीष कुमार, ऋतु प्रजापति, प्रतिमा कुमारी, तनवीर जक्की असरफ, चन्दर, प्रकाश ठाकुर, मैच रेफरी रोशन मुंडा लाईनमैन अभिषेक साहू, कृष्ण उरांव, शिवा उरांव, खेल प्रशिक्षक नम्रता भगत, विजय कुमार फुटबाल प्रशिक्षण एवं सभी प्रखंड के पंचायत सचिव, टीम मैनेजर एवं कोच उपस्थित थे।

# गुमला में अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई तीन युवकों की मौत

### पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव परिजनों को सौंप दिये

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के पालकोट थाना क्षेत्र स्थित सेमरा जंगल के समक्ष एक बाइक अनियंत्रित होकर सीधे एक पेड़ से टकरा गई। इस घटना में बाइक पर सवार तीनों युवकों की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

बाइक सवार तीनों युवकों की पहचान सेमरा ग्राम निवासी समर्पण एक्का, जॉर्ज कोंगाड़ी और मिखाइल बरला के रूप में हुई है। हालांकि मृतकों के नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है कि उक्त घटना बृहस्पतिवार की संध्या 6.30 बजे की है। तीनों युवक आपस में रिश्तेदार हैं। घटना की सूचना मिलते ही तीनों युवकों के माता-पिता, परिवार के सदस्य और परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची औरतीनों युवकों को उठाकर पोलकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टर ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव परिजनों को सौंप दिये। गुमला पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने उक्त दुर्घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए जनता को यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने, तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने और नशीले पदार्थ का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

# घाघरा में रिटायर्ड फौजी की कुएं में गिरकर हुई मौत

### पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के घाघरा थाना स्थित चेगरी ग्राम निवासी मृतक 60 वर्षीय वृद्ध आर्मी रिटायर्ड फौजी मनोज उरांव की कुएं में गिरकर मौत हो गई। पुत्र मुकेश मिंज ने बताया की गुरुवार के प्रातः लगभग 5:30 बजे मेरे पिता घर से घूमने के लिये निकले थे, लेकिन फिर वह घर वापस लौट कर नहीं आए। उसके बाद हम परिवार के लोग उनकी खोजबीन करने लगे। इसी क्रम में घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक कुएं में उनका चप्पल पानी के ऊपर तैरता देखा गया। लोहे के झगड़ कुए में डालकर देखा गया तो, उनके शव का पता चला। उक्त घटना की सूचना घाघरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से मनोज उरांव का शव कुएं से बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# सीआरपीएफ 158 बटालियन के स्वच्छता पखवाड़े का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार 158वीं बटालियन, सीआरपीएफ में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधी के दौरान बटालियन के अधिकारियों/जवानों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, हर वर्ष स्वच्छता के लिए 100 घंटे श्रमदान करने, अपने गली मुहल्ले, कार्यस्थल को स्वच्छ रखने तथा अन्य 100 व्यक्तियों को भी इस सबंध में जागरूक करने हेतु शपथ ली। कार्ययोजना के अनुसार 158वीं बटालियन, सीआरपीएफ द्वारा बैनर लगाकर, स्थानीय लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से रोड मार्च भी निकाला। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान बटालियन के कार्मिकों द्वारा अपने परिसर स्थित बैरकों की छतों, मैसों के स्टोर, बाथरूम तथा नालियों इत्यादी की साफ-सफाई की गई तथा कैम्प परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र के कूड़े का उचित निष्पादन किया गया। डीसी ऑफिस लोहरदगा मोड़ में स्थित चर्च तथा अजय उद्यान पार्क लोहरदगा में जाकर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिससे आम जनता के बीच स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयत्न किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के दौरान राहुल कुमार, कमाण्डेन्ट - 158 बटालियन तथा अधिकारियों द्वारा कैम्प परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाने स्वच्छता बनाए रखने तथा मलेरिया और अन्य बीमारियों के खिलाफ निवारक उपायों के बारे में जवानों को जागरूक करने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के समापन की घोषणा की।

# बालू के अवैध उठाव व परिवहन पर कार्रवाई

**गुमला।** सिसई अचंल अन्तर्गत ग्राम-ओलमुण्डा, बरगांव, मुर्मू आदि में अवस्थित नदियों से अवैध रूप से बालू का उठाव एवं परिवहन पर टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक लगातार रात्रि में बालू लदे वाहनों का धर पकड़ करने हेतु छापामारी की गयी। जिला खनन पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 13 दिसंबर को भरनो ब्लॉक चौक के पास रात्रि करीब 8:00 बजे बिना वैध कागजात के अवैध रूप से बालू परिवहन करते एक हाईवा को पकड़ कर जिला खनन पदाधिकारी, गुमला द्वारा भरनो थाना में मामला दर्ज कराया गया। इसी क्रम में 13 दिसंबर को सिसई थाना अन्तर्गत गुमला रांची मुख्य पथ पर, मित्रा पेट्रोल पम्प के पास बिना परिवहन चालान के अवैध रूप से बालू का परिवहन करते एक हाईवा को पकड़ा गया।

# 4458 बच्चों के बीच 8916 स्वेटर वितरित

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

गर्भवती महिलाओं और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कुपोषण से बचाने और उन्हें स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1975 में देशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई थी। छोटे बच्चों को बेसिक शिक्षा प्रदान करने और गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ रखने वाली यह एक क्रांतिकारी योजना है। इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिला रहा है। विशेषकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का सबसे अधिक लाभ हुआ, जहां बच्चों को कुपोषण और बीमारी से बचाने में मदद मिली। आंगनबाड़ी सेंटर पर न सिर्फ कुपोषण के खिलाफ लड़ने में मदद मिली



बल्कि एक ही जगह बच्चों को संपूर्ण टीकाकरण एव अन्य स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जो देश के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ है। प्रखंड के 124 आगनबाड़ी केंद्र में नामांकित 4458 बच्चों के बीच दो दो सेट कुल 8916 स्वेटर का वितरण कर सरकार ने गरीब बच्चों को ठंड से बड़ी रहत देने का काम किया है। सरकार ने सही समय में बच्चों के बीच स्वेटर वितरित कर अभिभावकों को मदद की है। सरकार के इस पहल से बच्चे व अभिभावक की चेहरे मे मुस्कान लाने का काम किया है।

## पहल उपायुक्त की अगुवाई में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# मनरेगा : प्रखंडों को उपलब्धि में सुधार का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम वनाधिकार पट्टा के लिए प्राप्त आवेदन और अंचल अधिकारी द्वारा इस आवेदन पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। साथ ही, आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना में प्राप्त आवेदन व उस मामले में किया गया वेरीफिकेशन की प्रखंडवार समीक्षा की गई। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रति दिन आवेदनों के वेरीफिकेशन का लक्ष्य दिया गया।

जिला समन्वयक पीएमएवाई को प्रखंडवार आवदनों के प्रतिदिन वेरीफिकेशन का रिपोर्ट लिये जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा गुरुजी क्रेडिट कार्ड, कंबल वितरण, जन्म



प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड में संशोधन, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना, 15वें वित्त अंतर्गत प्राप्त आवेदन समेत अन्य योजनाओं में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और आवेदन अधिक से अधिक संख्या में सृजित व प्राप्त आवदनों का निष्पादन हेतु निर्देश दिये गये। जिला विकास समन्वय अंतर्गत सर्वप्रथम मनरेगा की समीक्षा की गई। मनरेगा में 90 प्रतिशत से कम मानव दिवस सृजित करनेवाले प्रखंडों को अपनी उपलब्धि में सुधार का निर्देश दिया गया। मनरेगा परियोजना पदाधिकारी को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रखंडों से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। प्रति गांव ली गई योजनाओं की समीक्षा गई, जिसमें लोहरदगा, भंडरा, कुडू और सेन्हा कम पाया गया। इस प्रखंडों को उपलब्धि में सुधार किये जाने का निर्देश दिया गया। योजनाओं की पूर्णता में भंडरा और किस्को प्रखंड को प्रदर्शन में सुधार किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार आदि उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा बैठक में आईटीडीए अंतर्गत प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में निबंधित छात्र-छात्रा व भुगतान की समीक्षा की गई। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा में छूटे हुए लाभुकों 7 दिनों कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में राज्य से स्वीकृत हुए और जिला से राज्य स्तर पर भेजे गये आवेदनों की समीक्षा की गई। वनाधिकार अधिनियम अंतर्गत व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टा अंतर्गत प्राप्त आवेदन व निष्पादन की समीक्षा की गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद

Email ID- eemidhus-cemr-jhr@nic.in

(3rd Call)

(नीति आयोग एवं DMFT के अभिसरण के तहत Rejuvenation of Water Bodies)

अतिअल्पकालीन ई0–निविदा संख्याः–WRD/MID/HUSSAINABAD/F$_2$-16/2023-24

पत्रांक– 833 हुसैनाबाद, दिनांक– 14/12/2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/01/2023-24 | नावाडीह आहर का जीर्णोद्धार ग्राम– नावाडीह पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–34 खेसरा संख्या–387 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 2 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/02/2023-24 | चौरेया तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम– चौरेया पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–64 खेसरा संख्या–229 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 3 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/03/2023-24 | सीरम तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–सीरम पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–79 खेसरा संख्या–520 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 4 | पाण्डू | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/04/2023-24 | कउआखोह बाँध का जीर्णोद्धार ग्राम–सिलदिली पंचायत–सिलदिली खाता संख्या– 72 खेसरा संख्या–375 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 18.12.2023 (11:00 AM) |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 23.12.2023 (05:00 PM तक) |
| 3 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 23.12.2023 (5:00 PM तक) |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.12.2023 (12:30 PM) |
| 5 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 6 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 9973686549 |
| 7 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |

नोट :– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 313577 District (23-24)_D



## झारखंड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला। ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–पुनर्निविदा संख्या:- 09/R1/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA

दिनांक:–13.12.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/GUMLA/STPKG-08/2023-24 | कांसीर रोड से लुरूकोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.720km) | 1255.625 | बारह करोड़ पच्चपन लाख बासठ हजार पाँच सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |
| | | मोकरा से करमटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(4.000km) | | | | |
| | | कोन्ड्रा से तारालाया से (पार्ट–ए) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.450km) | | | | |
| | | सिलम लोधाम से कोठाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.650km) | | | | |
| | | कोन्ड्र से तारालाया से (पार्ट–बी) तक सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.450km) | | | | |
| | | कुलमुण्डा–बेहराटोली से पीबो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(3.000km) | | | | |
| | | T01 से लसरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(4.100km) | | | | |
| | | एन0एच0–78 जैनाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.600km) | | | | |
| 2 | RWD/GUMLA/STPKG-09/2023-24 | सेमरा से खरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.000km) | 1393.709 | तेरह करोड़ तिरानबे लाख सत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |
| | | तेतरटोली से योगीमठ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(5.500) | | | | |
| | | देवगांव से रेरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(4.800km) | | | | |
| | | खरवाडीह से गोइनधरा तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.800km) | | | | |
| | | रोकेडेगा से भवराटोली (पार्ट–बी0) तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(12.200km) | | | | |
| 3 | RWD/GUMLA/STPKG-10/2023-24 | कांसीर रोड से लालमाटी तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(3.400km) | 1122.076 | ग्यारह करोड़ बाईस लाख सात हजार सात हजार छः सौ रू0 मात्र। | 09 माह | द्वितीय |
| | | कांसीर राड से उँचडीह तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(2.3km) | | | | |
| | | चैनपुर रोड से कसाईटोली (पारासीमा) तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(5.9km) | | | | |
| | | चैनपुर रोड से कसाईटोली (लुंगा) तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(5.8km) | | | | |
| | | नावाटोली से सारंगसोर तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(3.170km) | | | | |
| | | L046-L046 नावागढ़ से बासुदेवकोना तक का सुदृढ़ीकरण कार्य ।(3.3km) | | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 18.12.2023
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–28.12.2023 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.12.2023 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR 313493 Rural Work Department(23-24)D

## एक नजर

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा महान स्वतन्त्रता सेनानी एवं भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अखंड भारत बनाने एवं देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए किए गए आपके महान कार्य एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### विष्णुसाय ने राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा को दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजस्थान के नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। मुख्यमंत्री साय ने भजन लाल को उनके जन्मदिन और मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान की जनता को नई सरकार चुनने के लिए बधाई दी है।

### सौ बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार कार व बाइक बरामद



एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज थाना पुलिस ने कोडिनयुक प्रतिबंधित सौ बोतल कफ सिरप के साथ दो सौदागरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर फारबिसगंज के अंसारी चौक पर यह कार्रवाई की। पुलिस को यह सूचना मिली थी कि अंसारी चौक पर प्रतिबंधित कोडिनयुक्त कफ सिरप का काम अवैध रूप से चलाया जाता है। सूचना के सत्यापन के तहत पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मामले में हरिपुर वार्ड संख्या आठ का रहने वाला 29 वर्षीय मो.नुरुल्ला पिता- कलाम हुसैन और रामपुर दक्षिण वार्ड संख्या तीन का रहने वाला 21 वर्षीय मो समीर पिता- मो.जमील को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक दिल्ली नंबर की कार संख्या डीएल 3सीएबी 8601 और बिना नंबर की हीरो स्पलेंडर की मोटर साइकिल, सौ बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप और एक मोबाइल बरामद किया। कार में सवार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा।
फारबिसगंज पुलिस की यह कार्रवाई थानाध्यक्ष आफताब अहमद, एसआई अमर कुमार, एसआई अमरेंद्र कुमार और क्विक मोबाइल पुलिस टीम के द्वारा की गई।

# आज का भारत सरदार पटेल के सपनों का भारत है : योगी आदित्यनाथ

### सरदार पटेल ने भारत के 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने मलदहिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।
मुख्यमंत्री योगी ने देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि लौह पुरुष एक महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे। इसके साथ ही स्वतंत्र भारत में उनका योगदान नए भारत के शिल्पी के रूप में रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। आज का जो भारत है, वह सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों का भारत है। इसलिए पूरा देश भारत की अखंडता के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का स्मरण करके उनके प्रति श्रद्धावनत होता है। योगी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के इन्हीं मूल्यों और आदर्शों को ध्यान में रखकर काशी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री ने केवड़िया गुजरात में सरदार सरोवर के तट पर नर्मदा नदी में दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की है। आज वह एक तीर्थ बन गया है। सरदार पटेल के मूल्य और आदर्श हम सभी को एक नई प्रेरणा प्रदान करते हैं।




## कांकेर में शहीद जवान के परिवार को 50 लाख की मदद व सरकारी नौकरी देगी योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बुधवार को आईईडी विस्फोट में बलिदान हुए बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने अखिलेश कुमार राय के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उनके गृह जिले गाजीपुर की एक सड़क का नामकरण बलिदान जवान के नाम पर करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक बयान में गाजीपुर जिले के निवासी बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने बलिदान जवान के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। राज्य सरकार द्वारा दिवंगत जवान के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

## तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा बोधगया पहुंचे



**पटना।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा शुक्रवार को स्पेशल फ्लाइट से बोधगया पहुंचे हैं। सड़क मार्ग से गुजरते समय बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। बोधगया के तिब्बती मंदिर में दलाई लामा करीब एक माह का प्रवास करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। धर्मगुरु दलाई लामा के बोधगया आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। गया एयरपोर्ट से लेकर बोधगया तक चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। बौद्ध गुरु दलाई लामा का प्रवचन सुनने के लिए दर्जनों देशों के लोग बोधगया पहुंचे हैं। दलाई लामा 20 दिसंबर को महाबोधि संस्कृति केंद्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें 30 देशों के हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। दलाई लामा का टीचिंग कार्यक्रम भी होगा। बोधगया के कालचक्र मैदान में 29, 30 और 31 दिसंबर को यह कार्यक्रम होगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसे लेकर कालचक्र मैदान की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग काशी पहुंचे, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**वाराणसी।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी( भाजपा ) के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के थाप पर मुख्यमंत्री तमांग का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सुरेश सिंह, शैलेंद्र किशोर पांडेय, शीतला प्रसाद, डॉक्टर जयप्रकाश दुबे, अवधेश सिंह सारथी, हिटलर सिंह,प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा क्षेत्र उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा शैलेश पांडेय आदि शामिल रहे।

## कांग्रेस विधायक दल ने अपना नेता चुनने के लिए किया मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल ने बृहस्पतिवार को अपना नेता चुनने के लिए एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत किया। कांग्रेस विधायक दल का नेता ही मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनेगा। कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यसभी विधायकों ने एक पंक्ति का प्रस्ताव पारित किया है जिसमें पार्टी अध्यक्ष को अपना नेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया है। हमने फिर भी उनसे कहा कि हम इस मुद्दे पर व्यक्तिगत राय लेंगे और भंवर जितेंद्र सिंह और उन्होंने 61 विधायकों से मुलाकात की। सुरजेवाला ने आगे कहा, उन्होंने पार्टी को मजबूत करने पर भी अपने विचार व्यक्त किए।

### पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक बनाया गया एक इको सिस्टम

# बंगाल में टुकड़े-टुकड़े गैंग के लिए ममता ने बनाया सेफ माहौल : भाजपा

एजेंसी

**कोलकाता।** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपितों के मास्टरमाइंड और उसके सहयोगियों के कोलकाता से संबंधित होने को लेकर भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। ममता कैबिनेट में मंत्री तापस रॉय के साथ ललित झा की कई तस्वीरें सामने आने के बाद भाजपा लगातार निशाना साध रही है। नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल में शहरी नक्सलियों और टुकड़े-टुकड़े गैंग के लिए सेफ माहौल बनाया है। शुक्रवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक एक इको सिस्टम बनाया है जो शहरी नक्सलियों का पोषण करता है, टुकड़े-टुकड़े गैंग को प्रोत्साहित करता है, अवैध अप्रवासियों और घुसपैठियों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है और दस्तावेज बनाने में मदद करके उनके रहने की सुविधा प्रदान करता है।

दुर्भाग्य से राज्य राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का केंद्र और राष्ट्र-विरोधी हितों को आश्रय देने वालों के लिए सेफ प्लेस और कुनबा बढ़ाने का स्थल बन गया है। दूसरी ओर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और उत्तर बंगाल के प्रभारी अमित मालवीय ने कहा, ₹ममता बनर्जी अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता तापस रॉय के साथ ललित झा के संबंधों पर चुप नहीं रह सकती।

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों के साथ अपनी पार्टी के संबंध उजागर होने से डरे तृणमूल सांसद हंगामा कर रहे थे। तृणमूल के निचले स्तर के हिसाब से भी यह एक नया निचला स्तर है।

**मंत्री तापस रॉय के साथ ललित झा की कई तस्वीरें वायरल**



### एकतरफा प्यार में युवती की गोली मारकर हत्या

**नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव में गुरुवार देर रात सरेराह एक युवती की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसकी फुटेज प्राप्त कर पुलिस ने आरोपित की तलाश शुरू की। प्रारंभिक जांच में एकतरफा प्रेम में हत्या करने का मामला बताया जा रहा है। गोटेगांव थाना पुलिस के अनुसार, नगर के फुहारा चौक से रिपटा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग और सिंधी कालोनी के बीच शीतल धर्मशाला के पास एक अज्ञात युवक ने गुरुवार की रात करीब 10 बजे राह चलती युवती की सरेराह गोली मार दी। घटना के बाद आस पास के लोगों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल युवती को स्थानीय शासकीय अस्पताल पहुँचाया, जहां उपस्थित मेडिकल स्टाफ ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि अज्ञात युवक एवं 20 वर्षीय युवती थोड़ी दूरी बनाकर स्टेशन तरफ से साथ-साथ चहलकदमी कर रहे थे। घटना की वायरल हो चुकी।

## हाईकोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा पर बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। शुक्रवार को पश्चिम बंगाल सरकार के एक अधिकारी ने कहा है कि अगले साल फरवरी तक अधिकारी की सुरक्षा व्यवस्था पर कलकत्ता उच्च न्यायालय को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश जय सेनगुप्ता के एक आदेश के बाद सरकार ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। हाई कोर्ट से राज्य सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है कि विपक्ष के नेता किस प्रकार की सुरक्षा के हकदार हैं और फिलहाल उन्हें किस तरह की सुरक्षा मुहैया करायी जा रही है। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने के लिए अगले साल पांच फरवरी की समय सीमा भी तय की है। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने अधिकारी द्वारा दायर एक मामले पर आदेश पारित किया, जिसमें राज्य सरकार पर सुरक्षा व्यवस्था में खामियों का आरोप लगाया गया था, जिसके वह हकदार हैं। उनके वकील ने शिकायत की कि जेड-श्रेणी की सुरक्षा के मामले में पायलट कार रूट-लाइनिंग के प्रावधानों की प्रक्रियाओं, जिसके वे हकदार हैं, का अक्सर सख्ती से पालन नहीं किया जाता है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि चूंकि सरकार के नेता को पहले से ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई केंद्रीय सशस्त्र बल सुरक्षा कवर प्राप्त है, इसलिए राज्य सरकार से समान व्यवस्था हमेशा आवश्यक नहीं होती है। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि केंद्र द्वारा प्रदत्त सुरक्षा के बाद भी, विपक्ष के नेता राज्य-व्यवस्था सुरक्षा की मांग कर सकते हैं, इसके लिए वह कानूनी रूप से हकदार हैं। अधिकारी ने अतीत में कई बार शिकायत की थी कि राज्य सरकार न केवल उन्हें उनकी वैध सुरक्षा व्यवस्था से वंचित कर रही है, बल्कि कई मौकों पर प्रशासन का उपयोग करके उन्हें परेशान भी कर रही है।

## बंगाल में तापमान 14 डिग्री के करीब, तापमान में गिरावट

एजेंसी

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम में सर्दी और बढ़ गई है। इस हफ्ते तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को तापमान में बड़े पैमाने पर गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही आज मौसम का सबसे सर्द दिन है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि कोलकाता में न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है जो सामान्य से एक डिग्री कम है। ऐसा पहली बार हुआ है जब इस मौसम में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के इतना करीब पहुंचा है। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे गिरकर महज 25 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है। इसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और अधिकतर क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है जिसके कारण ठंड बढ़ गई है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कालिमपोंग में भी तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस नीचे रह रहा है जिसके कारण वहां कड़ाके की सर्दी पहले से पड़ रही है।
मौसम विभाग ने बताया है कि सप्ताहांत तक तापमान में और अधिक गिरावट दर्ज की जाएगी। आसमान भी साफ है और तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहेगा जिसके कारण ठंड और बढ़ेगी। शाम ढलते ही कोहरा छा रहा है जिसकी वजह से दृश्यता कम हो गई है। वाहन चालकों को सावधानी से वाहन चलाने की हिदायत दी गई है।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department, Road Division, Garhwa.**

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Short Term Tender)
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1273/2023-24
Date:- 15.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Bhandaria-Tihri via Bargar Road in km. 0.00 to 25.90 km. under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 17,99,70,345.00 (Rupees Seventeen crore Ninety Nine Lakh Seventy thousand Three hundred Forty Five) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 18,00,000.00 (Rupees Eighteen Lac) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 08-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 26-12-2023, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 313597 (Road) 23-24 (D)


## व्यापार

### पूरी तन्मयता से काम करने की जरूरत

# व्यापार करनेवालों को उजाड़ने के बजाय दुकान आबंटित कराए एमपी सरकार : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है, इसके बाद खुले में मीट और मछली का कारोबार करने वाले व्यापारियों व दुकानदारों को उजाड़ने का काम शुरू हो गया है।
इसको लेकर मायवती ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में खुले में स्वरोजगार करने वालों को उजाड़े नहीं बल्कि सरकार को दुकान आवंटित कराना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की नई बनी भाजपा सरकार द्वारा बेरोजगारों व अन्य गरीब मेहनतकशों को रोटी-रोजी उपलब्ध कराने का जरूरी फैसला करने के बजाय, रोजगार के अभाव में मछली, अण्डा, मीट आदि का खुले में स्वरोजगार करने वालों पर दमन शुरू कर देना कितना उचित इस विवादित फैसले पर पुनर्विचार जरूरी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ही नहीं बल्कि सभी सरकारों से महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी आदि को दूर करने पर ही पूरी तन्मयता से काम करने की जरूरत है। फिर भी इन वस्तुओं के खुले में व्यापार करने पर इतनी ज्यादा आपत्ति है तो उन्हें उजाड़ने से पहले दुकान एलाट करने की व्यवस्था सरकार क्यों नहीं करती है।




### पश्चिम बंगाल विधानसभा की बढ़ाई जाएगी सुरक्षा, एंट्री को लेकर सख्त हुए नियम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि सदन की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। बनर्जी ने यह निर्णय लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो लोगों के दर्शक दीर्घा से कूद कर सदन में आने और केन के जरिए धुआं फैलाने की घटना के मद्देनजर लिया है। बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा, ह्यह्यकिसी भी विधानसभा सदस्य, कर्मचारी और पत्रकार को पहचान पत्र के बिना परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। पश्चिमी गेट से केवल आगंतुक आ सकेंगे। उन्हें केवल दो घंटे के लिए विधानसभा परिसर के अंदर रहने की अनुमति होगी।ह्लह्ल इससे पहले आगंतुकों को पूरे दिन रुकने की अनुमति थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर कोई विधानसभा परिसर में निर्धारित अवधि से ज्यादा रुका पाया गया तो पुलिस उससे पूछताछ करेगी।


**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department, Road Division, Garhwa**

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding (Short Term Tender)
e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1272/2023-24
Date:- 15.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Chiniya-Ranpura-Khuthwa More road (Total Length - 32.925 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 21,81,19,850.00 (Rupees Twenty One crore Eighty One Lakh Nineteen thousand Eight hundred Fifty) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 21,82,000.00 (Rupees Twenty One Lac Eighty Two Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 08-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 26-12-2023, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
*Further details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Garhwa

PR 313595 Road (23-24)_D



**Office of the Executive Engineer**
**Water Ways Division No-2,Chainpur, Gumla**
**WATER RESOURCES DEPARTMENT,JHARKHAND**

Letter No :- 432 , Gumla, Date :-15.12.2023
Tender inviting Notice
Tender Reference No- WRD/EEWWD-2/ Chainpur,Gumla-01/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Repair & Maintenance work of Dam Top service Road, 3 Nos. Rain gauge metre, 2 Nos. stairs in Dam body slope portion under Masaria Reservoir scheme. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 54.11 Lacs. |
| 3. | Earnest Money (Rs.) | 1,08,300.00 |
| 4. | Cost of Bid | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 6 (six) Months |
| 6. | Availability of Tender online on website | 20.12.2023 |
| 7. | Last date and Time of submission of Bids | 10.01.2024 (Upto 5.00 P.M) |
| 8. | Date and time of opening Tender | 13.01.2024 (11.30 A.M) |
| 9. | Name and address of office inviting e-tender | Executive Engineer Water Ways Division No-2,Chainpur, Gumla. |
| 10 | Contact number of e-Procurement officer | 9939985463/6200882752 |
| 11. | Helpline no. of e-procurement cell | 9939985463/6200882752 |
| 12. | e-mail id | wwdn2gumla@gmail.com |

Note :- 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Tender fee and EMD will be accepted by online mode only vide letter no-120 dated-03.10.2023 of Dept. of information Technology and e- Governance , Govt of Jharkhand.
3. Further details can be seen on website http://www.jharkhandtenderers.gov.in

Executive Engineer
Water Ways Division No-2,
Chainpur ,Gumla.

PR313582 (Water Resource)23-24*D

**देने के लिए दान, लेने के लिए ज्ञान व त्यागने के लिए अभिमान सर्वश्रेष्ठ है : अज्ञात**



# कार्यप्रणाली विकसित हो..

*झारखंड* सरकार हाल के दिनों में आम आदमी की समस्या के समाधान के लिए आतुर दिख रही है। यही कारण है कि आपकी योजना आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से समस्यों का निपटारा करने की कवायद जारी है। लेकिन सच्चाई यह है कि अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। ये लोग लापरवाही, टालमटोल, मनमानी करने के आदी हो चुके हैं। नतीजा यह कि गरीब और जरूरतमंद लोग अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को विवश हैं।

**अभियान और शिविरों में कुछ लोगों का काम हो जाता है,लेकिन अधिकांश की स्थिति यथावत बनी रहती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हालांकि लोगों में आज भी जागरूकता की भारी कमी है। इन्हें अपने हक के लिए जागरूक बनाना भी सरकार का काम है। अधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें। इसके लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की जरूरत है। कारण हमारा समाज भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबा हुआ है। इसकी बानगी पलामू के चैनपुर स्थिति रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ ग्राम में देखी जा सकती है।**

अभियान और शिविरों में कुछ लोगों का काम हो जाता है,लेकिन अधिकांश की स्थिति यथावत बनी रहती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। हालांकि लोगों में आज भी जागरूकता की भारी कमी है। इन्हें अपने हक के लिए जागरूक बनाना भी सरकार का काम है। अधिकारी अपनी कार्यशैली बदलें। इसके लिए बड़े पैमाने पर कार्य करने की जरूरत है। कारण हमारा समाज भ्रष्टाचार के दलदल में आकंठ डूबा हुआ है। इसकी बानगी पलामू के चैनपुर स्थिति रामगढ़ प्रखंड के सरहुआ ग्राम में देखी जा सकती है। यहां बसने वाले परहिया परिवार आज भी राशन कार्ड के लिए तरस रहे हैं। जबकि सरकार विलुप्त हो रहे ऐसे परिवारों के लिए अलग से पैकेज की घोषणा की है। दूसरी तरफ लातेहार के बेतला में भी परहिया परिवार सरकार की योजनाओं से वंचित हैं। ऐसे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की प्रासंगिकता को जोड़े रखने के लिए अधिकारियों को आगे आना होगा। कोई भी सरकार कितनी भी अच्छी योजनाओं की शुरूआत करे,उसे जमीन पर उतारने की जवाबदेही अधिकारी ही करते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार को भी चाहिए कि उनकी परेशानियों को सुने। आखिर क्या बात है कि इतनी बड़ी योजना के चलाये जाने के बाद भी गरीब सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं? अगर किसी अधिकारी को अपने कार्य को अंजाम देने में परेशानी हो रही है तो उसकी शिकायत सरकार से करें? दूसरी तरफ सरकार भी लचीला रवैया अपनाते हुए अधिकारियों की परेशानी को समझने का कार्य करे। तानाशाही रवैया कहीं भी जायज नहीं है। कुल मिलाकर समस्याओं के आकाश में सतरंगी इन्द्रधनुष भरकर समस्याओं की पड़ताल हो। यह सबके प्रयास से ही संभव है। बहरहाल हेमंत सोरेन सरकार राज्य की दिशा बदलने में जहां एक ओर लगी हुई है,वहीं उसके सहयोगी दलों की उदासीनता समझ से परे है। अगर बीमारी बढ़ जाये और भावनायें ज्यादा तेज हों,सब पर हावी हो जाये और रोजमर्रा की जिन्दगी पर असर करने लगे तो गंभीरता से उसका इलाज जरूरी हो जाता है। इस काम में एक बात का ध्यान रखना जरूरी है कि इलाज के दौरान आम आदमी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मसलन गठबंधन की सरकार में कई प्रकार की परेशानियां आती हैं। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं होना चाहिए कि इससे आम आदमी को किसी प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़े। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार के द्वारा लाई गयी अच्छी पहल है। इस कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा जब अधिकारी मुस्तैदी से कार्य को अंजाम देगें।

## इन दिनों

# संकल्प यात्रा में अव्वल उत्तर प्रदेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



*पिछले* छह वर्ष में देश- दुनिया में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि का निर्माण हुआ है। लोक कल्याण की 50 से अधिक योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश नंबर वन है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भी उत्तर प्रदेश की बढ़त कायम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसका उद्देश्य सरकार और लोगों के बीच की दूरी को पाटना, समुदायों को सशक्त बनाना और एक समावेशी और विकासशील भारत की नींव रखना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाये गये हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। आजमगढ़ में योगी आदित्यनाथ ने विकास कार्यों का उल्लेख किया। विकास ने आजमगढ़ की छवि बदल दी है। यहां निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जनवरी में पूरा हो जायेगा। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, संगीत महाविद्यालय, एयरपोर्ट जैसी योजनाएं आजमगढ़ को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने वाली साबित होंगी। आजमगढ़ में आज भय और आतंक नहीं, बल्कि विकास और संगीत की सुंदर लहरियां गूंज रही हैं। डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के हितों की रक्षा करने के लिए आई है। प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये का निवेश होने जा रहा है, जिससे रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। जिन्हें योजनाओं का लाभ अब तक नहीं मिला है, उनके लिए ही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों की भागीदारी दो करोड़ के पार हो गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में पिछले सात दिनों में ही लोगों की भागीदारी दोगुनी हो गई है। एक हफ्ते पहले इन यात्राओं में एक करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया था। लेकिन अब यह संख्या दो करोड़ हो गई है। यात्रा लगभग साठ हजार ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है। यात्रा की मेरी कहानी, मेरी जुबानी पहल के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने अपने अनुभवों और आकांक्षाओं को साझा किया है। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें अब तक बयालीस लाख से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में भागीदारी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। करीब एक करोड़ प्रतिभागियों के साथ उत्तर प्रदेश अग्रणी है। उसके बाद महाराष्ट्र है। गुजरात तीसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इन यात्राओं में सहभागी हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का कहना है कि पहले जो सपने थे, वह आज साकार हो रहे हैं। प्रदेश में अब तक पचपन लाख गरीबों के लिए घर बनाये गये हैं। दस करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले पांच साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मोदी की गारंटी है। ये शत-प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत-प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म और स्वास्थ्य मेला आदि का आयोजन हो रहा है। सभी लोगों को इस यात्रा में जुड़कर योजनाओं का लाभ लेना चाहिए।**

## आप की बात

### सड़क-नाली की समस्या से ग्रामीण परेशान

चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा टोला चट्टी पार के ग्रामीण सड़क व नाली की समस्या से जूझ रहे है। परंतु जनप्रतिनिधि एक बार भी गांव में आकर ग्रामीणों की समस्या के बारे में जानकारी नहीं लेते हैं। यहां की मुख्य समस्या सड़क, पानी, नाली को लेकर है। इस गाँव मे जलनिकासी की उचित व्यवस्था न होने से गांव के मुख्य मार्ग पर जलजमाव की समस्या बनी रहती है। मुख्य मार्ग पर गंदा पानी भरा होने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में न तो सड़क का निर्माण हो रहा है और न ही नाली का। थोड़ी सी बरसात हो जाने से रास्ते मे पूरा पानी भर जाता है क्योंकि यहां पर जलनिकासी के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जल निकासी नही होने के कारण रास्ते पर जलजमाव से सड़क पर बड़े-बड़े गढ्डे बन गए हैं। इसमें लोग गिरकर आए दिन चोटिल हो रहे हैं। रास्ते पर हमेशा गंदा पानी बहता रहता है। ग्रामीणों के शिकायत के बाद भी जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। सड़क के किनारे नाली तो बना हुआ है परंतु पानी निकासी का कोई साधन नहीं है। इसके वजह से थोड़ा भी बरसात होने पर पानी सड़क पर भरा रहता है। इससे मार्ग पर गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कच्ची सड़क होने से रात के अंधेरे में कई लोग इस रास्ते से होकर आने जाने में गिर कर घायल भी हो चुके हैं। यहां की सुविधाओं को देखकर ऐसा लगता है कि ना ही ढंग की सड़क और ना ही जल निकासी की सुविधा। इस टोले में स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगी है। इस कारण यहां पर रात में अंधेरा पसरा रहता है।

– उपेन्द्र कुमार मेदिनीनगर

## प्रकृति

# सांसदों का असंसदीय आचरण व राजनीतिक सुचिता



प्रमोद भार्गव

*तृणमूल* कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा पैसे के बदले प्रश्न पूछने के मामले में अनैतिक और अशोभनीय आचरण के कारण सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता खो बैठी हैं। उनके निष्कासन की सिफारिश संसद की आचार समिति ने जांच के बाद की। कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है? दरअसल धन लेकर सवाल पूछने के आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे। इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए। यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल की लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से साझा किए। इस तथ्य को मोइत्रा ने भी स्वीकारा। सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और संविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं? इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी। कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। जुलाई 1993 में इस जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया। इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली, जिसमें आरोप लगाया गया कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी। इस मामले में झामुमो प्रमुख शिबु सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था। इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हुई कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी।

**सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और संविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं? नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं।**

## फेसबुक वॉल से



X - से

आग सोने को परखती है
और मुश्किल समय
इंसान को।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत सहित पूरी दुनिया में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर हर घर दिये जलेंगे



किशन भावनानी गोंदिया

*वैश्विक* स्तरपर दुनियां के कोने-कोने में बसे मूल भारतीयों की अपने वतन भारत के प्रति आध्यात्मिक आस्था उनके रग रग में समाई है, यही कारण है कि हजारों किलोमीटर सात समंदर पार अपने वतन से दूर रहने के बावजूद वहां अपने देश में विभिन्न भगवानों का मंदिर बनाकर नित्य नियम पूजा पाठ करते हैं, जिसका सटीक उदाहरण हम ब्रिटेन के पीएम द्वारा हिंदू त्योहार मनाने मंदिर जाने और जी-20 के समय भारत आने पर अक्षरधाम मंदिर का दौरा करना इस आस्था की पुष्टि करता है। भारत में दिनांक 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्रभु श्री राम मंदिर की संभावित प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन की घोषणा के उपरांत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में मूल भारतीयों द्वारा वहां स्थित मंदिरों में तैयारियां शुरू की गई है। अमेरिका के शिकागो के एक समुदाय नेता ने प्रेस में बताया कि यह सपने सच होने जैसा है। वीएचपी ऑफ अमेरिका इन समारोहों में शामिल होने, हजार से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी की सुविधा के लिए वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है। यह जानकारी अमेरिका के डॉक्टर साहब ने दी जो 22 जनवरी 2024 के मंदिर उद्घाटन समारोह में अमेरिकी अतिथियों में से एक है। चूंकि मंदिर उद्घाटन की तिथि घोषित की गई है, श्रद्धालियों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी गई है और वीवीआईपी आमंत्रण में माननीय प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से लेकर तमाम नेता शामिल होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारत अमेरिका सहित पूरी दुनियां में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक रैलीयां दीप वंदन सहित अनेक कार्यक्रम कर देश खुशी मनायेगा। साथियों बात अगर हम प्रभु श्री राम मंदिर अयोध्या के उद्घाटन की करें तो, मीडिया में अयोध्या जिला प्रशासन की जानकारी आई कि 22 जनवरी 2023 को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सात हजार से ज्यादा वीवीआईपी और वीआईपी को आमंत्रित किया गया है इनमें पीएम और राष्ट्रपति से लेकर कई बड़े नेता शामिल हैं।

**अमेरिका के शिकागो के नेता ने प्रेस में बताया कि यह सपने सच होने जैसा है। वीएचपी ऑफ अमेरिका इन समारोहों में शामिल होने, हजार से अधिक मंदिरों व व्यक्तियों की भागीदारी के लिए वेबसाइट भी लॉन्च कर दी है।**



## बोधि वृक्ष

# ऋषि मार्कण्डेय की कथा

ऋषि मार्कण्डेय ने भगवान इंद्र से कहा कि 'जैसा मैं तुमसे कहता हूं, तुम पूजा करो, मैं तुम्हें 'ब्रह्मलोक' (जिसे महास्वर्ग भी कहा जाता है) ले जाऊंगा। वहाँ तुम्हारे जैसे करोड़ों इन्द्र हैं; जिन्होंने मेरे पैर छुए हैं। तुम ब्रह्मा, विष्णु और शिव की पूजा छोड़कर ब्रह्म-काल की पूजा करो। ब्रह्मलोक में साधक को युगों (कल्प) से मुक्ति मिलती है। स्वर्ग के राजा के इस सिंहासन को छोड़ दो'। परंतु भगवान इंद्र ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि 'ऋषि जी मुझे अभी सुखों का आनंद लेने दो, मैं बाद में देखूंगा'। ऋषि मार्कण्डेय ब्रह्म की तपस्या में थे और उसे श्रेष्ठ मान रहे थे। इसलिए उन्होंने इंद्र से कहा कि 'मैं तुम्हें ब्रह्म की पूजा बताऊंगा'। ब्रह्मलोक की तुलना में स्वर्ग के सुख बहुत कम हैं, एक कौवे की बीट के समान। **नोटः** गीता अध्याय 7 श्लोक 18 में पवित्र गीता का ज्ञान दाता ब्रह्म-काल कहता है कि उसकी उपासना भी अनुत्तम है। महर्षि मार्कण्डेय जी उस स्तर की भक्ति को ही श्रेष्ठ समझकर कर रहे थे और इन्द्र को भी वह पूजा करने की सलाह दे रहे थे।

**विचार करने योग्य**

इन्द्र को पता है कि मत्यु के उपरांत उसे गधे का जीवन मिलेगा, फिर भी वह उस क्षणिक सुख को त्यागना नहीं चाहता । उसने कहा कि फिर कभी देखूंगा। फिर कब देखेगा? गधा बनने के पश्चात तो कुम्हार देखेगा । कितना वजन गधे की कमर पर रखना है? कहाँ डण्डा मारना है? ठीक इसी प्रकार इस पृथ्वी पर कोई छोटे से टुकड़े का प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री या राज्य में मंत्री बना है या किसी पद पर सरकारी अधिकारी या कर्मचारी बना है या धनी है। उसको कहा जाता है कि आप भक्ति करो नहीं तो गधे बनोगे। वे या तो नाराज हो जाते हैं कि क्यों बनेंगे गधे? फिर से मत कहना ।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# जियों ने लॉच की नई डिवाइस

Jio Motive 2023 की, जिससे आपको अपनी कार की परफॉर्मेंस और अन्य चीजों के बारे में रियल टाइम की जानकारी मिलती है। कोई भी गड़बड़ी आने से पहले आप उसे महंगे रिपेयर से बचा सकते हैं हैं। ये डिवाइस आपको सेफ रखने के साथ कई स्मार्ट फीचर भी ऑफर करती है। अगर आप भी अपनी गाड़ी से सफर करते हैं तो जियो का ये नया प्रोडक्ट आपके लिए ही बना है।



जी हां बात कर रहे हैं Jio Motive 2023 की, जिससे आपको अपनी कार के परफॉर्मेंस और अन्य चीजों के बारे में रियल टाइम की जानकारी मिलती है। बता दें कि, तकनीकी रूप से ये एक प्ल इन प्ले ओबीडी डिवाइस है। ओबीडी डिवाइस का मतलब ऑन-बोर्ड डायग्रोस्टिक्स से है। इससे आपको अपनी गाड़ी के रियल टाइम की जानकारी मिलती है। इसका फायदा ये होता है कि आपको कार की परफॉर्मेंस से जुड़ी जानकारी मिलती है। कोई भी गड़बड़ी आने से पहले आप उसे महंगे रिपेयर से बचा सकते हैं हैं। ये डिवाइस आपको सेफ रखने के साथ कई स्मार्ट फीचर भी ऑफर करती है।

**Jio Motive के फीचर्स**

जब कभी भी आप इस डिवाइस को गाड़ी से अटैच करने के बाद Jio Things ऐप पर चौबीसों घंटे कार की मौजूदगी को ट्रैक किया जा सकता है। यूजर्स ऐप पर एक जियो फेंसिंग बना सकते हैं। ये किसी भी आकार की हो सकती है। जब आपकी कार इस जियो फेंसिंग में एंटर करती है या बाहर निकलती है तो आपको अलर्ट मिल जाता है। Jio Motive आपकी कार के हेल्थ को मॉनिटर करती है। इसका सबसे बड़ा फायदा है कि कार में कोई बड़ी गड़बड़ी आने से पहले आप सचेत हो जाते हैं। ये डिवाइस आपके ड्राइविंग बिहेवियर को भी नोटिस करती है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# इम्युनिटी बढ़ाकर मौसमी संक्रमण से बचाता है लहसुन

लहसुन की छोटी कलियां अपने अंदर कई महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की गुणवत्ता समेटे होती हैं। इनकी तासीर गर्म होती है, इसलिए इन्हें विंटर सुपर फूड के तौर पर जाना जाता है। ठंड के मौसम में नियमित रूप से दो लहसुन की कलियों का सेवन भी आपकी सेहत के लिए कमाल कर सकते हैं। हालांकि, कई बार लोग लहसुन की कलियों का सेवन तो करते हैं, परंतु असल में उन्हें इनके संभावित लाभ प्राप्त नहीं होते। आखिर इसकी क्या वजह हो सकती है? आपको बताएं कि लहसुन की कलियों के फायदे इन्हें खाने के तरीके पर भी निर्भर करते हैं। यदि आप इन्हें सही तरीके से अपनी डाइट में शामिल करती हैं, तो यह आपकी सेहत के लिए कमाल कर सकता है। आयुर्वेदा एक्सपर्ट डॉ चैताली राठौड़ ने ठंड के मौसम में लहसुन की कलियों के फायदे बताने के साथ ही इन्हें खाने के सही तरीके भी बताए हैं। ऐसे में लहसुन की छोटी कलियां हमारी सेहत के लिए किस तरह फायदेमंद हो सकती हैं।

## लहसुन की कलियों के फायदे

**सर्दी खांसी से राहत दे :** लहसुन में एंटीमाइक्रोबॉयल और एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जो ठंड के मौसम में नजर आने वाली सर्दी-खांसी जैसी सामान्य समस्या को ट्रीट करने में मदद करती है। सेहत संबंधी सीजनल समस्याओं से छुटकारा दिलाने में लहसुन को मैजिकल इनग्रेडिएंट के रूप में जाना जाता है। यदि आपको सर्दी के मौसम में बार-बार सर्दी खांसी और गले में खराश की समस्या हो जाती है, साथ ही साथ छाती में कफ हो जाता है, तो आपको अपनी डाइट में लहसुन की दो कलियों को शामिल करना चाहिए।



## इम्यूनिटी बूस्ट करती है

बदलते मौसम में इम्यूनिटी की मजबूती पर ध्यान देना बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर लहसुन आपकी मदद कर सकता है। लहसुन की कलियों में सल्फर कंपाउंड पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। नियमित रूप से लहसुन की कलियों का सेवन संक्रमण फैलने वाले वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने के लिए शरीर को तैयार करता है। जरूरी नहीं कि आप लहसुन को कच्चा खाएं, आप इन्हें अपने व्यंजनों में मिलाकर भी ले सकती हैं।

## वेट लॉस में मदद करे

लहसुन की कलियां मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करती हैं, इसके साथ ही यह आपकी बॉडी को डिटॉक्स करते हुए वेट लॉस को बढ़ावा दे सकती है। नियमित रूप से लहसुन का सेवन प्राकृतिक रूप से वेट मैनेजमेंट में आपकी मदद कर सकता है। खास कर सर्दियों में यह अधिक प्रभावी रूप से कार्य करती है। कच्चे लहसुन को कुचलकर या छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर शहर के साथ लें, बेहतर परिणाम के लिए इसे रोज सुबह लेने का प्रयास करें।

## ह्रदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दे

अगर आप ह्रदय रोग के मरीज हैं, तो लहसुन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आहार विशेषज्ञों का सुझाव है, कि रोजाना लहसुन का सेवन करने से ह्रदय और ह्रदय संबंधी बीमारियों जैसे स्ट्रोक, दिल के दौरे और अन्य बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। यदि आप स्वस्थ रहना चाहती हैं और अपने कोलेस्ट्रॉल स्तर, हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल में सुधार करना चाहती हैं, तो रोजाना लहसुन खाना न भूलें।

## लहसुन को डाइट में शामिल करने का तरीका

हमें लहसुन की कलियों को सीधा निगलना नहीं चाहिए। बल्कि लहसुन के एलिसिन कंपाउंड को एक्टिव करने के लिए लहसुन को कुचलना या काटना जरूरी है।

एलिसिन लहसुन के सर्वोत्तम यौगिकों में से एक है, जो कोलेस्ट्रॉल कम करने, ह्रदय स्वास्थ्य, कैंसर कोशिकाओं से लड़ने, बालों के स्वास्थ्य में सुधार करने, उच्च रक्तचाप को संतुलित करने जैसे स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।

एलिइन ताजा लहसुन में पाया जाने वाला एक प्रकार का केमिकल है और एलिसिन का अग्रदूत है। लहसुन की कलियों को काटने या कुचलने पर एलिनेज नामक एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं। यह एंजाइम एलिन को एलिसिन में बदल देते हैं।

❖ अंजलि कुमारी

# सर्दी-खांसी व मौसमी संक्रमण का प्राकृतिक उपचार है अर्जुन की छाल

बदलते मौसम सेहत संबंधी तमाम समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर इस दौरान सर्दी-खांसी, जुकाम जैसी समस्याएं बेहद आम हो जाती हैं। इतना ही नहीं डायबिटीज सहित कई ऐसे लाइफस्टाइल डिसऑर्डर हैं जिनके मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में आयुर्वेद आपकी मदद कर सकता है। आयुर्वेद में कई ऐसी औषधि है, जो आपकी सेहत के लिए कमाल कर सकती है उन्ही में से एक है, 'अर्जुन की छाल'। इसे एक औषधीय पौधे से प्राप्त किया जाता है, इसका इस्तेमाल तमाम स्वास्थ्य समस्यायों में कारगर हो सकता है। सालों से मेरी दादी इस असरदार आयुर्वेदिक नुस्खे को आजमाती आ रही हैं। तो मैंने इस छाल से संबंधी सही जानकारी इकट्ठा करने के लिए कुछ शोध किये। दादी मां के साथ साथ शोध भी इसके स्वास्थ्य लाभों का समर्थन करता है। तो मैंने सोचा क्यों न इससे संबंधी उचित जानकारी को आपके साथ भी शेयर किया जाये।



## पहले जानते हैं सेहत पर अर्जुन की छाल का प्रभाव

हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दे अर्जुन की छाल हृदय संबंधी समस्याओं में बेहद प्रभावी रूप से कार्य करती है। वहीं यदि आप पहले से दिल की मैरिज है, तो यह स्थिति में सुधार करने में भी आपकी मदद कर सकती है। अर्जुन की छाल में ट्राइटरपेनॉइड नामक एक कंपाउंड पाया जाता है, जो इसके हृदय संबंधी बीमारियों से लड़ने की क्षमता को बढ़ावा देते हैं। यह हार्टबीट को भी कंट्रोल रखता है, जिससे की असामान्य रूप से दिल की धड़कन नहीं बढ़ती।

## डायबिटीज कंट्रोल करें

अर्जुन की छाल में कुछ विशेष प्रकार के एंजाइम मौजूद होते हैं, साथ ही साथ इसकी एंटी डायबिटिक प्रॉपर्टी इसे ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने के लिए एक बेहद खास आयुर्वेदिक नुस्खा बना देती हैं। यह किडनी और लीवर के काम करने की क्षमता को बढ़ा देता है, जिससे कि ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना आसान हो जाता है। डायबिटीज के मरीज नियमित रूप से इसका सेवन कर सकते हैं, वहीं यदि आपको डायबिटीज नहीं है, तो भविष्य की संभावित संभावनाओं को रोकने के लिए आप इसे अपने नियमित डाइट का हिस्सा बना सकती हैं।

## सर्दी-खांसी जैसे संक्रमण में कारगर है

सर्दी-खांसी, जुकाम जैसे संक्रमण से निजात पाने के लिए अर्जुन की छाल का प्रयोग कर सकती हैं। यह कफ के जमाव से राहत प्रदान करता है और फेफड़ों को भी स्वस्थ रखता है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए इसे इस्तेमाल करने का सबसे अच्छा तरीका है काढ़ा। अर्जुन की छाल से बना काढ़ा, तमाम तरह के संक्रमणों से शरीर को प्रोटेक्ट करता है।

## पिंपल्स को कम करें

आजकल ज्यादातर महिलाएं पिंपल्स और त्वचा संबंधी समस्याओं को लेकर बेहद परेशान रहती हैं, इस स्थिति में अर्जुन की छाल आपकी मदद कर सकती है। इससे बने काढ़े तथा इसके पानी का नियमित सेवन शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालते हैं, और त्वचा स्वस्थ को बढ़ावा देता है। वहीं यह पाचन क्रिया के लिए भी बेहद कारगर होती हैं, और एक स्वस्थ पाचन क्रिया त्वचा स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## पाचन शक्ति को बढ़ावा दे

अर्जुन की छाल पाचन क्रिया पर कई सकारात्मक प्रभाव डालती है। इसकी प्रॉपर्टीज कब्ज, डायरिया, गैस्ट्रिक अल्सर के साथ-साथ पाचन संबंधी तमाम अन्य समस्याएं जैसे ब्लोटिंग और गैस में बेहद प्रभावी रूप से कार्य करती हैं। आपको यदि एसिडिटी हो गई है, तो अर्जुन की छाल इसके लक्षण से भी राहत प्रदान कर सकती है। यदि आप भी पाचन संबंधी किसी भी समस्या से परेशान रहती हैं, तो आपको अपने नियमित डाइट में अर्जुन की छाल का पानी या इससे बने काढ़े को शामिल करना चाहिए। बेहतर परिणाम के लिए इनका नियमित सेवन जरूरी है।

## अर्जुन की छाल का पाउडर

अर्जुन की छाल को यदि अपनी नियमित डाइट में शामिल करना है, तो इसके एक चम्मच पाउडर को दूध या पानी के साथ मिलकर ले सकती हैं। इसे हमेशा भोजन के बाद लेने का प्रयास करें।

## अर्जुन की छाल का पानी

आयुर्वेदिक दुकानों में अर्जुन की छाल भी उपलब्ध होती है। एक कप पानी में अर्जुन की छाल डालें और पानी को रात भर के लिए ढक कर छोड़ दें। सुबह इस पानी का सेवन करें, यह इन्हें डाइट में शामिल करने का एक सबसे आसान तरीका है।

## अर्जुन की छाल का काढ़ा

अर्जुन की छाल अन्य काढ़े की तरह ही तैयार की जाती है। वहीं इस बदलते मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए आप इसे अपनी नियमित डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। एक कप पानी में अर्जुन की छाल और दालचीनी डालें, इन्हें 5 से 7 मिनट तक अच्छी तरह उबलने दे। उसके बाद काढ़े को छान कर अलग कर लें और इसे पिएं।

# लौंग के पानी से करें विंटर डैंड्रफ की समस्या को हल

आजकल ज्यादातर महिलाएं हेयर फॉल की समस्या से परेशान हैं। वहीं हेयर फॉल के साथ बाल बेहद डल और बेजान होते जा रहे हैं और दिन प्रतिदिन महिलाओं के बालों की प्राकृतिक चमक भी कम हो रही है। इस स्थिति को अवॉयड करने के लिए अक्सर महिलाएं पार्लर में हजारों रुपए खर्च कर रिबॉन्डिंग, स्मूथनिंग, स्ट्रेटनिंग करवाती हैं। जिसमें केमिकल का इस्तेमाल कर बालों में साइन जोड़ने की कोशिश की जाती है। असल में देखा जाए तो यह बालों से प्राकृतिक नमी और पोषण को छीन लेती हैं और इन्हें पूर्ण रूप से डैमेज कर देती है। वहीं यह कोई परमानेंट सॉल्यूशन नहीं है, कुछ समय बाद आपके बाल इस स्थिति में वपास लौट आते हैं। ऐसे में केमिकल्स ट्रीटमेंट की जगह आप घर पर लौंग के पानी की मदद से बिना किसी डैमेज और साइड इफेक्ट के अपने बालों को ट्रीट कर सकती हैं। आखिर लौंग बालों पर किस तरह से काम करते हैं। बालों को ट्रीट करने के लिए लौंग को कैसे इस्तेमाल करें?

## इस तरह तैयार करें लौंग का पानी

- **सबसे पहले किसी भी बर्तन में पानी निकले और इसमें अच्छी तरह उबाल आने दें।**
- **फिर लौंग को क्रश करें और उबलते हुए पानी में डाल दें। यदि आप चाहे तो इसमें रोजमेरी हर्ब्स भी डाल सकती हैं।**
- **इन्हें 2 से 3 मिनट तक और उबालें उसके बाद गैस के फ्लेम को बंद कर दें।**
- **जब पानी ठंडा हो जाए तो इसमें टी ट्री ऑयल (वैकल्पिक) मिलाएं।**
- **तैयार किए गए पानी को स्प्रे बोतल में डालें और अच्छी तरह मिलाएं।**
- **आप इसे 10 से 12 दिन रेफ्रिजरेटर में स्टोर करके रख सकती हैं।**
- **समय पूरा हो जाने पर इसे दोबारा तैयार कर लें।**
- **तैयार किए गए लौंग के पानी को अपने स्कैल्प एवं बालों पर स्प्रे करें और उंगलियों को सर्कुलर मोशन में घूमते हुए स्कैल्प को मसाज दें।**

## पहले जानें बालों के लिए लौंग के पानी के फायदे

**डैंड्रफ को कम करे :** लौंग में एंटीसेप्टिक, एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबॉयल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। इन सभी प्रॉपर्टीज को डैंड्रफ और इची स्कैल्प की स्थिति में बेहद कारगर माना जाता है। आप लौंग के पानी के इस्तेमाल से डैंड्रफ से होने वाली खुजली को कम कर सकती हैं। वहीं इसकी एंटीफंगल और एंटीसेप्टिक प्रॉपर्टी डैंड्रफ की स्थिति में होने वाले स्कैल्प इनफेक्शन के खतरे को कम कर देते हैं, और आपके स्कैल्प को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं।

**बालों को मजबूत बनाए :** लौंग में एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज पाई जाती है, जो आपके बाल एवं स्कैल्प को फ्री रेडिकल से होने वाले डैमेज से प्रोटेक्ट करते हैं। इसके साथ ही लौंग में बीटा कैरोटीन पाई जाती है, जो विटामिन ए की गुणवत्ता प्रदान करती हैं। बालों के स्वस्थ एवं मजबूत ग्रोथ के लिए विटामिन ए बेहद प्रभावी रूप से कार्य करती है।

**ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ावा दे :** लौंग में विटामिन के और यूजिनॉल मौजूद होते हैं। यह दोनों ही हेयर फॉलिकल्स को स्टिम्युलेट करते हैं और ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ावा देते हैं। इससे हेल्दी हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है। लौंग में मौजूद विटामिन के, स्कैल्प कैलशिफिकेशन की स्थिति से बचाव करते हैं। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें स्कैल्प में कैल्शियम बिल्ड हो जाता है और फॉलिकल्स को ब्लॉक कर देता है। जिससे की हेयर ग्रोथ धीमा हो सकता है।

**हेयर फॉल कम करे :** लौंग में हेल्दी हेयर ग्रोथ के लिए लगभग सभी आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। साथ ही साथ इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल जैसे कि आयरन, पोटेशियम, आयोडीन, सोडियम, हेयर फॉलिकल्स की सेहत को बढ़ावा देते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6915

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6914 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

## दैनिक पंचांग

16 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.39 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मकर | 08.45 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.31 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.04 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.35 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.15 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.13 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.26 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.42 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.54 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | तुला | 02.05 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 04.20 ब.से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 350 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 20.01 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 04.37 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** ध्रुव 07.03 बजे तदनन्तर व्याघात 03.47 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 09.16 बजे तदनन्तर विष्टि 20.01 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 3.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 17' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871829 **जूलियन दिन** 2460294.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी, धनु संक्रांति।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7977



**बाएँ से दाएँ**

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी, मक्कारी-5
9. भस्म, खाक -2
11. आज्ञापालक, कर्मचारी-2
12. मगन, लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग, दक्षिणा-2
16. जीभ, जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास, रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी, नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनबन, झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर, इच्छापूर्ति-4
8. नीरज, जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय, शरण-3
14. करिश्मा, करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार, पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र, चिट्ठी-2
28. नासिका, घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -7976 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृष राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मिथुन राशि :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क राशि :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**कन्या राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक राशि :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**धनु राशि :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मकर राशि :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कुंभ राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन राशि :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।




## एक नजर

### पीएम व खड़गे ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, महान सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी। खड़गे ने कहा, "सरदार पटेल का व्यक्तित्व और विचार आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे।"

### हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद केसीआर को अस्पताल से मिली छुट्टी

**हैदराबाद।** हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के एक सप्ताह बाद तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एर्रावल्ली स्थित अपने फार्महाउस पर 8 दिसंबर को गिरने के कारण फ्रैक्चर होने के बाद उन्हें हैदराबाद के सोमाजीगुडा स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसी दिन उनकी हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी हुई थी। बीआरएस के अध्यक्ष ने अस्पताल में उनकी देखभाल करने वाले डॉक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, केसीआर का बाईं तरफ टोटल हिप रिप्लेसमेंट ऑपरेशन हुआ था। ठीक होने में छह से आठ सप्ताह लग सकते हैं।

### कांग्रेस नेता केपी विश्वनाथन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** वयोवृद्ध कांग्रेस नेता के.पी. विश्वनाथन का शुक्रवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। विश्वनाथन केरल के त्रिशूर में कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक थे, लेकिन पिछले कुछ समय से उन्होंने खुद को सक्रिय राजनीति से दूर रखा हुआ था। छह बार के विधायक, विश्वनाथन, के. करुणाकरण (1991-94) की कैबिनेट और 2004-2005 की ओमन चांडी कैबिनेट में भी मंत्री थे, जब उन्हें प्रतिकूल अदालत के फैसले पर इस्तीफा देना पड़ा था। 2006 और 2011 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद, विश्वनाथन ने व्यावहारिक रूप से सक्रिय राजनीति छोड़ दी।

### पाक में हिली धरती, 4.2 तीव्रता का भूकंप आया

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में शुक्रवार की सुबह 9:13 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। यह जानकारी नई दिल्ली में नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने दी है। एनसीएस के अनुसार पाकिस्तान से अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई अगले साल 3 जनवरी तक के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन.भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि शीतकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलने पर मामले की सुनवाई की जाएगी, क्योंकि पीठ मामले की फाइलों पर गौर नहीं कर सकी है। पीठ ने आदेश दिया, "3 जनवरी, 2024 को पुनः सूचीबद्ध करें।"

---

### हंगामे के कारण लोकसभा में नहीं हो पाया कामकाज

# सदन की कार्यवाही 18 तक स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है। हंगामे के कारण शुक्रवार को भी लोकसभा में कोई कामकाज नहीं हो पाया और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।

लोकसभा की अगली बैठक अब सोमवार, 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। शुक्रवार को जैसे ही सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई, वैसे ही विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लहराते और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। सदन के हालात देखकर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कुछ ही सेकंडों के भीतर लोकसभा की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

दोपहर दो बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में फिर हंगामा होते देखकर तत्कालीन पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी ने कुछ सेकंडों के भीतर ही सदन की कार्यवाही को 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे।

विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों का लोकसभा के दर्शक दीर्घा का पास बनवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी कर रहे थे।

दरअसल, लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में विपक्ष गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़ा हुआ है। वहीं, सरकार अतीत में हुई इस तरह की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए यह कह रही है कि सदन के कस्टोडियन स्पीकर हैं और पहले भी इस तरह की घटनाओं में स्पीकर ने ही फैसले किए हैं।

### कांग्रेस सांसदों ने संसद सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए लोस और रास में दिया नोटिस



कांग्रेस के लोकसभा सांसद मनीष तिवारी और राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने 13 दिसंबर के सुरक्षा उल्लंघन पर चर्चा के लिए शुक्रवार को संसद में नोटिस दिया। पंजाब के आनंदपुर साहिब से सांसद तिवारी ने लोकसभा में अपने नोटिस में कहा, यह सदन दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा उल्लंघन के संबंध में चर्चा करने के लिए शून्यकाल, प्रश्नकाल और दिन के अन्य कामकाज को निलंबित करता है। राज्यसभा में अपने नोटिस में, हुसैन ने कहा, यह सदन संसद में सुरक्षा के गंभीर उल्लंघन पर चर्चा करने के लिए शून्य काल और प्रश्नकाल और दिन के अन्य कामकाज के लिए प्रासंगिक नियमों को निलंबित कर देता है।" उन्होंने यह भी कहा कि इस घुसपैठ से पहले, दो प्रदर्शनकारियों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने धुआं बम भी जलाए। उन्होंने कहा, ये घटनाएं एक समन्वित प्रयास का हिस्सा लगती हैं, जिसमें कुल पांच व्यक्ति शामिल हैं: लोकसभा कक्ष के अंदर दो घुसपैठिए, दो प्रदर्शनकारी और एक अतिरिक्त व्यक्ति, सभी पर मिलीभगत से काम करने का संदेह है और इसे देखते हुए स्थिति की गंभीरता और संसद की प्रतिष्ठित संस्था और उसके सदस्यों की सुरक्षा पर इसका सीधा प्रभाव, मेरा प्रस्ताव है कि हम इस मामले के संबंध में गृह मंत्री से एक बयान की मांग करें। इसके बाद, मेरा सुझाव है कि सदन तत्काल मुद्दे पर व्यापक चर्चा करे। भविष्य में ऐसे उल्लंघनों को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय किए जाए।

### निलंबित सांसदों ने नए संसद भवन के मेन गेट पर किया प्रदर्शन, सदन चलने देने की अपील



लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध लगातार बना हुआ है। लोक सभा से गुरुवार को पूरे सत्र के लिए निलंबित किए गए सांसदों ने नए संसद भवन के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने भी मेन गेट पर बैठे निलंबित सांसदों से जाकर मुलाकात की। इसके बाद निलंबित सांसदों के साथ-साथ विपक्षी दलों के तमाम सांसदों ने प्लेकार्ड लहराते हुए संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के पास जाकर प्रदर्शन किया। आपको बता दें कि, विपक्षी सांसदों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी लोक सभा की कार्यवाही नहीं चल पाई। शुक्रवार को जैसे ही सुबह 11 बजे लोक सभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसद प्लेकार्ड लहराते हुए और नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए। सदन के हालात देखकर पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने कुछ ही सेकंडों के भीतर लोक सभा की कार्यवाही को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। विपक्षी सांसद लोक सभा की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। विपक्षी सांसद लोकसभा की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले आरोपियों का लोक सभा के दर्शक दीर्घा का पास बनवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी कर रहे थे।

### संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला- सीन को 'रिक्रिएट' करेगी पुलिस

संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में स्पेशल सेल शनिवार या रविवार को आरोपितों को संसद परिसर में ले जाकर बुधवार की संसद सुरक्षा उल्लंघन के दृश्य को फिर से रिक्रिएट करेगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो क्राइम सीन को रिक्रिएट करने के लिए आरोपितों को संसद ले जाया जाएगा। इससे पुलिस को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि आरोपित कलर स्प्रे के साथ संसद भवन में कैसे दाखिल हुए। उन्होंने अपनी योजना को कैसे अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वारदात के तरीके को समझने के लिए और इसका सुक्ष्म विश्लेषण करने के लिए दिल्ली पुलिस यह तरीका अपनायेगी। स्पेशल सेल आरोपितों को संसद परिसर के गेट से बिल्डिंग के अंदर तक ले जाएगी। गुरुवार को संसद की कार्यवाही चलने के कारण स्पेशल सेल की टीम गिरफ्तारी के बाद का सीन रीक्रिएट नहीं कर पाई है। टीम शनिवार या रविवार को उस दृश्य को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है जब संसद सत्र नहीं चल रहा होगा। सूत्रों के मुताबिक, स्पेशल सेल की टीम आरोपितों को गुरुग्राम स्थित उनके उस फ्लैट पर भी ले जाएगी, जहां उनकी मुलाकात हुई थी। सूत्रों के अनुसार पुलिस टीम ने 50 मोबाइल नंबरों की एक सूची भी तैयार की है, जिन पर आरोपितों ने पिछले 15 दिनों में फोन किया था। पुलिस इन नंबरों पर कॉल कर उनकी पहचान कर रही है।

### राज्यसभा में भी हंगामा जारी, सदन की कार्यवाही स्थगित

राज्यसभा में शुक्रवार को भी हंगामा जारी रहा। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। दरअसल विपक्षी सांसद सुरक्षा के विषय पर सदन में चर्चा चाहते थे। विपक्ष के 23 सांसदों ने नियम 267 के अंतर्गत चर्चा के लिए सभापति को नोटिस दिए लेकिन चर्चा के लिए दिए गए यह सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए गए। इसके ऊपर सदन में हंगामा शुरू हो गया और कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल 13 दिसंबर को लोकसभा में दो व्यक्तियों के घुस आने के बाद से यह मुद्दा खड़ा हुआ। लोकसभा में बुधवार को दो युवक दर्शक दीर्घा से कूद कर सदन में घुस आए थे। इन युवकों ने लोकसभा में सांसदों के बीच रंग वाले पटाखों से धुआं फैला दिया। इससे सदन में पीला धुआं हो गया। राज्यसभा में सुरक्षा में गंभीर चूक बता रहे हैं। शुक्रवार को इस मुद्दे पर चर्चा के लिए जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष सुरक्षा में गंभीर चूक का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री से जानकारी व जवाब देने की मांग कर रहा है। मांग न माने जाने पर विपक्ष ने नारेबाजी की। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा में दो लोगों के कूदने को गंभीर मुद्दा बताया है। उन्होंने कहा, मामला बहुत गंभीर है। यह सिर्फ लोकसभा और राज्यसभा का सवाल नहीं है, बात यह है कि कड़ी सुरक्षा के बावजूद दो लोग कैसे अंदर आए और सुरक्षा में सेंध लगाई। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का कहना है कि क्या सुरक्षा में चूक पर विपक्ष की चर्चा की मांग नाजायज है। अगर संसद सुरक्षित नहीं, तो क्या देश सुरक्षित है, यह बड़ा सवाल खड़ा होता है। सदन को भरोसे में लिया जाए और उस पर एक चर्चा हो, यही हमारी मांग है। उन्होंने कहा कि यह दलगत राजनीति की बात नहीं, सरकार को यह मांग स्वीकार करनी चाहिए। सरकार से जवाब मांगना राजनीति करना नहीं है, अगर सरकार से जवाब नहीं मांगेंगे तो किस से मांगेंगे। इस बीच राज्यसभा में बन रहे इस गतिरोध को खत्म करने के लिए सभापति जगदीप धनखड़ ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता सदन पीयूष गोयल समेत राज्यसभा में सभी फ्लोर लीडर्स को चर्चा के लिए अपने चेंबर में आमंत्रित किया है।

### संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में दो और लोग हिरासत में

ललित झा को गिरफ्तार करने के बाद, दिल्ली पुलिस ने 13 दिसंबर के संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच के सिलसिले में दो और लोगों को हिरासत में लिया है। ललित झा को गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दो और लोगों को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान महेश और कैलाश के रूप में हुई है। सूत्र ने यह भी कहा कि स्पेशल सेल यह समझने के लिए संसद के बाहर क्राइम सीन रीक्रिएट करने की भी संभावना है कि वे धुएं के डिब्बे के साथ लोकसभा के अंदर कैसे जाने में कामयाब रहे। सूत्र ने यह भी कहा कि गुरुवार रात गिरफ्तार किए गए झा को अदालत में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि झा ने गुरुवार रात नई दिल्ली जिले के कर्तव्य पथ पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया और घटना की आगे की जांच के लिए उन्हें विशेष शाखा को सौंप दिया गया। दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों को गुरुवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

---

### कर्नाटक में महिला के साथ बदसलूकी का मामला

## कर्नाटक सरकार को एनएचआरसी की नोटिस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बेलगावी में एक महिला को निर्वस्त्र कर उसके साथ की गई मारपीट के मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजकर चार सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसमें एफआईआर की स्थिति, जांच में प्रगति, गिरफ्तारी, पीड़ित को मुआवजा और राज्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदम शामिल होने चाहिए। उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर कर्नाटक के बेलगावी के होसा वंतमुरी गांव में एक 42 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र कर नग्न घुमाया गया और बिजली के खंभे से बांध उसके साथ मारपीट की गई। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि महिला का बेटा उसी गांव की एक लड़की के साथ भाग गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, आयोग ने अपने डीआइजी, जांच को जल्द से जल्द मौके पर तथ्यान्वेषी जांच करने और दो सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने के लिए एक टीम गठित करने को भी कहा है।

### कर्नाटक घटना की भाजपा ने की निंदा, पांच सदस्यीय जांच समिति गठित

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कर्नाटक के बेलगावी में आदिवासी महिला को नग्न घुमाने की बर्बर घटना की कड़ी निंदा की है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज यहां एक बयान में कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आने के बाद से विशेष रूप से महिलाओं के खिलाफ ऐसे अपराध नियमित अंतराल पर हो रहे हैं। इससे राज्य में कांग्रेस सरकार का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार उजागर होता है। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। शुक्रवार को इस घटना की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति घटना स्थल का दौरा करेगी और जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपेगी। इस पांच सदस्यीय समिति में सांसद अपराजिता सारंगी, सुनीता दुग्गल, लॉकेट चटर्जी, रंजीता कोली और पार्टी की राष्ट्रीय सचिव आशा लाकरा शामिल हैं। यह समिति घटना स्थल पर जा कर तथ्यों का पता लगाएगी और अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेगी।

## राष्ट्रपति भवन में आज नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओमान के सुल्तान के लिए निर्धारित गार्ड ऑफ ऑनर के कारण शनिवार (16 दिसंबर) को राष्ट्रपति भवन में चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर ओमान सल्तनत के राज्य प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक 16 दिसंबर को राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। उनके साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा भारत और ओमान सल्तनत के बीच राजनयिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 16 दिसंबर को सुल्तान हैथम बिन तारिक का राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वह प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। इस दौरान उनके सम्मान में दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया है।

---

## हमास की कमर टूटी, आत्मसमर्पण के लिए मजबूर

**एजेंसी। गाजा**

इजराइल के आक्रामक सैन्य अभियान ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास की कमर तोड़ कर रख दी है। गाजा पट्टी में छिड़े युद्ध के 70वें दिन शुक्रवार को भी हमास के आतंकवादियों का हथियार डालने का सिलसिला जारी है। अब तक सैकड़ों आतंकवादी समर्पण कर चुके हैं। इजराइली सैन्य बलों ने कमल अदवान अस्पताल के पास मुठभेड़ में हमास के कई गुर्गों को मार गिराया। प्रमुख अखबार द यरुशलम पोस्ट के अनुसार, इजरायल-हमास युद्ध आज 70वें दिन में प्रवेश कर गया। हमास के आतंकवादी बड़े समूहों में आईडीएफ के सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं। आज सुबह भी हमास के आतंकवादियों ने हथियार डाल दिए। अखबार के अनुसार इजराइल रक्षा बलों के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल जोनाथन कॉनरिकस ने कहा है कि गाजा में इजराइल भारी कीमत चुका रहा है, लेकिन उसका लक्ष्य अटल है। आईडीएफ की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कमल अदवान अस्पताल के क्षेत्र में हमास की एक इमारत से बड़ी संख्या में हथियार मिले हैं। मुठभेड़ में सैनिकों ने कई आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान 70 से अधिक आतंकवादी हथियार लेकर अस्पताल से बाहर निकल आए। उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। बाद में इनको पूछताछ के लिए खुफिया निदेशालय की यूनिट 504 भेज दिया गया।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर दखल देने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर विवादित परिसर के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर को नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मस्जिद पक्ष की वह याचिका उसके सामने है, जिसमें श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद से जुड़े मुकदमों को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा कि वह इस पर नौ जनवरी को सुनवाई करेगा और फिलहाल कोई अंतरिम आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है।



---

### फिल्म जगत

## पोते अगस्त्य के बारे में बात कर भावुक हुए अमिताभ बच्चन



**अमिताभ** बच्चन के पोते और फिल्म 'द आर्चीज' के अभिनेता अगस्त्य नंदा टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति-15' में नजर आए। इस शो में अगस्त्य के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्री देवी की छोटी बेटी खुशी कपूर, वेदांग रैना, मिहिर आहूजा, अदिति और युवराज मेंदा और फिल्म की डायरेक्टर जोया अख्तर भी आईं। इस एपिसोड के दौरान अमिताभ पुरानी यादें ताजा करते नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी बेटी श्वेता नंदा के बेटे अगस्त्य को उसके जन्म के पांच मिनट बाद पहली बार गोद में लिया था। सोनी टीवी के इस प्रसिद्ध शो के एक एपिसोड में अगस्त्य अपने 'नानू' यानी अमिताभ बच्चन से एक सरल प्रश्न पूछने का अनुरोध करता है। उन्होंने शायराना अंदाज में ये गुजारिश की। अगस्त्य ने पूछा, नानू आप ओजी, नानू आप महान, केबीसी के सवाल देदो आप आसान। वह दो पंक्तियां कहते हैं, लेकिन बिग बी ने उनकी बात मानने से इनकार कर दिया। बाद में अमिताभ बच्चन ने अगस्त्य का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि अगस्त्य उनकी बेटी श्वेता नंदा का बेटा है। उसके जन्म के पांच मिनट बाद मैंने उसे अपनी बांहों में लिया था। वह अपनी उंगली से मेरी दाढ़ी को खरोंचता था। अब वह बड़ा हो गया है और एक कलाकार भी बन गया है।' यह बताते हुए अभिताभ और अगस्त्य भावुक हो गए। टीवी शो के इस एपिसोड में बिग बी ने शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर को भी दर्शकों से मिलवाया। फिल्म 'द आर्चीज' 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है।

---

### उपलब्धि — केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया एनआईटी-आरडी में एक रोबोटिक यूनिट का उद्घाटन

# शहरों की संख्या पिछले नौ वर्षों में 3 गुना बढ़ी : मांडविया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि सीजीएचएस के तहत कवर किए गए शहरों की संख्या साल 2014 में 25 थी, जो बढ़कर 2023 में 80 हो गई। पिछले नौ सालों में सीजीएचएस शहरों की संख्या तीन गुना से अधिक हो गई है। आने वाले दिनों में इस सुविधा का 100 शहरों तक विस्तार किया जाएगा। डॉ. मांडविया शुक्रवार को अलकनंदा, रोहिणी सेक्टर-16, वसंत विहार में तीन सीजीएचएस वेलनेस सेंटर के साथ-साथ एनआईटी और आरडी में एक रोबोटिक यूनिट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश में 341 सीजीएचएस वेलनेस सेंटर 44 लाख लाभार्थियों को सेवा दे रहे हैं और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टीबी एंड रेस्पिरेटरी डिजीज (एनआईटी एंड आरडी) में तीन सीजीएचएस वेलनेस सेंटर और रोबोटिक यूनिट की स्थापना से उनकी स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सर्जरी की आवश्यकता वाले तपेदिक से पीड़ित रोगियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए रोबोटिक सर्जरी उन्हें सही देखभाल प्रदान करने में सहायक होगी। देश के अंतिम छोर तक सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना हमारा लक्ष्य है और एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि दुनिया में निर्धारित 10 में से 4 दवाएं भारत में बनी जेनेरिक दवाएं हैं। जन औषधि दवाएं सीजीएचएस कल्याण केंद्रों में भी प्रदान की जाती हैं। भारत में 1.6 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित हैं, प्रत्येक 10,000 लोगों पर 1 आरोग्य मंदिर जनता को समग्र उपचार प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार, मंत्री डॉ. मीनाक्षी लेखी, सांसद रमेश बिधूड़ी के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ. मनस्वी कुमार, निदेशक डॉ. मनोज जैन और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### इंजीनियर जय किशोर की अग्रिम बेल हाईकोर्ट में रद्द

**रांची।** खूंटी जिला में हुए मनरेगा घोटाला के जरिए अर्जित किए गए पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी तत्कालीन इंजीनियर जय किशोर चौधरी को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। शुक्रवार को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस सुनने के बाद हाईकोर्ट ने जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। जय किशोर चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी निचली अदालत खारिज कर चुका है। दरअसल मनरेगा घोटाला मामले में ईडी ने कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की है। उसमें जय किशोर चौधरी का भी नाम शामिल है। ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने जय किशोर चौधरी के खिलाफ समन जारी किया था।

### मुफ्ती नजरे तौहीद बने अमीर ए शरीयत

**रांची।** झारखंड मोमिनीन अधिकार मंच और लोक सेवा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, अताउल, मकसूद आलम, हाफिज अनस सहित कई लोगों ने कहा है कि मुफ्ती नजरे तौहीद से बेहतर झारखंड के अमीर ए शरीयत नहीं हो सकता था। इनकी काबिलियत को हम सब सलाम करते हैं और दिल से आमिर ए शरीयत बनने पर बधाई देते है। मुफ्ती नजरे तौहीद झारखंड के अमीर ए शरीयत बने। जिनके लिए सभी लोगों ने मुबारकबाद दिये है। मो नौशाद ने कहा कि एक प्रोग्राम कर इनका स्वागत किया जाएगा।

### उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर को हाईकोर्ट से राहत

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी उषा मार्टिन के एमडी राजीव झंवर की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई तक उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। इससे पहले 9 अक्टूबर को रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट ने राजीव झंवर को राहत नहीं देते हुए उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद राजीव झंवर ने ईडी कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपए से जुड़े आयरन ओर के केस में चार्जशीट दायर कर दी है। उषा मार्टिन ग्रुप और उसकेअधिकारियों के खिलाफ आयरन ओर की खदान में गड़बड़ी करने को लेकर शुरुआत में सीबीआई ने केस दर्ज किया था। जिसे टेकओवर करते हुए दो अक्टूबर 2021 को ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह केस घाटकुरी माइंस में लीज से ज्यादा आयरन ओर के खनन से जुड़ा हुआ है। इसी मामले में उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद कुमार फतेपुरिया समेत अन्य लोग आरोपी हैं। इससे पहले राजीव झंवर ने ट्रायल कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द होने पर छात्रों का गुस्सा फूटा, आयोग का घेराव

## नाराज युवक ने पेट्रोल डाल कर की आत्महत्या की कोशिश, पुलिस ने रोका

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जेएसएससी द्वारा बार बार नियुक्ति परीक्षा का विज्ञापन निकालने और फिर स्थगित करने के रवैये से राज्य के छात्रों में आक्रोश है। रविवार से शुरू होने वाले जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर रद्द किये जाने से आक्रोशित सैकड़ों छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया। छात्रों ने जेएसएससी व सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एक छात्र ने अपने शरीर पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन मौके तैनात पुलिस के जवानों ने उस छात्र को पकड़ लिया। जिससे हादसा टल गया। छात्रों का कहना है कि इस छात्र महाआंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता है कि यह विशुद्ध रूप से छात्रों का आन्दोलन है। इसमें नेता या छात्र नेता की कोई भूमिका नहीं है। आन्दोलन 1942 की भारत छोड़ो आन्दोलन के तर्ज पर छात्रों का स्वतःस्फूर्त आन्दोलन है। इसमें अंग्रजों भारत छोड़ो की तरह ही हेमंत कुर्सी छोड़ो के नारा दिया गया।

धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कहा कि हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के युवाओं को दो वर्ष के अंदर पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। समय-समय पर युवाओं द्वारा नौकरी की मांग उठने लगी। छात्रों के दबाव को देखते हुए हेमंत सरकार ने आनन-फानन में 2021 को नियुक्ति वर्ष घोषित कर दिया। जो पूरी तरह असफल रहा। छात्रों द्वारा जब भी नियुक्ति की मांग की गई सरकार एक महीने में 20 हजार, दो महीने में 30 हजार नियुक्ति करने की बात करती रही और आश्वासन पर आश्वासन देकर चार वर्ष गुजार दी। बहुत से छात्र नेता इन मुद्दों को भंजा कर नेता बन गये। लेकिन छात्रों की मुद्दे जस के तस है। उसकी भविष्य अंधकारमय होती चली गई।

### जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय

छात्रों का आरोप है कि जेपीएससी व जेएसएससी पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। समय पर कोई परीक्षा नहीं ले रही है। कोई परीक्षा होती भी है तो विवादित हो जाती है और अंत में रद्द कर दी जाती है। परीक्षा के इंतजार में लाखों छात्र की उम्र खत्म हो रही है या हो गई है।

### वर्ष 2016 से कई बार रद्द की जा चुकी है परीक्षा

पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल जो वास्तव में 2016 की वैकेंसी है, वह कई बार रद्द हो चुकी है। 16 एवं 17 दिसंबर को परीक्षा होने वाली थी। परीक्षा से कुछ दिन पहले आयोग ने परीक्षा लेने में असमर्थता जताई और परीक्षा स्थगित कर दिया। जिससे आक्रोशित हजारों छात्रों ने 15 दिसंबर को कार्यालय घेराव की रणनीति बनाई और शुक्रवार को कार्यालय की घेराबंदी की। छात्रों ने जेएसएससी की सभी परीक्षा अविलंब व पारदर्शी तरीके से करने की मांग की।

### घेराव में ये छात्र रहे शामिल

जेएसएससी कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश ओझा, विशाल पाल, प्रकाश पोद्दार, काजल मंडल, कुणाल प्रताप, सत्यनारायण शुक्ला, विनय मेहता, अरुण अग्रवाल, भारती खुशवाहा, अनुज शंकर, इमाम सफी, अनिल मिश्र, संजय तिवारी, पवन झा, स्मृति ऐश्वर्या, राजा दास, रामशरण सहित अन्य छात्र व अभ्यर्थी शामिल थे।

## कॉलेजों में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**रांची।** कुलप्रकाश मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी में मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र में मतदान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में शिक्षित करना है। साथ ही युवाओं को मतदान की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सारी जानकारी देने के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहाँ विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया एवं कई आवश्यक जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम के अंत में कुछ विद्यार्थियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। इसके बाद कॉलेज की अध्यापिका शशि तिर्की ने विद्यार्थियों को अपने सबसे बड़े अधिकार अपने मत का इस्तेमाल करने की अपील की।

## 24 की डीलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को रांची में आयोजित डीलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग की है। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम को पत्र देकर यह मांग की गयी। शुक्रवार को फ्रंट का एक प्रतिनिधिमंडल आलम के आवास पर मिलकर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 दिसंबर को ईसाई और मुसलमानों को लक्ष्य करते हुए भाजपा नेता कड़िया मुंडा द्वारा मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि 24-25 दिसंबर को ईसाई समुदाय का मुख्य त्यौहार है, जो पूरी दुनिया में मनाया जाता है। 24 को ही रैली में लाखों लोगों के शामिल होने की बात कही गई है। इससे ईसाई समुदाय में आक्रोश है। हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के त्योहारों में सरकार व प्रशासन शांति और उल्लास के साथ त्यौहार मनाने के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता आया है। रैली में ईसाई और मुस्लिम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को जनजाति कोटे से बाहर करने और उनका आरक्षण रद्द करने की मांग की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में प्रवीण कच्छप, कुलभूषण डुंगडुंग, अजीत बाखला, अलेक्स लकड़ा समीर हेंब्रम आदि शामिल थे।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय समन्वयक बने डॉ विवेक



**रांची।** डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया ने डॉ विवेक कुमार को नेशनल लोक हेल्थ प्रोग्राम इंडियन डेंटल एसोसिएशन का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया। इस पर डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि समर्पित दांत पेशेवरों की संयुक्त सदस्यता के साथ वर्ल्ड लेवल पर सबसे बड़े पेशेवर दंत चिकित्सा निकायों में से एक है। इंडियन डेंटल काउंसिल के प्रति सराहनीय व उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ विवेक कुमार को नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ विवेक कुमार ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य से लेकर झारखंड राज्य के अध्यक्ष के साथ देशभर में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य रहे है। डॉ विवेक कुमार डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के लिए पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण कार्य कर चुके हैं।

# जीइएल चर्च में फादर गोस्सनर की 250 वीं जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जीइएल चर्च में जर्मन मिशनरी फादर गोस्सनर की 250 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सुबह जीइएल चर्च में धन्यवादी आराधना का आयोजन हुआ। आराधना का संचालन और उपदेश रेव्ह नीरल बागे ने किया। उन्होंने फादर गोस्सनर के झारखंड की कलीसिया की शुरूआत और योगदान पर चर्चा किया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा गोस्सनर कंपाउंड स्थित मॉडरेटर बंगला के पास से निकलकर जीइएल चर्च होते हुए मीडिल स्कूल मैदान में पहुंचकर खत्म हो गयी। इसके बाद गोस्सनर मीडिल स्कूल मैदान में ही क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट डायसिस के बिशप मार्शल करकेट्टा ने सभी को शुभकामनाएं दीं। जीइएल चर्च के माडरेटर जोहन डांग, बिशप लोलस मिंज, बिशप पारादिस, बिलुंग महासचिव ए कंडुलना उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि बिशप मार्शल केरकेट्टा ने कहा कि यह फादर गोस्सनर का दर्शन था कि उन्होंने चार प्रारंभिक मिशनरियों को झारखंड में भेजा। वे मिशनरी रांची के उस स्थान पर ठहरे जिसे हम बेथेसदा के नाम से जानते हैं। इससे पूर्व प्रार्थना बिशप लोलस मिंज के नेतृत्व में की गयी। मौके पर बेथेसदा प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एलिजाबेथ गर्ल्स स्कूल, बेथेसदा गर्ल्स स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों ने क्रिसमस कैरोल, गीत व जन्मपर्व पर आधारित नाटकों का मंचन किया।

# गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में टायर कारोबारियों ने बंद रखी दुकानें

### पुलिस से हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार करने और कारोबारियों के लिए सुरक्षा की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अपराधियों की गोलियों से घायल टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की रिम्स में गुरुवार को मौत हो गयी। गोपाल की हत्या को लेकर शहर के टायर कारोबारी आक्रोश में है। मौत के बाद शुक्रवार को अपर बाजार स्थित सभी टायर की दुकानों को कारोबारियों ने खुद ही बंद कर दीं। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की हत्या के विरोध में राजधानी की सभी टायर दुकानों को बंद कर दिया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को टायर कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। गोपाल की मौत से आक्रोशित टायर डीलर एसोसिएशन के संगठन के अंतर्गत आने वाले सभी दुकानों को स्वतः बंद रहीं। रांची टायर डीलर एसोसिएशन के सेक्रेटरी पंकज जैन ने बताया कि हमारे साथी गोपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके विरोध स्वरूप हमने अपनी सारी दुकानें बंद रखी हैं। इसके साथ ही प्रशासन से यह मांग की गई है कि जल्द से जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। कोतवाली थाना के ठीक सामने वंश इंटरप्राइजेज नाम की टायर की दुकान मारे गए कारोबारी गोपाल श्रीवास्तव की थी। गोपाल के हथियारों का अब तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पाई है। यही वजह है कि कारोबारी इस मामले को लेकर बेहद आक्रोशित हैं।

### अब तक पुलिस को नहीं मिला सुराग

गोपाल श्रीवास्तव को गोली वालों के बारे में जानकारी जुटाने में पुलिस जुटी हुई है। लेकिन अब तक इस मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लग पायी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पुरानी दुश्मनी के कारण ही हत्या की घटना को अंजाम देने की बात सामने आयी है। पुलिस को अपने जांच में यह पता चला है कि गोपाल का एक युवक के साथ कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। पुलिस को आशंका है कि उसी युवक ने गोपाल पर गोली चलायी है। मामले में सुखदेवनगर थाना में गोपाल की पत्नी के बयान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी।

## हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय ने छात्र-छात्राओं के बीच बांटे पुरस्कार

# जेवीएम श्यामली के 321 प्रतिभावान छात्रों को किया गया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** छात्रों की उपलब्धियों को सम्मानित करने एवं उनमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने उद्देश्य से जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में उच्च माध्यमिक छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, विद्यालय गान व स्वागत गान से किया गया। समारोह में शैक्षणिक विषयों में विषयवार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 62 छात्रों, लघुनाटिका, गायन, वादन, संगीत, वाद-विवाद एवं काव्य-पाठ में सफल होने वाले 111 छात्रों को सम्मानित कियागया। इसके साथ ही विज्ञान सह कला प्रदर्शनी 'अभिज्ञान-2023' में अपने मॉडलों एवं मेधा से अर्चभित करने वाले 101 छात्रों, छात्र परिषद के 44 छात्रों एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल 3 छात्रों को मंच पर मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि हजारीबाग की डीसी श्रीमती नैंसी सहाय जिन्होंने 2007 में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली से बारहवीं की कक्षा पास की थी और वर्तमान में हजारीबाग जिले में उपायुक्त के रूप में सेवारत हैं। प्राचार्य समरजीत जाना ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय का उदीयमान सितारा और छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण प्रेरणा का स्रोत बताया। वहीं श्रीमती नैंसी सहाय ने अपने विद्यालय में बिताए यादगार पलों को साझा करते हुए पसंदीदा गीत गाया और बताया कि मेरे भाई, मेरे पति और परिवार के कई लोग इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की है। विद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष अमित रॉय ने धन्यवाद किया। इस मौके पर उपप्राचार्य एसके झा, बीएन झा, संजय कुमार, ट्रेनिंग नोडल अधिकारी एलएन पटनायक, प्रभाग प्रभारी अनुपमा श्रीवास्तव, शैलेश्वर झा और अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**ऐसा कोई घर नहीं जहां न...**

हमने लम्बी लड़ाइयां जीती हैं। कोरोना संक्रमण काल में गांव की महिलाओं ने सरकार को बड़ी मजबूती के साथ सहयोग दिया है। इस महामारी में उन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर निःशुल्क भोजन कराया था। मुझे इस बात का दुःख होता है कि कई महिलाएं हाट-बाजार में हड़िया-दारू बेचने का कार्य करती हैं, इससे हमारा समाज पीछे जाएगा और कुछ लोगों ने इसे सुनियोजित व्यापार का माध्यम बना लिया है। मैं उन महिलाओं से कहना चाहूंगा कि राज्य सरकार आपके लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना लेकर आयी है। अब आप अपने माथे पर जो हड़िया-दारू नहीं, बल्कि सरकार की योजना लेकर चलिए फिर देखिएगा आप और समाज कितने मान-सम्मान के साथ आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, झारखण्ड की बेटियां खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। जिला स्तर पर एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाने का कार्य आपकी सरकार ने किया है। हमने नई खेल नीति बनाई है। अब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। आने वाले समय में खिलाड़ियों को नौकरी में भी हिस्सा देने का विचार कर रहें हैं। हम बेटियों को और मजबूती प्रदान कर सकें। महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड में जिस प्रकार किया गया यह ऐतिहासिक आयोजन था। हमें नहीं लगता है कि इस तरह का आयोजन देश के किसी भी राज्य में किया गया हो। आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन झारखंड में होंगे यह राज्य सरकार का प्रयास है।

**पीएलएफआई के खिलाफ झारखंड सहित चार...**

दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिले के निवेश कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे। वे सुरक्षा बलों पर हमले, हत्या, आगजनी सहित विभिन्न उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश भी रच रहे थे। साथ ही समाज में आतंक पैदा करने के लिए विस्फोटक का उपयोग कर रहे थे। यह भी पता चला है कि झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और अन्य पीएलएफआई प्रभावित राज्यों में संगठन को पुनर्जीवित और विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा था।

**बोकारो में बनेगा 500 बेड का...**

चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए राज्यांश की सहमति। सूचना एवं ई गवर्नेंस के लिए राशि स्वीकृत कर दी गयी। वित्त विभाग में नियोजन पदाधिकारी के ग्रेड पे और वेतनमान संशोधन को मंजूरी दी गयी। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी में भवन निर्माण और अन्य कार्य के लिए 77 करोड़ 72 लाख की स्वीकृति के साथ झारखंड राज्य सिविल सर्विस परीक्षा नियमावली में आंशिक संशोधन सहित कुल 23 प्रस्तावों को कैबिनेट में मंजूरी मिली।

**राजस्थान के 14वें सीएम बने...**

वाले पहले मुख्यमंत्री है। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने सचिवालय जाकर पदभार ग्रहण किया। राजस्थान में नई सरकार की ताजपोशी के अवसर पर अल्बर्ट हॉल में एंट्री को लेकर हंगामा हो गया। कई लोग बेरिकेड्स पर गिरे और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। शपथ समारोह में भाग लेने के लिए मप्र के सीएम मोहन यादव, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे सहित कई वरिष्ठ नेता जयपुर पहुंचे। शपथ समारोह में शामिल होने के लिए जगदगुरु रामभद्राचार्य समेत देश के कई प्रमुख संत भी जयपुर पहुंचे। समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रहलाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, हरदीप सिंह पुरी, अनुराग ठाकुर, अर्जुनराम मेघवाल, नित्यानंद राय, एसपी सिंह बघेल, मनसुख मांडविया शामिल हुए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, गुजरात के भूपेन्द्रभाई पटेल, हरियाणा के मनोहर लाल खट्टर, मध्यप्रदेश के मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, गोवा के प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के माणिक साहा और मणिपुर के एन बीरेन सिंह, उत्तर प्रदेश के केशव प्रसाद मौर्या व ब्रजेश पाठक, अरुणाचल प्रदेश के चौना मीन, महाराष्ट्र के देवेंद्र फड़नवीस और नगालैंड के यान्थुंगो शामिल हुए।

**हाई कोर्ट में भी हुई धोनी की जीत...**

आदि के खिलाफ मामला सुनने के निवेदन किया था। इसे मद्रास हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। साल 2013 के आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग में धोनी की संलिप्तता के दुर्भावनापूर्ण बयानों के कारण केस दर्ज किया गया था। धोनी ने अपने खिलाफ अपमानजनक बयान प्रसारित नहीं करने की मांग की थी। इसमें संपत कुमार भी थे। इससे पहले कोर्ट ने उस मीडिया हाउस, संपत कुमार और अन्य लोगों को धोनी के खिलाफ बयानबाजी नहीं करने के लिए कहा था। कोर्ट ने इस पर रोक लगाने का फैसला दिया था।

**पीएम मोदी 15 को वाराणसी में...**

अब बीआईएस का मुख्य केंद्र बनेगा। 'यह दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्रों में से एक होगा, जिसकी सात मंजिलों पर एक समय में 10,000 ध्यान अभ्यासकर्ताओं की क्षमता होगी। उन्होंने कहा, "आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान के संतुलन के साथ वास्तुकला का चमत्कार 125 पंखुड़ियों वाले कमल के गुंबद वाले मंदिर की इमारत में दिखता है।" मंदिर का हर कोना लोगों को सद्गुरु के स्वर्वेद दर्शन का अहसास कराएगा क्योंकि इसके 3,137 श्लोक मंदिर में मकराना की संगमरमर की दीवारों पर उकेरे गए हैं। मंदिर की पहली मंजिल पर उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, विज्ञानदेव ने कहा कि ये काम लगभग 20 वर्षों में परियोजना के पहले चरण में पूरा किया गया था। इसके दूसरे चरण में, मंदिर के पास सद्गुरु की 135 फीट ऊंची प्रतिमा (स्टैच्यू ऑफ स्पिरिचुअलिटी) स्थापित की जाएगी।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57.750

चांदी (किलो) 78.500

## एक नजर

### रिटायर होगी धोनी की जर्सी : बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में संन्यास लेने के तीन साल बाद पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिष्ठित नंबर 7 जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। यह कदम भारतीय क्रिकेट में धोनी की विरासत के सम्मान का प्रतीक है, जो उनके संन्यास के साथ एक युग के अंत का प्रतीक होगा। यह एक संकेत है जो खेल पर उनके विशाल प्रभाव को स्वीकार करता है। साथ ही यह सुनिश्चित करता है कि उनका जर्सी नंबर हमेशा मैदान पर उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और नेतृत्व के साथ जुड़ा रहेगा। पूर्व कप्तान ने नंबर 7 पर रहते हुए भारत को सफेद गेंद में तीनों आईसीसी खिताब टी20 विश्व कप 2007, वनडे विश्व कप 2011 और चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीताया।सचिन तेंदुलकर इस तरह का सम्मान पाने वाले एकमात्र अन्य क्रिकेटर थे।

### शमी के द.अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलने पर सस्पेंस

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का टखने की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में खेलना अनिश्चित है। 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम की घोषणा करते हुए शमी को टेस्ट सीरीज के लिए शामिल किया गया था, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि शमी फिलहाल मेडिकल ट्रीटमेंट से गुजर रहे हैं और उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है। गुरुवार को क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया कि शमी टेस्ट के लिए चुने गए बाकी खिलाड़ियों के साथ दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे। इसमें बताया गया है, ₹कप्तान रोहित शर्मा सहित खिलाड़ियों का आखिरी जत्था शुक्रवार (15 दिसंबर) को जोहान्सबर्ग के लिए रवाना होने वाला है, लेकिन 33 वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज उनमें शामिल नहीं होंगे।


### दीप्ति के पहले पंजे ने इंग्लैंड को 136 रन पर समेटा

**मुंबई।** दीप्ति शर्मा ने पहली बार पांच विकेट (7 रन देकर 5 विकेट) लिए और बल्लेबाजों को चकमा दे दिया, जिससे भारत की महिलाओं ने इंग्लैंड की महिलाओं को उनकी पहली पारी में 136 रन पर समेटकर चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट में दबदबा बना लिया। भारत, जिसने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए, ने 292 रनों की बढ़त हासिल की और फॉलो-ऑन के लिए मजबूर करने के बजाय बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दीप्ति शर्मा, जो सुबह 67 रन पर आउट हो गईं, जब भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए, अपने रात्रि स्कोर में 18 रन जोड़कर, 5.2-4-7-5 के आंकड़े के साथ समाप्त हुई, उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन उनके तीसरे टेस्ट में आया। जिस पिच पर कुछ गेंदें थोड़ी नीची रहती थीं, उस पर कभी-कभी तेज मोड़ लेने के लिए गति में कटौती करते हुए, दीप्ति ने अपनी गेंदों को उछाला, एक अच्छा लूप बनाया और बल्लेबाजों को अनुमान लगाने के लिए उन्हें सीधे गेंदों के साथ मिलाया।

# महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर आइपीएस अधिकारी को हुई जेल,

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार पुलिस अधिकारी को सजा सुना दी है। धोनी ने अधिकारी के खिलाफ कोर्ट की आवमानना से जुड़ी याचिका दाखिल की थी। दरअसल, यह मामला इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों से जुड़ा हुआ है। इससे पहले भी धोनी मानहानि का मुकदमा दाखिल कर चुके हैं। धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करते हैं। शुक्रवार को जस्टिस एसएस सुंदर और जस्टिस सुंदर मोहन की बेंच ने भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी संपत कुमार को 15 दिन कैद की सजा सुनाई है। इससे पहले धोनी ने उच्च न्यायालय में जी मीडिया, कुमार और अन्य के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाए थे कि ये दुर्भावनापूर्ण बयान और ऐसी रिपोर्ट जारी कर रहे हैं, जिसमे दावा किया जा रहा है कि वह 2013 में आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग में शामिल थे। न्यायमूर्ति सुंदर और न्यायमूर्ति मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने मांग की थी कि कुमार और अन्य प्रतिवादियों को इस मामले में उनके खिलाफ गलत बयान जारी करने या प्रकाशित करने से रोका जाए। खास बात है कि कुमार ने ही आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले की जांच की थी। हाईकोर्ट ने भी जी, कुमार और अन्य को धोनी के खिलाफ मानहानि के बयान देने से रोक दिया था।



### अब क्या हुआ

इसके बाद जी और अन्य की तरफ से लिखित बयान दिए गए। ये बयान मानहानि के मुकदमे के जवाब में दिए गए थे। अब इन बयानों के बाद धोनी की ओर से आवेदन दिया गया कि कुमार ने अपने लिखित जवाबों में उनके खिलाफ मानहानि के बयान दिए हैं। साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई की मांग की।

# कभी नहीं सोचा था कि मैं 5 विकेट लूंगा : कुलदीप यादव

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

भारत के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने गुरुवार रात वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 मैच में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 5-17 विकेट लेने का शानदार प्रदर्शन किया। भारत द्वारा 106 रन की बड़ी जीत के बाद सीरीज 1-1 से बराबर होने के बाद, कुलदीप ने कहा कि उनका लक्ष्य टीम को जीत दिलाना है और वह इसमें योगदान देकर खुश हैं। ह्ययह एक विशेष दिन था। कभी नहीं सोचा था कि मैं (इस मैच में) पांच विकेट लूंगा। मैं बस यही चाहता था कि टीम मैच जीते और मैं योगदान देकर खुश हूं, जो अधिक महत्वपूर्ण है।



उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "मैं अपनी लय को लेकर थोड़ा चिंतित था क्योंकि मैं कुछ देर बाद गेंदबाजी कर रहा था। यह एक आदर्श दिन था, गेंद अच्छी तरह से हाथ से निकल रही थी, स्थिति भी स्पिनरों के लिए अनुकूल थी। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका में छह वनडे और दो टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें कुल 23 विकेट मिले हैं। टी20 में अपना दूसरा पांच विकेट लेने के बाद, उन्हें लगा कि देश में विकेट स्पिनरों के लिए अधिक अनुकूल हैं। ईमानदारी से कहूं तो दक्षिण अफ्रीका में विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छे हैं। इन विकेटों की अच्छी बात यह है कि गेंद पिच करने के बाद बहुत तेजी से आती है।

## एसएलसी ने सनथ जयसूर्या को 'क्रिकेट सलाहकार' नियुक्त किया

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने महान बल्लेबाज और पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या को एक साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार नियुक्त करने की घोषणा की है। 54 वर्षीय खिलाड़ी तुरंत अपनी नई भूमिका संभालेंगे और आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हाई परफॉर्मेंस सेंटर में काम करेंगे। जयसूर्या, जिन्होंने 1996 में घरेलू धरती पर श्रीलंका को एकमात्र आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप खिताब दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी, द्वीप राष्ट्र के क्रिकेट कार्यक्रम के भीतर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे। एसएलसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, ₹इस भूमिका के तहत, जयसूर्या यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि एसएलसी राष्ट्रीय कार्यक्रम व्यावसायिकता का इष्टतम स्तर हासिल करें और उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए सभी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की निगरानी की जाए।चल रहे खिलाड़ी विकास योजना के अनुरूप व्यक्तिगत कौशल विकास रणनीतियों के कार्यान्वयन और एसएलसी के एथलीट प्रबंधन के साथ संरेखित सभी खिलाड़ी रिपोर्टिंग के अनुपालन की देखरेख करेंगे।

## भारत महिला क्रिकेट टेस्ट मैच में एक दिन में 400 से अधिक रन बनाने वाली दूसरी टीम बनी

**मुंबई।** महिला क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 7 विकेट पर 410 रन बनाए। भारत एक दिन में 400 से अधिक रन बनाने वाली महिला टेस्ट में दूसरी टीम बन गई है। इससे पहले इंग्लैंड ने एक ही दिन में चार सौ रन बनाए थे। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। दोनों टीम चार दिन के टेस्ट मैच में विजय हासिल करना चाहती हैं। इंग्लैंड ने 2014 में टेस्ट मैच में जीत हासिल की थी जिसके बाद उसे कोई विजय नहीं मिली।

# खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 31 स्वर्ण, 84 पदकों के साथ शीर्ष पर

**एजेंसी। हरियाणा**

हरियाणा के प्रणव सूरमा ने एफ-51 वर्ग के पुरुषों के क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर अपने एशिया पैरा खेलों के आंकडों को बेहतर किया। बुधवार को खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 के मुख्य आकर्षण में, हरियाणा के इस खिलाड़ी ने नई दिल्?ली में 33 दशमलव 54 मीटर दूर तक थ्रो किया। भारत के धरमबीर ने अब तक 31 दशमलव 09 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। जिस स्पर्धा में सूरमा ने स्वर्ण पदक जीता, उसी में उत्तर प्रदेश के राम रतन सिंह ने 25 दशमलव 43 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और तमिलनाडु के अलेक्जेंडर एम ने 25 दशमलव 28 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। शूटिंग में पदक राउंड डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू हो गए हैं। एसएच2 श्रेणी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले अनुभवी स्टार विजय सिंह कुंतल ने 618 दशमलव 3 के कुल स्कोर के साथ 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। पैरा नेशनल्स में पहले सीमा सुरक्षा बल के लिए पदक जीतने वाले विजय के बाद तेलंगाना के सत्य जनार्दन श्रीधर रायला ने 607 दशमलव 5 के स्कोर के साथ रजत और पंजाब के दलबीर सिंह ने 604 दशमलव 3 के साथ कांस्य पदक जीता। कल तीन और स्वर्ण पदकों का फैसला हुआ। राजस्थान की मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग वूमेन एसएच-1 में 619 दशमलव 7 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की सिमरन शर्मा ने 606 दशमलव 5 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया।

## पहलवान अंतिम पंघाल उभरती हुई महिला स्टार नामित

**हरियाणा ।** कुश्ती के विश्व शासी निकाय यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल को वर्ष 2023 की उभरती हुई महिला स्टार नामित किया है। 53 किग्रा भार वर्ग की 19 वर्षीय पहलवान पंघाल का यह सीजन अच्छा रहा है। हरियाणा की वे ऐसी भारतीय पहलवान हैं जो दो बार जूनियर विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। अंतिम पंघाल ने अपने सीजन की शुरूआत कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक के साथ की। फाइनल में, वे जापान की अकारी फुजिनामी से हार गईं, जिन्होंने अभी तक अपने करियर में कोई सीनियर मुकाबला नहीं हारा।

# मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन कई रोमांचक मुकाबले

**एजेंसी। रांची**

रांची पर्यटन कला , संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय रांची जिला पुरुष -महिला मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंदिर मैदान, मोरहाबादी में महिला वर्ग में अनगड़ा प्रखंड ने बूड़मू प्रखण्ड को 2-0 से हराकर विजेता बनी।सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने दूसरे दिन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। तत्पश्चात बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में पुरुष वर्ग में कांके प्रखण्ड ने मांडर प्रखंड को 1-0 से हराया। एक अन्य मैच में बुन्डू प्रखंड ने राहे प्रखंड को 2-0 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। जबकि पूरे प्रतियोगिता का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा एवं फुटबॉल प्रशिक्षक शाहिद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।



## व्यापार

# इस साल रियल्टी शेयरों में रही सबसे ज्यादा तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा म्यूचुअल फंड की एक रिपोर्ट के अनुसार, 23 नवंबर को समाप्त एक साल में रियल्टी (59 प्रतिशत) और ऑटो (33 प्रतिशत) सेक्टरों ने सबसे अधिक लाभ कमाया, जबकि बैंक (तीन प्रतिशत) का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर में सभी प्रमुख क्षेत्रों में बढ़त रही। इस महीने रियल्टी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। मिड-कैप और स्मॉल कैप इंडेक्स ने एक महीने और एक साल की अवधि में लार्ज कैप इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन जारी रखा है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपेक्षित आय 15.0 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15.8 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 12 महीनों में निफ्टी 50 (7.33 फीसदी) ने एमएससीआई ईएम इंडेक्स (4.65 फीसदी) से बेहतर प्रदर्शन किया है। पी/ई के संदर्भ में, निफ्टी 50 एमएससीआई ईएम इंडेक्स के मुकाबले 69 फीसदी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है, जो इसके ऐतिहासिक औसत 48 फीसदी से ऊपर है। हालाँकि, प्रीमियम लगभग 12 महीने पहले के 80-85 प्रतिशत के शिखर से कम हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिर मैक्रोज व्यापक आय वृद्धि और मजबूत बैंकिंग/कॉर्पोरेट क्षेत्र की स्थिति प्रीमियम को बढ़ा रही है। हाल के राज्य चुनाव परिणामों के बाद चुनावी आयोजन से जोखिम कम हो गया है।



### एसबीआई ने कर्ज पर ब्याज दर बढ़ाई

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी ब्याज दर 10.10 फीसदी से बढ़ाकर 10.25 फीसदी कर दी है, जिससे होम, ऑटो और पर्सनल लोन की ईएमआई बढ़ने की संभावना है। देश के अग्रणी बैंक की उधार दर की सीमांत लागत (एमसीएलआर) में वृद्धि अब 8 प्रतिशत से 8.85 प्रतिशत के बीच है। ओवरनाइट एमसीएलआर दर 8 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जबकि एक महीने और तीन महीने की अवधि के लिए दरें 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 8.20 प्रतिशत कर दी गई हैं। बैंकिंग सेक्टर में एसबीआई अग्रणी बैंक है। इसलिए संभावना है कि अन्य बैंक भी इसका अनुसरण करेंगे और ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

## हीरो मोटोकॉर्प ने 140 करोड़ रुपये में अतिरिक्त 3 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता एथर एनर्जी में लगभग 140 करोड़ रुपये में 3 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल कर ली है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने एथर एनर्जी के मौजूदा शेयरधारकों से अतिरिक्त शेयरों की खरीद के माध्यम से निवेश किया। एथर एनर्जी में अब हीरो मोटोकॉर्प की 39.7 फीसदी हिस्सेदारी है। सितंबर में एथर ने राइट्स इश्यू के जरिए हीरो मोटोकॉर्प और वैश्विक निवेश फर्म जीआईसी से 900 करोड़ रुपये जुटाए थे। और उसकी 2024 के अंत या 2025 की शुरूआत में सूचीबद्ध होने की योजना है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल वार्षिक वित्तीय विवरण के अनुसार, ईवी स्टार्टअप ने वित्त वर्ष 2013 में 864.5 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2012 में 344.1 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

# अगले साल से 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी डिजी यात्रा सुविधा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2024 में 25 और हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में घरेलू यात्रियों के लिए यह सुविधा 13 हवाई अड्डों पर उपलब्ध है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। सिंधिया ने कहा कि डिजी यात्रा पहले चरण में 14 हवाई अड्डों पर और अगले साल दूसरे चरण में 11 हवाई अड्डों पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 के अंत तक डिजी यात्रा सुविध 25 और हवाई अड्डों पर उपलब्ध होगी। इससे डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। हवाई अड्डों पर भीड़-भाड़ से निपटने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पिछले साल की तुलना में जनशक्ति, एक्स-रे मशीनें, प्रस्थान प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर और आव्रजन काउंटर बढ़ाए गए हैं। गौरतलब है कि डिजी यात्रा फेशियल रिकगनाइजेशन टेक्नोलॉजी (एफआरटी) के जरिए हवाई अड्डों पर विभिन्न जांच बिंदुओं पर यात्रियों की संपर्क रहित व निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करती है।




**डिजी यात्रा सुविधा वाले हवाई अड्डों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी**

## प्रदूषण कम करने की दिशा में बड़ा कदम

# 2026 में दुनियां में कोयले की मांग में गिरावट की उम्मीद: आईईए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की वार्षिक कोयला बाजार रिपोर्ट के नवीनतम संस्करण में शुक्रवार को कहा गया है कि इस साल अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद, 2026 में वैश्विक कोयले की मांग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आने की उम्मीद है। पहली बार रिपोर्ट में पूवार्नुमानित अवधि के दौरान वैश्विक कोयले की खपत में गिरावट की भविष्यवाणी की गई है। 2023 में कोयले की वैश्विक मांग 1.4 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 8.5 बिलियन टन से अधिक हो गई है। 2023 में अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में उपभोग में तेजी से गिरावट आने वाली है, इसमें यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका में लगभग 20 प्रतिशत की रिकॉर्ड गिरावट भी शामिल है। इस बीच, उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, बिजली की बढ़ती मांग



और कमजोर जलविद्युत उत्पादन के कारण 2023 में भारत में आठ प्रतिशत और चीन में पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी। हालांकि, रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि मजबूत स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु नीतियों की घोषणा और कार्यान्वयन करने वाली सरकारों की अनुपस्थिति में भी, 2023 के स्तर की तुलना में 2026 तक वैश्विक कोयले की मांग में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आएगी।यह गिरावट 2026 तक तीन वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के विस्तार से प्रेरित होगी। इस वैश्विक नवीकरणीय क्षमता विस्तार का आधे से अधिक हिस्सा चीन में होने वाला है, जो वर्तमान में कोयले की दुनिया की आधे से अधिक मांग के लिए जिम्मेदार है। परिणामस्वरूप, चीनी कोयले की मांग 2024 में गिरने और 2026 तक स्थिर रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, स्वच्छ ऊर्जा तैनाती की गति, मौसम की स्थिति और संरचनात्मक बदलावों से आने वाले वर्षों में चीनी अर्थव्यवस्था में कोयले का दृष्टिकोण काफी प्रभावित होगा। कोयले की वैश्विक मांग में अनुमानित गिरावट - जो वर्तमान में बिजली उत्पादन, इस्पात निर्माण और सीमेंट उत्पादन के लिए सबसे बड़ा ऊर्जा स्रोत है, लेकिन मानव गतिविधि से कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत भी है - एक ऐतिहासिक मोड़ को चिह्नित कर सकता है। हालांकि, बाजार रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक वैश्विक खपत 8 बिलियन टन से अधिक रहने का अनुमान है। पेरिस समझौते के लक्ष्यों के अनुरूप उत्सर्जन दर में कमी लाने के लिए, निर्बाध कोयले के उपयोग में काफी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। आईईए के ऊर्जा बाजार और सुरक्षा निदेशक कीसुके सदामोरी ने कहा,"हमने कई बार वैश्विक कोयले की मांग में गिरावट देखी है, लेकिन वे संक्षिप्त थीं और सोवियत संघ के पतन या कोविड-19 संकट जैसी असाधारण घटनाओं के कारण थीं।

## सैटेलाइट्स इंटरनेट नेटवर्क के जाल की तरह काम करेंगे : अमेजन

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन के 'प्रोजेक्ट कुइपर' इंटरनेट सैटेलाइट सिस्टम ने लो-अर्थ ऑर्बिट में ऑप्टिकल नेटवर्क का सफल परीक्षण पूरा कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, "अपने प्रोटोटाइप सैटेलाइट्स के बीच 100 जीबीपीएस ऑप्टिकल लिंक प्रदर्शित करने के बाद, प्रोजेक्ट कुइपर स्पेस में नेटवर्क का जाल बनाने के लिए अपने समूह के प्रत्येक सैटेलाइट पर लेजर लिंक शामिल करेगा। अमेरिकी संघीय संचार आयोग को 2026 तक अमेजन को उस आंकड़े का कम से कम आधा हिस्सा तैनात करने की आवश्यकता है। अक्टूबर में दो प्रोटोटाइप सैटेलाइट्स के सफल प्रक्षेपण और तैनाती के बाद से प्रोजेक्ट कुइपर अपने एंड-टू-एंड कम्युनिकेशन पेलोड और नेटवर्क का व्यापक परीक्षण कर रहा है। पिछले महीने, कंपनी ने पुष्टि की थी कि उसने लॉन्च के 30 दिनों के भीतर सभी प्राथमिकता प्रणालियों और उप-प्रणालियों को मान्य कर दिया है।

# अक्टूबर में ईएसआई योजना के तहत 17 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अस्थायी पेरोल डेटा के अनुसार अक्टूबर में 17.28 लाख नए कर्मचारी ईएसआई योजना के तहत जुड़े हैं। अक्टूबर में करीब 23,468 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। इसके साथ ही इनके कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके अधिक कवरेज सुनिश्चित की गई है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि इस दौरान देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर, 2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं। ये नए पंजीकरणों में बहुतायत हैं, इनकी संख्या कुल कर्मचारियों का 47.76 फीसदी है। मंत्रालय की ओर से जारी पेरोल डेटा के लिंग-वार विश्लेषण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023 में कुल 3.31 लाख महिला सदस्यों का नामांकन हुआ है। डेटा से पता चलता है कि अक्टूबर महीने में कुल 51 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी ईएसआई योजना के तहत पंजीकरण कराया है, जो यह दशार्ता है कि ईएसआईसी अपनी योजना का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ESIC

**2023 के दौरान शामिल किए गए कुल 17.28 लाख कर्मचारियों में से 8.25 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु तक के हैं।**

## अमेजन फैशन के विंटर स्टोर के साथ खुद को फैशनेबल बनाएं

**रांची।** सर्दी के करीब आते ही जैसे-जैसे पारा गिरता जा रहा है, खुद को गर्म रखने और सुकून हासिल करने की इच्छा भी बढ़ती जा रही है। लेकिन ठंड बढ़ने बावजूद, खुद को फैशनेबल और ट्रेंडी बनाए रखना भी बहुत जरूरी है। फैशन एवं ब्यूटी से जुड़ी आपकी सभी जरूरतों का ख्याल रखने के लिए अमेजन फैशन अपने विंटर स्टोर के साथ एक बार फिर आ गया है। इस फैशन स्टोर पर अपैरल, ब्यूटी और सर्दी के मौसम से जुड़े जरूरी प्रोडक्ट के टॉप ब्रांडों को खासतौर पर एक ही स्थान पर पेश किया गया है। आइए अपना 'हर पल फैशनेबल बनाएं' और स्टाइलिश हुडी, स्वेटशर्ट, जैकेट, मफलर, दस्ताने और जूते की एक विस्तृत श्रृंखला में से अपने लिए खास प्रोडक्ट चुनें। इसके साथ ही अपनी त्वचा को विंटर मॉइस्चराइजर आदि के साथ अपना भरपूर प्यार दें।